माघ शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 22 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 28, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

9वें ग्रह के छिपे होने के संकेत आए सामने 16

लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी 15

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

यूपी में कांग्रेस लोकसभा की 17 व समाजवादी पार्टी 62 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : इंडिया गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस व समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच बुधवार को लोकसभा सीटों को लेकर समझौता हो गया। जिसके तहत प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों व सपा 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और सपा के राष्ट्रीय सचिव व मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में यह घोषणा की। देर शाम सपा ने एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर को भी दे दी।

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि देश-संविधान को बचाने व जनता को अन्याय से बचाने को बना इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं-पदाधिकारी मिलकर गठबंधन के साझा उम्मीदवारों को जिताने का कार्य करेंगे। अविनाश पांडेय ने कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव के प्रयास से गठबंधन को मजबूती मिली है। इनके निर्देश पर बनी समिति ने विचार-विमर्श के बाद सीटों को अंतिम रूप दिया। सपा नेता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि देश के हालात बहुत खराब हैं। जनता भाजपा के अन्याय से तंग आ चुकी है। मतदाताओं से गठबंधन के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि गठबंधन भाजपा को हर हाल में सत्ता से बाहर करने का काम करेगा।

नेताओं ने बताया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव 24 या 25 फरवरी को न्याय यात्रा में शामिल होंगे।

संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान सपा प्रदेश अध्यक्ष उत्तम पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

- सपा ने आजाद समाज पार्टी के चन्द्रशेखर को दी एक सीट
- इंडिया गठबंधन में शामिल सपा व कांग्रेस में सीटों पर समझौता

गठबंधन के साथ मिल लड़ेंगे चुनाव : अखिलेश

मुरादाबाद। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेंगे। सीटों को लेकर कोई गतिरोध नहीं है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हो गया और सरकार देखती रही। चंडीगढ़ महापौर पद के चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत कर भाजपा पर बैलेट व लोकतंत्र को लूटने का आरोप मढ़ा। अखिलेश बुधवार को मुरादाबाद में थे। उन्होंने ठाकुरद्वारा से पार्टी के विधायक नवाब जान खान के आवास पर उनके पुत्र व पुत्रवधू को आशीर्वाद दिया।

समझौते के तहत ये सीटें कांग्रेस को मिलीं

सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बताया कि समझौते के तहत कांग्रेस को दी गई 17 लोकसभा सीटों में रायबरेली, अमेठी, कानपुर, फतेहपुर सीकरी, बासगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी व देवरिया शामिल हैं।

गठबंधन में छोटे दलों को भी मिलेगा मौका

कांग्रेस व सपा के नेताओं ने कहा कि कुल 80 सीटों में दोनों दलों की सीटें तय हुई हैं। पर गठबंधन में अगर क्षेत्रीय दल शामिल होते हैं, उन्हें भी मौका दिया जाएगा। इसके लिए विचार-विमर्श के बाद तय किया जाएगा।

मप्र में सपा एक, कांग्रेस सभी सीटों पर लड़ेगी

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा मध्य प्रदेश के खजुराहो सीट से चुनाव लड़ेगी। जबकि बाकी सभी सीटों पर कांग्रेस का समर्थन करेगी। प्रदेश में सपा की ओर से पहले से उम्मीदवार घोषित करने के सवाल पर नेताओं ने कहा कि वर्तमान में हुए समझौते के तहत कांग्रेस को आवंटित सीटों पर सपा उम्मीदवारों के नाम वापस होंगे। उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी कांग्रेस को समर्थन देगी।

एक नजर

बीआरएस नेता को पूछताछ को तलब किया

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाला' मामले में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी और बीआरएस नेता के. कविता को अगले सप्ताह तलब किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कविता को सोमवार को यहां सीबीआई मुख्यालय में जांच टीम के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

विद्या बालन ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने उनके फर्जी इंस्टाग्राम खाते और ई-मेल आईडी का इस्तेमाल करके फिल्म जगत की हस्तियों के साथ धोखाधड़ी किये जाने की शिकायत मुंबई पुलिस से की है। इसके बाद पुलिस ने एक मामला दर्ज कर लिया है। खार पुलिस थाने में सोमवार को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, संबंधित अपराध की जानकारी 16 जनवरी को तब हुई जब फिल्मों से जुड़े एक स्टाइलिस्ट को अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप पर संदेश मिला। संदेश में दावा किया गया था कि इसे विद्या बालन ने भेजा है और वह उनसे (स्टाइलिस्ट) काम के बारे में चर्चा करना चाहती हैं।

बिश्नोई गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लारेंस बिश्नोई गिरोह और उसके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को बुधवार को गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चीकू को पंचकुला में धनशोधन रोकथाम अधिनियम की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया।

किसान की मौत, 12 पुलिसकर्मी घायल

झड़प : किसानों को खदेड़ने के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी

हरियाणा पुलिस ने शंभू और खनौरी सीमाओं पर किसानों को अवरोधकों की ओर बढ़ने से रोकने के लिए बुधवार को उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े। खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत होने के साथ 12 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी देने की मांग कर रहे किसानों ने घोषणा की थी कि वे इस मुद्दे को हल करने के लिए किसानों के साथ चौथे चरण की वार्ता विफल होने के बाद बुधवार सुबह 11 बजे अपना प्रदर्शन फिर से शुरू करेंगे।

कुछ किसानों ने हरियाणा में अंबाला के समीप शंभू में कई चरणों में लगाए अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। थोड़ी देर के विराम के बाद फिर ऐसी ही घटना हुई। शंभू सीमा पर एक ड्रोन भी देखा गया। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में भी ऐसी ही स्थिति देखी गयी।

सरकार ने किसानों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया : केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गौर करते समय देशभर के किसानों के हित को ध्यान में रखा जाना चाहिए और उनसे एक और दौर की वार्ता के लिए आने की अपील की।

शंभू सीमा पर पुलिस द्वारा दागे गए आंसू गैस के गोले के धुएं से बचने के लिए इधर-उधर भागते प्रदर्शनकारी किसान।

- तनाव बढ़ा: दिल्ली कूच के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर हजारों की संख्या में डटे किसान

किसान नेताओं ने दो दिन के लिए स्थगित किया 'दिल्ली चलो' मार्च

चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा सीमा पर दो प्रदर्शन स्थलों में से एक खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत और लगभग 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने बुधवार को 'दिल्ली चलो' मार्च दो दिन के लिए स्थगित कर दिया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि वे शुक्रवार शाम को आगे की रणनीति तय करेंगे। किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि पीड़ित की पहचान पंजाब के बठिंडा जिले के बालोके गांव के निवासी शुभकरण सिंह (21) के रूप में की गई है। पटियाला स्थित राजिंदर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एचएस रेखी ने कहा कि तीन लोगों को खनौरी सीमा से अस्पताल लाया गया था जिनमें से एक की मौत हो चुकी थी। हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि लगभग 12 पुलिसकर्मी उस वक्त घायल हो गए, जब उन पर लाठियों से हमला किया गया और पत्थर फेंके गए।

पुलिस ने सीमाओं की किलेबंदी की

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च फिर से शुरू करने की घोषणा के बाद बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी और सुरक्षाकर्मियों को टीकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमाओं पर कड़ी निगरानी करने का निर्देश दिया है। कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी सुरक्षा बल तैनात करने के बाद दिल्ली-गुरुग्राम, दिल्ली-बहादुरगढ़ और कई अन्य सड़कों पर यातायात बाधित रहा। दिल्ली और हरियाणा के दो सीमा बिंदू-टीकरी और सिंघू को भारी संख्या में पुलिसकर्मियों और अर्द्धसैन्य बलों की तैनाती तथा कई चरणों में कंक्रीट के अवरोधक और लोहे की कीलें लगाकर सील कर दिया गया है। गाजीपुर सीमा को और पुलिसकर्मियों को तैनात कर बंद कर दिया गया है।

किसानों की समस्याओं के निदान को समिति का गठन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

- राजस्व परिषद के अध्यक्ष करेंगे समिति का नेतृत्व

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण से प्रभावित किसानों की समस्याओं का समाधान तलाश करने के लिए बुधवार को तीन अधिकारियों की समिति का गठन किया है।

उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अध्यक्ष के नेतृत्व में यह समिति गौतमबुद्ध नगर के किसानों की समस्याएं सुनेगी। किसानों के साथ बैठकर बातचीत करेगी। इसके बाद समाधान से जुड़े सुझाव राज्य सरकार को देगी। शासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि समिति अधिकतम तीन महीने में रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। समिति में दो सदस्य शामिल किए गए हैं। मेरठ के मंडलायुक्त और गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी इस समिति के सदस्य रहेंगे। शासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी इस समिति का पूरा सहयोग करेंगे।

जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी नहीं रहे

- 42 वर्षों में 50 हजार से ज्यादा कार्यक्रमों में दी आवाज

मुंबई। जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। उनके बेटे राजिल सयानी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सयानी को मंगलवार रात दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। रेडियो सुनने का शौक रखने वाले लोगों के कानों में आज भी सयानी की आवाज 'नमस्कार बहनों और भाइयो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं' गूंजती है। सयानी का यह अभिवादन 1952 से 1988 तक रेडियो सीलोन पर हर बुधवार को अनगिनत घरों में प्रसारित होता था। मुंबई के एक बहुभाषी परिवार में 21 दिसंबर, 1932 को जन्मे सयानी ने 42 वर्षों में 50 हजार से अधिक कार्यक्रमों का संचालन किया और उन्हें अपनी आवाज दी। सयानी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया कि रेडियो पर अमीन सयानी की मखमली आवाज ने हर पीढ़ी के लोगों को अपना बना लिया।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इंटर की परीक्षाएं आज से, निगरानी को एसटीएफ तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

55 लाख से अधिक परीक्षार्थी

8265 केंद्रों पर देंगे परीक्षा

- सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही खुलेंगे प्रश्नपत्र वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया पर कड़ी नजर
- राज्य सरकार ने किए कड़े प्रबंध, पेपर लीक करने की कोशिश करने वाले जाएंगे जेल : दीपक कुमार
- संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था

अमृत विचार : प्रदेश में गुरुवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए राज्य सरकार ने कड़े प्रबंध किए हैं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कुल 55 लाख 25 हजार 308 परीक्षार्थियों के लिए 8265 केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि नकल के लिए बदनाम रहे परीक्षा केंद्रों की निगरानी को एसटीएफ के साथ ही स्थानीय खुफिया इकाई भी नजर रखेगी। पेपर लीक करने की कोशिश करने वालों को जेल भेजा जाएगा। वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया तक अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रहेगी।

लोक भवन में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में दीपक कुमार ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही प्रश्नपत्र खुलेंगे। संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा कुल 12 कार्य दिवसों में संपन्न होगी।

ब्रिटेन की संसद में मनाया जम्मू-कश्मीर संकल्प दिवस

लंदन, एजेंसी। विचारक संस्था 'जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र-यूके' (जेकेएससी) ने ब्रिटेन के संसद भवन परिसर में संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। भारत के केंद्र शासित प्रदेश संबंधी ऐतिहासिक प्रस्ताव को मनाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रिटेन के दोनों दलों के सांसदों ने हिस्सा लिया। मंगलवार के कार्यक्रम में 22 फरवरी, 1994 को भारतीय संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव को चिह्नित किया गया, जिसमें भारत के अडिग रुख की पुष्टि की गई कि जम्मू और कश्मीर का पूरा क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग है।

340 रुपये प्रति क्विंटल हुआ गन्ने का मूल्य

ऐतिहासिक कीमत

- प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य 340 रुपये प्रति क्विंटल तय करने को मंजूरी दे दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए 10.25 फीसदी की चीनी रिकवरी दर पर गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 340 रुपये प्रति क्विंटल रखने को मंजूरी दे दी। यह गन्ने की ऐतिहासिक कीमत है जो चालू सीजन 2023-24 के लिए गन्ने की एफआरपी से लगभग 8 प्रतिशत अधिक है। संशोधित एफआरपी 10 फरवरी से 01 अक्टूबर 2024 तक लागू होगी। नया एफआरपी गन्ना किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करेगा। गौरतलब है कि भारत पहले से ही दुनिया में गन्ने की सबसे ज्यादा कीमत चुका रहा है और इसके बावजूद सरकार भारत के घरेलू उपभोक्ताओं को दुनिया की सबसे सस्ती चीनी सुनिश्चित कर रही है। केंद्र सरकार के इस फैसले से 5 करोड़ से अधिक गन्ना किसानों (परिवार के सदस्यों सहित) और चीनी क्षेत्र से जुड़े लाखों अन्य लोगों को फायदा होने वाला है। यह किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मंजूरी के साथ, चीनी मिलें गन्ने की एफआरपी 10.25 प्रतिशत की रिकवरी पर 340 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करेंगी। वसूली में प्रत्येक 0.1 फीसदी की वृद्धि के साथ, किसानों को 3.32 रुपये की अतिरिक्त कीमत मिलेगी, जबकि वसूली में 0.1 प्रतिशत की कमी पर समान राशि की कटौती की जाएगी। हालाँकि, गन्ने का न्यूनतम मूल्य 315.10 रुपये प्रति क्विंटल है जो 9.5 प्रतिशत की रिकवरी पर है। भले ही चीनी की रिकवरी कम हो, किसानों को 315.10 रुपये प्रति क्विंटल की दर से एफआरपी का आश्वासन दिया जाता है। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य सही समय पर मिले। पिछले चीनी सीज़न 2022-23 का 99.5 प्रतिशत गन्ना बकाया और अन्य सभी चीनी सीज़न का 99.9 प्रतिशत किसानों को पहले ही भुगतान किया जा चुका है, जिससे चीनी क्षेत्र के इतिहास में सबसे कम गन्ना बकाया लंबित है।

कांग्रेस पर आयकर विभाग की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस के खातों से 65 करोड़ हस्तांतरित करने के निर्देश
- कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा, यह कदम अलोकतांत्रिक

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि आयकर विभाग ने विभिन्न बैंकों को उसके खातों से 65 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित करने के लिए कहा है, जबकि आयकर रिटर्न से संबंधित मामला अदालत के विचाराधीन है। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि यह कदम अलोकतांत्रिक है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि कल आयकर विभाग ने बैंकों को कांग्रेस, भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के खातों से 65 करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित करने के लिए कहा। यह सरकार की तरफ से उठाए गए चिंताजनक कदम का द्योतक है।

माकन के अनुसार, 60.25 करोड़ रुपये की राशि कांग्रेस के खातों और पांच करोड़ रुपये युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के खातों से हस्तांतरित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि क्या राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के लिए आयकर देना आम बात है? नहीं। क्या भाजपा आयकर देती है? नहीं।

प्रख्यात न्यायविद् फली एस नरीमन का दिल्ली में निधन

नई दिल्ली। कानून विशेषज्ञ एवं दिग्गज अधिवक्ता फली एस नरीमन का बुधवार को 95 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। वह हृदय व अन्य बीमारियों से जूझ रहे थे। नरीमन का जन्म 10 जनवरी 1929 को हुआ था। नवंबर 1950 में उन्होंने बंबई हाईकोर्ट से वकालत शुरु की। नरीमन का जन्म रंगून (अब यांगून) में एक संपन्न कारोबारी परिवार में हुआ था। वर्ष 1942 में उनका परिवार भारत आ गया। उन्होंने 70 वर्षों से अधिक समय तक वकालत की। नरीमन को मई 1972 में भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने 26 जून 1975 को आपातकाल लागू होने के एक दिन बाद इस्तीफा दे दिया था। लंबे कानूनी करियर में नरीमन ने कई ऐतिहासिक मामलों में पैरवी की। भारतीय न्यायपालिक के भीष्म पितामह कहे जाने वाले नरीमन ने कई किताबें भी लिखीं। पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। राज्यसभा के सदस्य भी रहे।

गगनयान के मानव मिशन के लिए क्रायोजेनिक इंजन परीक्षण में सफल

बेंगलुरु, एजेंसी

- इसरो की बड़ी उपलब्धि : कठिन परीक्षण में इंजन की क्षमता का पता लगाया गया

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 'सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन' अंतरिक्ष यात्री वाले गगनयान मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल साबित हुआ है। इसे इसरो के लिए एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। क्रायोजेनिक इंजन, गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एलवीएम प्रक्षेपणयान के 'क्रायोजेनिक चरण' को शक्ति प्रदान करता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि इसरो का सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन मानव मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल रहा। इसने कहा कि कठिन परीक्षण से इंजन की क्षमता का पता चलता है।

इसरो के मुताबिक, पहली मानव रहित उड़ान 'एलवीएम3 जी1' के लिए पहचाना गया सीई-20 इंजन आवश्यक परीक्षणों से गुजरा। इसने कहा कि अंतिम परीक्षण उड़ान स्थितियों का जायजा लेने के लिए 'इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स' महेंद्रगिरि में 13 फरवरी को किया गया जो इस श्रृंखला का सातवां परीक्षण था। इसरो ने कहा कि गगनयान अभियान के लिए सीई20 इंजन के सभी जमीनी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं। इसरो ने 2024 की दूसरी तिमाही के लिए संभावित पहले मानवरहित गगनयान (जी1) मिशन के लिए पहचाने गए इस उड़ान इंजन के आवश्यक परीक्षणों को भी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

स्वामी प्रसाद आज दिल्ली में करेंगे नई पार्टी की घोषणा

लखनऊ। सपा से इस्तीफा दे चुके पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य 22 फरवरी को दिल्ली में आयोजित रैली में अपनी नई पार्टी की घोषणा करेंगे। रैली की तैयारी को लेकर मौर्य समर्थक बुधवार को तैयारी में जुटे रहे। मौर्य सपा की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं। सूत्रों के अनुसार मौर्य की नई पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की औपचारिक घोषणा होना तय है। पार्टी का झंडा तैयार हो गया है। इस्तीफे के बाद मौर्य ने कहा था कि अब वह खुद की पार्टी के लिए काम करेंगे। इसके लिए उनके समर्थक सक्रिय हो गए हैं। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का प्रतिनिधि सम्मेलन के कार्यक्रम में स्वामी प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि होंगे। उत्तर प्रदेश समेत बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात आदि राज्यों के कार्यकताओं के अलावा इन राज्यों के विधायकों व पूर्व मंत्रियों के शामिल होने की भी संभावना है। सम्मेलन के जरिये पूर्व मंत्री दूसरे दलों को अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास कराएंगे।

एक नजर

सीबीएसई : 10वीं हिंदी का आसान रहा पेपर

अमृत विचार लखनऊ : केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई बोर्ड सीबीएसई की परीक्षाएं जारी हैं। बुधवार को 10वीं की परीक्षा में हिंदी विषय की परीक्षा छात्र-छात्राओं ने दी। परीक्षा देकर निकले छात्र-छात्राओं ने बातचीत में बताया कि प्रश्नपत्र सरल था। छात्रों ने बताया कि कुछ प्रश्नों को लंबा करके पूछा गया था जिससे हल करने में दिक्कत हुई बाकी पेपर ठीक था। सभी प्रश्न हल कर लिए हैं। बता दें कि लखनऊ के 38 केन्द्रों पर 40 हजार परीक्षार्थी परीक्षा दें रहे हैं। सीबीएसई के क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर डॉ जावेद आलम ने बताया कि परीक्षा में निगरानी के लिए सचल दल सक्रिय हैं बुधवार को भी परीक्षा दौरा कोई गड़बड़ी कि शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गये हैं कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न होने पाए।

आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्र कंप्यूटर में बनेंगे दक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रदेश में संचालित हो रहे हैं 94 आश्रम पद्धति विद्यालय

अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र अब कंप्यूटर शिक्षा में भी दक्ष होंगे। अप्रैल से आईपी फाउंडेशन की ओर से उनको कंप्यूटर का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र अध्यनरत हैं। छात्रों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण देने के लिए आईपी फाउंडेशन ने समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत को प्रस्ताव दिया। समाज कल्याण निदेशक को फाउंडेशन के लोगों ने बताया कि कक्षा 10 से 12 तक के छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। व्यावसायिक प्रशिक्षण रोजगार में इनके लिए सहायक होगा। जबकि अन्य छात्रों को कंप्यूटर के विभिन्न प्रोग्रामिंग के बारे में जानकारी दी जाएगी। फाउंडेशन की ओर से कंप्यूटर की शिक्षा देने का पूरा शेड्यूल समाज कल्याण निदेशक को दिया गया है। निदेशक कुमार प्रशांत ने अप्रैल से निशुल्क प्रशिक्षण देने पर सहमित जता दी है। उन्होंने बताया कि सूचना क्रांति में नए-नए परिवर्तन हो रहे हैं। छात्रों का जब कंप्यूटर की संपूर्ण जानकारी होगी तो भविष्य में उनको मदद मिलेगी। ग्राफिक डिजाइनिंग आदि भी उनके लिए कारगर साबित होगी।

हेल्पलाइन नंबर्स के साथ लाइव मॉनीटरिंग भी की जाएगी

परीक्षार्थियों की शिकायतों का त्वरित निवारण करने के लिए दो हेल्पलाइन नंबर जारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

यूपी बोर्ड परीक्षा

▸▸ विद्यार्थियों को परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए चलाई गईं स्पेशल बसें

अमृत विचार : राज्य स्तर पर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ के साथ-साथ विद्या समीक्षा केंद्र लखनऊ, परिषद मुख्यालय, प्रयागराज और 05 क्षेत्रीय कार्यालयों में भी कमांड एवं कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं। जिनसे प्रदेश के समस्त परीक्षा केंद्रों एवं जनपद स्तरीय कंट्रोल एवं मॉनिटरिंग सेंटर की लाइव मॉनीटरिंग की जाएगी।

अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने बताया कि परीक्षार्थियों एवं जनसामान्य की शिकायतों का त्वरित निवारण करने के लिए 2 हेल्पलाइन नंबर (1800 180 6607/8) तथा परीक्षार्थियों की जिज्ञासाओं के समाधान व मनोवैज्ञानिक परामर्श के लिए 2 हेल्पलाइन नंबर (1800 180 5310/12) भी स्थापित किए गए हैं। इसी प्रकार जनपद स्तर पर भी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, हेल्पलाइन व अन्य व्यवस्थाएं शुरू कराई गई हैं।

ड्यूटी से गैरहाजिर कार्मिकों पर होगी कार्रवाई : शासन ने बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक एवं अन्य कार्यों के संपादन के लिए लगाई गई ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की व्यवस्था की है। विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए बोर्ड परीक्षा स्पेशल बसों, परीक्षा अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, परीक्षा केंद्रों एवं आस-पास की साफ-सफाई एवं सेनेटाइजेशन, परीक्षार्थियों, परीक्षा कार्मिकों को आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की जा रही है।

पहली बार ये होगा

- ▸▸ कक्षों में लगाए गए लगभग 3 .11 लाख कक्ष निरीक्षकों को प्रशिक्षण के साथ सुरक्षित क्यूआर कोड एवं क्रमांक युक्त कम्प्यूटराइज्ड परिचय पत्र जारी किया गया है।
- ▸▸ उत्तर पुस्तिकाओं के कवर पृष्ठ पर क्यूआर कोड, क्रमांक संख्या एवं लोगो के अतिरिक्त उसके आंतरिक पृष्ठ पर भी परिषद का लोगो तथा प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या के साथ-साथ चार अलग-अलग रंगों में सिलाईयुक्त उत्तर पुस्तिकाएं मुद्रित कराई गई हैं।
- ▸▸ क्विक रिस्पॉस टीम (क्यूआरटी) गठित की गई है जो सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाकर जनसामान्य को गुमराह करने और सरकार की छवि धूमिल करने के प्रयासों की निगरानी करेगी और त्वरित कार्यवाही कराएगी।

चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आरोग्य मेला आज से

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के अवध शिल्प ग्राम में गुरुवार को चार दिवसीय तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय आरोग्य मेला-24 का उदघाटन केन्द्रीय मंत्री आयुष सर्वानन्द सोनोवॉल द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री मुन्जपारा,प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु मौजूद रहेंगे।

इस अवसर पर आयुष एवं वेलनेस तथा प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न सत्रों में आयुष पर आधारित कार्यशाला एवं सत्र आयोजित होंगे। इस अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

भाजपा में शामिल हुए सपा-बसपा के कई पूर्व सांसद और विधायक

विरोधी दलों के कई पंचायत व निकाय प्रतिनिधि भी आए पार्टी में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा, कांग्रेस और बसपा से तमाम दिग्गज नेताओं का भाजपा में आने का सिलसिला थम नहीं रहा है। राज्य मुख्यालय पर बुधवार को आठ ऐसे नेताओं को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने भाजपा की सदस्यता दिलाई जो कभी सांसद और विधायक रहे। इसी के साथ संगठन में भी बड़े ओहदे पर काम करने वाले और पूर्व में प्रत्याशी रहे सपा, कांग्रेस और बसपा के कई नेताओं समेत इन दलों से जुड़े तमाम पंचायत व निकाय प्रतिनिधियों ने भी हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली।

भाजपा मुख्यालय पर सपा व बसपा के पूर्व सांसदों व विधायकों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के दौरान उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य व अन्य। अमृत विचार

▸▸ शीशराम, दानिश, कालीचरन, अवाना, कमलेश, अम्बेश, भोनूराम, छब्बू, रामप्रकाश ने हजारों समर्थकों के साथ ली भाजपा की सदस्यता

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्यमुख्यालय पर सपा के पूर्व सांसद शीश राम सिंह रवि (बिजनौर), बसपा के पूर्व पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी डॉ. दानिश कमाल, सपा के पूर्व प्रदेश महासचिव व पूर्व विधायक कालीचरन सोनकर (मीरजापुर), बसपा के पूर्व एमएलसी अनिल कुमार अवाना (गौतमबुद्धनगर), सपा के पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर (कानपुर ग्रामीण), सपा से पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी (हमीरपुर), सपा सरकार में मंत्री रहे स्व. राजेन्द्र सिंह राणा की पुत्री प्रियम्वदा राणा (सहारनपुर), सपा के पूर्व विधायक भोनूराम सोनकर (गाजीपुर), बसपा से तीन बार विधायक छब्बू पटेल (चन्दौली), सपा के पूर्व विधायक डॉ. राम प्रकाश कुशवाहा (कानपुर), सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ. ऋचा सिंह (प्रयागराज पश्चिम), फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेन्टस वेलफेयर ऐसोसिएशन के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हरिओम कठेरिया, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. हरि किशोर तिवारी (इटावा), यूपी श्रम एवं निर्माण सहकारी संघ लि. के पूर्व चेयरमेन सुशील कुमार कटियार, जिला अधिवक्ता संघ बांदा के अध्यक्ष व पूर्व सांसद स्व. रामनाथ दुबे के पुत्र राजेश कुमार दुबे, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राजेश कोरी, बहुजन समाज दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखलाल गौतम, झांसी से बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आरके अहिरवार बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

इसी के साथ भाजपा परिवार में सम्मिलित होने वालो में बसपा से उरई, जालौन के नगर पालिका अध्यक्ष विजय चौधरी, अध्यक्ष नगर पालिका बस्ती नेहा अंकुर वर्मा व उनके अंकुर वर्मा, सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जफर बेग (बरेली), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौरव नंद, सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह पटेल (मीरजापुर), बसपा से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अशोक कुमार त्रिपाठी (प्रतापगढ़), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष कुमार कुशवाहा (ललितपुर), सपा के पूर्व एमएलसी प्रत्याशी मनोज कुमार यादव (जौनपुर), पूर्व निर्दल विधानसभा ललितपुर रमेश खटीक, सपा मजदूर सभा प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन श्रेष्ठ, सपा मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रमणि राय (सोनभद्र), पूर्व प्रदेश सचिव सपा छात्रसभा विवेक यादव (जौनपुर), सपा के सुल्तानपुर जिला उपाध्यक्ष अफजल अंसारी, सपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रेनु बाला, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव मनोज सचान, आप के अनुसूचित जाति, जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश बाल्मीकि, अखिल भारतीय अयोध्या वासी युवा वैश्य महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता प्रमुख रूप से अपने समर्थको के साथ सम्मिलित हुए।

भाजपा परिवार में नगर पंचायत के अध्यक्षों में गरौठा, झांसी से डॉ. अरूण मिश्रा, मेंडू हाथरस से सचेन्द्र कुशवाहा, मुण्डरेवा बस्ती से सुनील सिंह, सादाबाद हाथरस से हेमलता, भरगेंन कासगंज से चमन खां, मोहनपुर कासगंज से पुनीत यादव, सिढ़पुरा कासगंज से कंचन गुप्ता, उसावां बदायूं से प्रियंका चौहान अपने समर्थको के साथ भाजपा परिवार में सम्मिलित हुए। इसके साथ ही बड़ी संख्या में ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य व पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण समारोह में पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया।

80 सीटें जीतने के लिए मिलकर करेंगे काम : भूपेंद्र

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने विभिन्न दलों से आए नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि विभिन्न विचारधाराओं व विभिन्न राजनीतिक दलों में काम करने वाले बड़ी संख्या में जुड़ना चाहते हैं। सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही व सर्वसमावेशी भारतीय जनता पार्टी मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के लिए मिलकर काम करेगें।

रायबरेली की जनता उतारेगी राहुल का नशा : केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा में शामिल हुए विभिन्न दलों के नेताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि सपा-बसपा व कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों में भगदड़ की स्थिति है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी प्रदेश के युवाओ को नशेड़ी बता रहे है। 2019 में अमेठी की जनता ने उनका नशा उतारा था, अब 2024 में रायबरेली की जनता उनका नशा उतारेगी। युवाओं का अपमान करना कांग्रेस के युवराज की आदत हो गई है।

100 दिनों में तय करना है लक्ष्य : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं ने जन-जन में पैठ बनाई है। विश्व पटल पर भारत की धाक भी बढ़ी है और धमक भी बढ़ी है। आने वाले 100 दिन पूर्ण परिश्रम से काम करते हुए सतत सम्पर्क व संवाद के माध्यम से जन-जन तक पहुंचने और प्रत्येक बूथ पर विजय प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ तय करना है।

विधान परिषद में और बढ़ा भाजपा का दबदबा

अमृत विचार, लखनऊ : विधान परिषद में भाजपा का दबदबा और बढ़ गया है, जबकि स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे के बाद सपा की स्थिति सदन में कमजोर हो गई है। खास बात यह है कि पहले ही कांग्रेस विहीन हो चुका यह उच्च सदन जल्द ही बसपा विहीन भी होने जा रहा है।

बसपा के एकमात्र एमएलसी भीमराव आंबेडकर का कार्यकाल इसी साल 5 मई को खत्म हो जाएगा। 100 की संख्या वाली विधान परिषद में फिलहाल भाजपा और उसके सहयोगियों की सदस्य संख्या 85 है। प्रदेश विधान मंडल के दोनों सदनों में भाजपा का दबदबा है जबकि मुख्य प्रतिद्वंदी दल सपा की सदस्य संख्या नौ से घटकर आठ रह गई है। ऐसे में फिलहाल उच्च सदन में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली ही बना हुआ है, क्योंकि इस पद पर काबिज होने के लिए न्यूमतम 10 सदस्यों का होना जरूरी है। कांग्रेस के एमएलसी दीपक सिंह का कार्यकाल खत्म होने के बाद परिषद में उसका कोई सदस्य नहीं रह गया है। यही स्थिति 5 मई के बाद बसपा की होगी। कांग्रेस के पास फिलहाल दो और बसपा के पास सिर्फ एक विधायक है।

चुनाव में बच्चों का उपयोग कतई न किया जाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कहा, बालश्रम कानून का कड़ाई से अनुपालन किया जाए

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निर्वाचन कार्यों में बच्चों का उपयोग कतई न किया जाय। बालश्रम कानून का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस सिलसिले में आयोग की ओर से निर्देश जारी किये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने बालश्रम कानून के तहत लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव व उप चुनावों के समय निर्वाचन संबंधी कार्यों, प्रचार अभियानों व अन्य चुनावी गतिविधियों में बच्चों के उपयोग के प्रति शून्य सहनशीलता का संदेश देते हुए राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों व निर्वाचन मशीनरी को निर्देशों का पालन करने को कहा है।

राजनीतिक दलों को सलाह दी गई है कि वे पोस्टर-पैम्फ्लेट बांटने या नारेबाजी करने, प्रचार अभियान रैलियों व अन्य चुनावी गतिविधियों व निर्वाचन की बैठकों आदि में भाग लेने सहित किसी भी प्रकार की निर्वाचन संबंधी अभियानों में बच्चों का उपयोग से बचना चाहिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजनीतिक दलों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिये गये हैं कि चुनाव के दौरान बच्चों को रैलियां निकालने, नारे लगवाने, पोस्टर व पैम्फलेट्स बांटने या निर्वाचन संबंधी अन्य गतिविधियों व प्रचार अभियानों में शामिल न किया जाए। साथ ही, राजनीतिक नेताओं व अभ्यर्थियों द्वारा बच्चों को गोद में लेने, वाहन या रैलियों में बच्चे को ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। राजनीतिक दलों को किसी भी तरह के प्रचार अभियान गतिविधियों के लिए बच्चों का उपयोग नहीं करना होगा।

प्रचार-अभियान की झलक बनाने में नहीं होगा बच्चों का उपयोग : आयोग के निर्देश में कहा गया है कि कविता, गीतों, मौखिक शब्दों का प्रयोग करने, राजनीतिक दल व अभ्यर्थी के प्रतीक चिह्नों का प्रदर्शन करने, राजनीतिक दल की विचारधारा का प्रदर्शन करने, किसी राजनीतिक दल की उपलब्धियों को बढ़ावा देने या विरोधी राजनीतिक दलों व अभ्यर्थियों की आलोचना करने सहित किसी भी प्रकार से राजनीतिक प्रचार-अभियान की झलक बनाने के लिए बच्चों का उपयोग करने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। फिर भी इसके अलावा यदि किसी राजनीतिक नेता के समीप अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ किसी ऐसे बच्चे की उपस्थिति पाई जाती है, जो राजनीतिक दल के किसी निर्वाचन प्रचार अभियान में शामिल नहीं है, तो इसे बालश्रम कानून के उल्लंघन के तौर पर नहीं माना जाएगा।

कानून के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई होगी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग ने सभी निर्वाचन पदाधिकारियों और मशीनरी को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि वे निर्वाचन-संबंधी कार्यों व गतिविधियों के दौरान बच्चों को किसी भी हैसियत से शामिल करने से बचें। जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी व अन्य निर्वाचन प्राधिकारियों समेत राजनीतिक दलों निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को बालश्रम कानून से संबंधित सभी संगत अधिनियमों और कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्वाचन के दौरान बालश्रम कानून के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

आईआईटी कानपुर का होगा अपना 500 बेड का अस्पताल

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि इनोवेशन(नवाचार) हमारे देश का नया मंत्र है। इकोसिस्टम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदेश में अंतिम छोर तक पहुंच रहीं हैं। स्टार्टअप मूवमेंट इंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देता है। इसी क्रम में कानपुर में आईआईटी द्वारा 500 बिस्तर का अस्पताल बनवाया जा रहा है। मुख्य सचिव, बुधवार को लोकभवन में परिवार कल्याण विभाग और एपीएसी न्यूज नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हेल्थकेयर इनोवेशन कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आईआईटी कानपुर द्वारा निर्मित अस्पताल में चिकित्सकीय सेवाओं के साथ ही शोध भी होंगे, जो कि इलाज को आसान और गुणवत्ता युक्त बनायेंगे। इसके लिए आईआईटी कानपुर और केजीएमयू के प्रोफेसर्स अभी से नए-नए उपकरणों का अनुसंधान कर रहें हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा वितरण पर टेलीमेडिसिन के परिवर्तनकारी प्रभाव की भी सराहना की। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव रंजन कुमार ने ईज ऑफ हेल्थी लिविंग को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ लेने के लिए जोर दिया।

लोन देने में संकोच न करें बैंक, मिलेगी हर सुरक्षा-सहायता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में मुख्यमंत्री ने की चालू वित्तीय वर्ष की समीक्षा

▸▸ सात सालों में 12.80 लाख करोड़ से 26 लाख करोड़ के पार पहुंचा बैंकिंग व्यवसाय

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि, बैंक लोन देने में संकोच न करें। सरकार अपनी हर योजना में ऋण दिलाने से पहले लाभार्थी का प्रशिक्षण, क्षमता वृद्धि जरूर सुनिश्चित करायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. में बैंकों का सीडी रेशियो (ऋण जमानुपात) 58.59 प्रतिशत होने पर प्रसन्नता जताते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री ने इसके लिए बैंकों को हर संभव सहायता और सुरक्षा मुहैया कराने की बात कही है। साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता का कवरेज सभी 75 जिलों तक करने के लिए मिशन मोड में काम करने का आह्वान किया है।

बुधवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद और ऊर्जावान युवा को ऋण के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में बैंकों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। लोन मेलों का यह क्रम आगे भी जारी रहे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बड़ौदा-यूपी ग्रामीण बैंक और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक को राज्यांश प्रदान किया, साथ ही 1.10 लाख किसान क्रेडिट कार्ड , 1111 बैंकिंग आउटलेट की शुरुआत की और 10 बीसी सखियों को टूल किट वितरित किये। बैठक में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सीजीएम निशा नाम्बियार की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के विस्तार पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बैंकर्स कमेटी की बैठक राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक तीन माह में और जिले में प्रत्येक माह करने के निर्देश भी दिए।

इस मौके पर समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया गांवों को अपनाने की प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया गया। बैंक इन ग्रामों में 75 स्मार्ट क्लासेज का निर्माण के साथ ही ही विकास के अनेक कार्य कराएगा।

2,98,551 करोड़ का दिसंबर 2023 तक बांटा लोन

साल 2016-17 में बैंकों द्वारा राज्य में कुल 137452 करोड़ लोन बांटा किया गया था। जबकि 2022-23 में कुल 300430 करोड़ का लोन दिया गया। और दिसंबर 2023 तक 298551 करोड़ का लोन वितरित जा चुका है।

जल जीवन मिशन कर्मियों का चार फीसदी बढ़ा महंगाई भत्ता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जल निगम ग्रामीण की 5वीं बोर्ड बैठक में बुधवार को विभागीय कर्मियों के डीए में चार फीसदी की बढ़ोतरी का फैसला हुआ। जल जीवन मिशन में शानदार काम करने के लिए कर्मचरियों को इनाम मिला है।

मुख्यालय सभागार में नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव व बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रबंध निदेशक डॉ. बलकार सिंह, बोर्ड के सदस्य बृजराज यादव, राजेश प्रजापति और अरुण कुमार मौजूद रहे। प्रबंधन ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में (डीए) में चार फीसदी की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया। यह महंगाई भत्ता पहले 196 फीसदी हुआ करता था जोकि अब बढ़कर 200 फीसदी हो गया है। इस बढ़ोतरी से जल निगम ग्रामीण के बजट में करीब छह करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। 3265 कर्मचारियों और 7596 पेंशनरों को इस बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। एक मार्च से बढ़ा वेतन लागू होगा। बोर्ड बैठक में जल निगम ग्रामीण के कार्यालय के रखरखाव के बजट के संबंध मे भी प्रस्ताव पास किया गया है।

ऐसे होगी वेतन में बढ़ोतरी

उदाहरण के तौर पर अगर किसी कर्मचारी का वेतन वर्तमान में 25000 है तो चार फीसदी डीए की बढ़ोतरी के बाद उसके वेतन में एक हजार रुपये की वृद्धि हो जाएगी। इसी तरह से बढ़ते क्रम में वेतन बढ़ता चला जाएगा। 3265 कर्मचारियों और 7596 पेंशनरों को इस बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। महीने के आधार पर कर्मचारियों के वेतन पर 21 लाख रुपये और पेंशनर पर 29 लाख रुपये बजट का खर्च आएगा। कुल 50 लाख रुपये मासिक और छह करोड़ रुपये का वार्षिक अतिरिक्त बजट खर्च होगा।

गांव में सेवाएं देने पहुंचेंगी टीएमटी मेडिकल बस

अमृत विचार, लखनऊ : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोटस टीएमटी मेडिकल बस से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुविधा मिलेगी। इस बस के द्वारा नेत्र परीक्षण एवं चिकित्सा , दन्त परीक्षण एवं चिकित्सा , पैथोलॉजी प्रयोगशाला , सामान्य चिकित्सा ,इलेक्ट्रो कार्डियोग्राफी, एक्स-रे सहित कई सुविधाएं मिल जायेंगी, जिससे उन्हें दूर के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। उप मुख्यमंत्री, बुधवार को राजभवन कॉलोनी स्थित अपने सरकारी आवास पर मेडिकल बस को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना करने के दौरान बोल रहे थे। बीडीजी रमेश गोयल सेवा संस्थान द्वारा संचालित हॉस्पिटल ऑन व्हील्स सेवा के तहत बस में परीक्षण, एक्स-रे और ईसीजी सुविधाओं के लिए प्रयोगशाला भी है। बीडीजी के सुमित भट्ट ने बताया कि सामान्य तौर पर चिकित्सकीय सेवाओं के लिए मात्र 10 रुपये दान के रूप में लिया जाता है। इस राशि का उपयोग गरीबों के मुफ्त इलाज प्रदान करने में किया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले 18 महीनों में इस बस द्वारा लगभग 23 हजार किलोमीटर की यात्रा के दौरान 400 शिविर संपन्न हुये, जिनमें करीब 56 हजार रोगियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं।

समझौता | इंडिया गठबंधन की हवा निकलने की बात करने वालों को मिला करारा जवाब

अपनी-अपनी शर्तों पर समझौता करने का दबाव बना रहे थे दोनों दल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने सीटों पर समझौता करके इंडिया गइबंधन की हवा निकलने की बात करने वालों को करारा जवाब दिया है। एक बात तो तय थी कि यह स्थिति जैसे-तैसे बननी थी, बस दोनों ही दल अपनी-अपनी शर्तों पर समझौता करने का अपने-अपने तरीके से दबाव बना रहे थे, क्योंकि सपा जहां उप्र. में अपने को बड़ा दल मानती है तो वहीं कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर। इसीलिए बात लंबी खिंच रही थी और भ्रम यह फैला कि गठबंधन टूट गया है।

एक ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव तेजी के साथ अपने उम्मीदवार घोषित कर कांग्रेस नेतृत्व पर दबाव बना रहे थे तो वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी निरन्तर अपनी यात्रा में दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यकों के मुद्दे को सपा के पीडीए फार्मूले के मुकाबले कहीं ज्यादा मजबूती से उठा कर सपा को संदेश दे रहे थे। संदेश के पीछे उप्र. में संभावित समझौते के तहत कमजोर नहीं बल्कि उन सीटों को हासिल करना था जिस पर लड़कर कांग्रेस की साख बची रहे। बहरहाल, मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने भी सपा को एक सीट दी है। सपा मप्र. में खजुराहो सीट पर लड़ेगी।

सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दिए जाने के अलावा उप्र. में अपने हिस्से की एक सीट आजाद समाज पार्टी को दी है। नगीना सीट पर उसके नेता चंद्रशेखर आजाद का लड़ना पहले से ही बताया जा रहा था। वास्तव में, दोनों दलों के बीच गतिरोध सीट की संख्या से ज्यादा इस पर था कि कांग्रेस को कौन-कौन सी सीट दी जा रही हैं। फिलहाल सपा अब कुछ ऐसी सीट देने पर सहमत हो गई है जिसपर कांग्रेस लड़ना चाहती है।

समझौते के तहत सपा ने कांग्रेस को जो सीटें दी हैं उनमें वाराणसी-अमरोहा समेत कुछ पर अपने प्रत्याशी भी उतार दिए हैं। अब सपा अपने प्रत्याशियों को वापस लेगी और कांग्रेस की तरफ से नामों की घोषणा होगी। उधर, कांग्रेस भी दो सीटों समझौता करने पर सहमत हुई है। कांग्रेस ने मुरादाबाद सीट छोड़ दी। वहीं, सीतापुर सीट जहां कांग्रेस को दे दी गई है। वहीं, हाथरस की सीट अब सपा ने वापस ले ली है।

प्रियंका ने करायी सपा-कांग्रेस की दोस्ती

लखनऊ : कांग्रेस और सपा के समझौते में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की की अहम भूमिका रही। सपा प्रमुख अखिलेश यादव से उनकी फोन पर हुई बातचीत के बाद सीटों पर निर्णायक सहमति बनी। सूत्रों मुताबिक, प्रियंका ने अखिलेश से कहा कि, अगर वे साथ नहीं लड़ते हैं, तो इससे विपक्षी एकता का खराब संदेश जाएगा। इसके तुरंत बाद अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया आयी और उन्होंने साफ किया कि गठबंधन होगा। सीट बंटवारे को लेकर सपा का कांग्रेस में कोई विवाद नहीं है। अब अखिलेश यादव राहुल गांधी के साथ कांग्रेस की न्याय यात्रा में भी नजर आएंगे। दरअसल, कांग्रेस नेतृत्व में इस बात की भी चिंता थी कि अगर पार्टी सपा की प्रस्तावित कम प्रभाव वाली सीटों पर लड़ी, तो इससे न केवल उसका इस चुनाव में नुकसान होगा, बल्कि पार्टी हमेशा के लिए उप्र. में कमजोर हो जाएगी। अंततः दोनों दलों के बीच समझौता हो गया।

प्रतिक्रिया

जिस गठबंधन को खड़ा करने के लिए रालोद के जयंत चौधरी ने बहुत प्रयास किये थे। अब रालोद के बगैर इस गठबंधन से कोई फायदा नहीं होने वाला है। जिस गठबंधन के साथ जयंत चौधरी होंगे, उसी गठबंधन का परचम चुनाव में लहरायेगा।

-अनिल दुबे, राष्ट्रीय प्रवक्ता रालोद

ताकतहीन दलों के गठबंधन करने से कोई फायदा नहीं है। वे मिलकर लड़े या अलग-अलग लड़ें, कोई मतलब नहीं है। उप्र. की सभी 80 लोकसभा सीट एनडीए जीतेगी। इंडिया गठबंधन के पास कोई ताकत नहीं है।

-ओपी राजभर, (अध्यक्ष सुभासपा)

सपा-कांग्रेस गठबंधन का कोई असर नहीं पड़ेगा। दोनों में तकरार हो या इकरार, वे मिलकर लड़ें या अलग-अलग, भाजपा गठबंधन उप्र. की सभी 80 सीटें जीतेगा। यहां कांग्रेस का खाता नहीं और सपा का जो पिछली बार खाता खुल गया था वो भी बंद हो जाएगा।

-केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री

जीत एक सौ एक प्रतिशत भाजपा की लोकसभा चुनाव में होगी। दो महीनों का इंतजार करिए सपा के परिणाम सामने होंगे।

-संघमित्रा मौर्य, भाजपा सांसद (बदायूं)

कड़ी सुरक्षा के बीच आज से शुरू होगी बोर्ड परीक्षा

77131 परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए 117 केंद्र, नियंत्रण कक्ष, प्रशिक्षण ले रहे कक्ष निरीक्षक

तैयारी

- हाईस्कूल के 44,500 तो इंटर के 32631 छात्र-छात्राएं देंगे परीक्षा
- 7 जोन और 12 सेक्टर में बांटी गई परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की वर्ष 2024 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो रही हैं। जिले में 117 कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इनमें 19 केंद्रों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। हाईस्कूल के 44,500 और इंटरमीडिएट के 32,631 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। सुरक्षा को लेकर प्रत्येक केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक के अलावा वाह्य केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए है।

संवेदनशील केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक भी वाह्य बनाया गया है। अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम भी किए गए हैं। सभी केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। सभी 117 परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा 7 जोन व 12 सेक्टर में बांटी गई है। एसडीएम को जोन व खंड विकास अधिकारी को सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। जिले में जहां डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाकर नजर रखी जा रही है, वहीं इस बार परिषद, क्षेत्रीय व कैंप कार्यालय में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 5 सचल दल भ्रमणशील रहकर नजर रखेंगी। कंट्रोल रूम से व्यवस्थाएं देखी जाएंगी।

महारानी लक्ष्मी बाई इंटर कॉलेज में फिलिप्स चिपकाते कक्ष निरीक्षक।

तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

केंद्रों पर परीक्षा के एक दिन पहले बुधवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। जहां परीक्षा कक्ष में डेस्क स्लिप चश्पा करने के साथ ब्लैक बोर्ड तक ढकने का काम किया गया, वहीं ड्यूटी में लगाए गए कक्ष निरीक्षकों ने अपनी आमद दर्ज कराई। उसके बाद केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक कर शासन के अनुरूप नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराने के लिए टिप्स दिए गए।

केंद्रों की कंट्रोल रूम से कनेक्टिविटी

बुधवार को परीक्षा केंद्रों की कंट्रोल रूम से कंटेक्टिविटी जांची गई। डीआईओएस कार्यालय के साथ ही माध्यमिक शिक्षा परिषद के प्रयागराज स्थित कार्यालय, वाराणसी के क्षेत्रीय व लखनऊ के शिविर कार्यालय में भी कंट्रोल रूम से परीक्षा पर नजर रखी जाएगी। कंट्रोल रूम 24 घंटे काम करेगे। दो चरणों में ड्यूटी लगाई गई है। डीआईओएस कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूप का जीजीआईसी के वाइस प्रिंसपल डॉ. पूनम सिंह को प्रभारी बनाया गया है। 7 कंप्यूटर लगाए गए हैं।

जीआईसी में संकलन केंद्र

बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं को जमा करने को लिए शहर के राजकीय इंटर कॉलेज को संकलन केंद्र बनाया गया है। इसके प्रभारी जीआईसी के प्रधानाचार्य राधेश्याम को बनाया गया है। किन-किन प्रपत्रों के साथ सुरक्षा व्यवस्था के बीच उत्तर पुस्तिकाओं को जमा करना है, इसकी बारीकियां पहले ही केंद्र व्यवस्थापकों को बताई जा चुकी है।

नकेल कसेंगे सचल दल

यूपी बोर्ड की परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए सचल दल की 5 टीमें भी गठित की गई हैं। इसमें डीआईओएस ओपी त्रिपाठी, बीएसए संतोष कुमार देव पांडेय, लेखाधिकारी संतोष कुमार मौर्य के अलावा डायट की दो टीमे भी शामिल हैं। सचल दल की टीमों के लिए वाहनों का अधिग्रहण कर लिया गया है। ये टीमें नकल पर नकेस कसेंगी।

सीबीएसई बोर्ड की हिंदी की परीक्षा में शत-प्रतिशत रही उपस्थिति

सेंट्रल एकेडमी में परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी:

- सभी 5 परीक्षा केंद्रों पर हुआ परीक्षा का आयोजन

अमृत विचार : सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल के हिंदी विषय की परीक्षा में बुधवार को शत-प्रतिशत उपस्थिति रही। सभी पांच केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा को लेकर जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे, वहीं चेकिंग के बाद ही छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया गया।

जिले में सीबीएसई बोर्ड के 24 कॉलेज हैं। इसमें पंजीकृत हाईस्कूल के 1,488 और इंटरमीडिएट के 1,118 छात्र-छात्राओं की परीक्षा कराने के लिए पांच कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसमें केंद्रीय विद्यालय, सेंट एंथोनी कॉलेज, बाबा गुरुकुल एकेडमी, सेंट्रेल एकेडमी और ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज हैं। बुधवार को हाईस्कूल के हिंदी विषय के रूप में बड़ी परीक्षा हुई। इसमें सभी पांच केंद्रों पर पंजीकृत 1,488 छात्र-छात्राओं ने सुबह की पाली में परीक्षा दी। गुरुवार को सभी केंद्रों पर इंटरमीडिएट के अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी। जिले के नोडल अधिकारी एवं बाबा गुरुकुल एकेडमी के प्रधानाचार्य आरपी सिंह ने बताया कि बुधवार को हाईस्कूल विषय के हिंदी की परीक्षा में शत-प्रतिशत उपस्थिति रही। परीक्षा के लिए बनाए गए पांचों केंद्र पर 1,488 छात्र-छात्राएं शामिल हुईं।

बोर्ड परीक्षा में आसान नहीं होगा उत्तर पुस्तिकाओं की बखिया उधेड़ना

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय, बाराबंकी

अमृत विचार: माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2024 की परीक्षा को सूचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए इस बार उत्तर पुस्तिकाओं में काफी बदलाव किया गया है। उत्तर पुस्तिकाओं पर माध्यमिक शिक्षा परिषद का लोगो होगा तो हर पेज पर परीक्षार्थी को कापी का क्रमांक व अपना अनुक्रमांक भी अंकित करना होगा। वहीं, पंचिंग की जगह उत्तर पुस्तिकाओं के पेज की सिलाई की गई है, ताकि शिक्षा माफिया इसमें बदलाव करने के लिए इसकी बखिया न उधेड़ सके।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो रही हैं। जहां परीक्षा केंद्रों को कॉपियों का आवंटन क्रमांक के अनुसार कर दिया गया है, वहीं प्रश्नपत्र भी परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम में डबल लॉक में रखे गए हैं। बोर्ड परीक्षा में किसी प्रकार की सेंधमारी न हो, इसे लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद और सरकार काफी गंभीर है। नकल पर नकेल कसने के साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं के बदले जाने की चर्चा पर भी लगाम लगाने के लिए इस बार उत्तर पुस्तिकाओं में बदलाव किया गया है। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाएं कबर समेत जहां 16 पेज की होंगी, वही इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं में 32 पेज होंगे। पंचिंग की जगह इस बार उत्तर पुस्तिकाओं की बढ़िया सिलाई की गई है, ताकि शिक्षा माफिया उसकी बखिया उधेड़कर बदलाव न कर सके। वहीं, माध्यमिक शिक्षा परिषद के लोगों भी उत्तर पुस्तिकाओं पर लगाए गए हैं। पहले पेज के अलावा हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिका के 7वें और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिका में 15वें पेज पर लोगो बना है। उत्तर पुस्तिकाओं के क्रमांक के साथ हर पृष्ट पर परीक्षार्थी को अपना अनुक्रमांक भी दर्ज करना होगा। उत्तर पुस्तिकाओं में पेज क्रमांक के अलावा एक यूनिक नंबर भी अंकित होगा। केंद्रों को सीरियल नंबर से दी गई एक-एक उत्तर पुस्तिका का हिसाब भी लिया जाएगा।

एक परीक्षा केंद्र में उत्तर पुस्तिकाओं की गणना करते शिक्षक। अमृत विचार

- माध्यमिक शिक्षा के लोगो वाली सिलाई की हुई होंगी उत्तर पुस्तिकाएं, हर पेज पर अंकित करना होगा अनुक्रमांक

कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र पर होगा बार कोड

परीक्षा में करीब 6 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इस बार कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी में सेंधमारी व विशाष विशेषज्ञ के साथ बाहरी का प्रवेश न हो, इसे लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद ने बार कोड वाले परिचय पत्र उपलब्ध कराए हैं। इतना ही नहीं, उन्हीं शिक्षकों की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में लगाई गई है, जिनका ब्योरा माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। यह कार्ड डीआईओएस कार्यालय से खंड शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध कराए गए हैं जहां बेसिक के 3,380 शिक्षकों को खंड शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर से इन्हें जारी किया गया। माध्यमिक शिक्षा के ढ़ाई हजार से अधिक शिक्षकों को डीआईओएस की ओर से परिचय पत्र जारी किए गए हैं।

यूपी बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा शुरू होगी। नकलविहीन व सुचितापूर्ण तरीके से परीक्षा कराने के लिए करीब 6 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें बेसिक के भी शिक्षक हैं। कक्ष निरीक्षकों को बार कोड वाले परिचय पत्र दिए गए है। उत्तर पुस्तिकाओं में भी काफी बदलाव किया गया है।

–ओपी त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बाराबंकी

एक नजर

शिविर में महिलाओं की दी गई जानकारी

बाराबंकी, अमृत विचार : मंकी ब्लॉक के सोमैया नगर ढकौली में बुधवार को दिव्यांगता जागरूकता, उपचार शिक्षण व प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। दुर्गा महिला कल्याण सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ढकौली प्रधान अजय मिश्रा ने किया। दिव्यांग कल्याण अधिकारी एजाजुल हक खां, डॉ. जसवंत सिंह, डॉ. ओएन सरोज व मनोज मिश्रा ने विचार रखे। संस्था की नीलम वर्मा ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

मां- बेटी को पीटा, केस दर्ज

रामसनेही घाट, बाराबंकी, अमृत विचार : खेत में फसलों को नुकसान पहुंचा रहे मवेशियों को लेकर विरोध करने पर दबंग ने मां-बेटी की पिटाई कर दी। इसकी शिकायत पर पुलिस ने मारपीट का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला रामसनेहीघाट कोतवाली के पूर शुक्ल मजरे महुलारा का है। यहां के निवासी श्रवण कुमार की पत्नी शक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के अखिलेश, कुमाई की पत्नि ओर पुत्री पर्वता ने मवेशियों और सुअरों के झुंड को खेत में छोड़ दिया। जानवर उसकी फसल चरा रहे थे। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी और बेटी की पिटाई कर दी।

रास्ता पूछने पर पीटा

रामसनेही घाट, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली के वीर चौराहा पर बुधवार को रास्ता पूछने को लेकर ट्रक चालक और ग्रामीण में मारपीट हो गई। उमरापुर रायसाहब गांव निवासी दीन दयाल ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वीर चौराहे पर इटावा के ट्रक चालक नीरज ने रास्ता पूछा। बताने के बाद बिना कारण गाली देने लगा। गांव के राम आशीष ने विरोध किया तो चालक ने पिटाई कर दी।

सड़क हादसों में चौकीदार की मौत, बाइक सवार घायल

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को दो जगह हुए सड़क हादसों में चौकीदार की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पहला सड़क हादसा कोतवाली क्षेत्र में हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर नैपुरा के पास हुआ। यहां के बहादुरपुर गांव निवासी हरिशंकर रावत कोतवाली का चौकीदार था। बुधवार की सुबह करीब 5 बजे वह घर से शौच करने जा रहा था। सड़क पार करते समय किसी वाहन ने उसे रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कई वाहन उसके ऊपर से गुजर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं, लखनऊ-सुलतानपुर हाईवे पर नहर कॉलोनी के निकट बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में रायबरेली के महाराजगंज थाना क्षेत्र के भैयापुर गांव निवासी 35 वर्षीय रमेश चंद गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस कार छोड़कर भागे चालक की तलाश कर रही है।

ज्ञान प्राप्त करने में सहायक होगा स्मार्टफोन

फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : स्मार्टफोन आपको भी स्मार्ट बनाएगा लेकिन ध्यान रहे कि इसका गलत उपयोग न हो। आधुनिक तकनीक व ज्ञान प्राप्त करने में स्मार्टफोन सहायक साबित होगा। देश में विकसित क्यूआर कोड पूरे विश्व के लिए एक अमूल्य देन है जो यहां के युवाओं द्वारा विकसित किया गया है। युवा भविष्य का नियंता व दृष्ट है। भारतीय युवा को सुपर स्मार्ट बनने में यह स्मार्टफोन एक बड़ा कदम साबित होगा।

उक्त विचार विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने बुधवार को साईं पीजी कॉलेज में आयोजित स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा विश्व को अपने ज्ञान का लोहासभी क्षेत्रों में आज के समय में मानव रहे हैं, आप लोग अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए स्मार्टफोन का सहयोग लें लेकिन दुरुपयोग से बचें। इस दौरान उन्होंने युवाओं का संकल्प पूरा करने के लिए अरूणिमा सिन्हा का उदाहरण दिया। कार्यक्रम का संचालन दीपक वर्मा ने किया। इस दौरान प्रबंधक विपिन राठौर, हेमंत दास, प्राचार्य डॉ. आशुतोष राव, प्राचार्य डॉ. दिनेश शुक्ला, अंशुवेंद्र मोहन जायसवाल, दिग्विजय सिंह, कंचन गुप्ता, केके वर्मा, अखिलेश प्रताप सिंह, दुर्गेश सिंह, विवेक वर्मा, सतपाल यादव, अनीश वर्मा सहित अन्य छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहीं।

स्मार्टफोन प्राप्त करने के बाद विधायक सा केंद्र प्रताप के साथ छात्र-छात्राएं।

दुपट्टे से लटका मिला युवक का शव

हरख, बाराबंकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत 25 वर्षीय व्यक्ति का शव थाना क्षेत्र के ही हेतमापुर गांव के समीप एक आम के पेड में दुपट्टे से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटना की जानकारी सतरिख पुलिस को दी। थाना क्षेत्र के दियानतगर गांव निवासी शिवा (25) पुत्र सहजराम बुधवार सुबह पत्नी चांदनी के साथ सतरिख थाना अंतर्गत हेतमापुर गांव के समीप शिव मंदिर जाने के लिए घर से पैदल निकाला था। दोपहर को चांदनी ने अपने ससुर सहजराम को फोन कर सूचना दी कि शिवा ने मंदिर के पास एक आम के पेड़ में दुपट्टे से लटककर आत्महत्या कर ली है। थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

राइट टू एजुकेशन से शिक्षा पा रहे 2493 बच्चे

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : 'दिशा' राज्य स्तरीय समिति के सदस्य राजू बाल्मीकि ने बुधवार को यहां कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करने के लिए अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को समन्वय बनाने की आवश्यकता है। मानवीय दृष्टिकोण बनाकर यदि अधिकारी कार्य करेंगे तो और बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। बाराबंकी में राइट टू एजुकेशन से 2493 बच्चे शिक्षा पा रहे हैं। वे विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की और उनसे सुझाव भी मांगे।

स्वर्ण जयंती सभागार में बैठक को संबोधित करते 'दिशा' राज्य स्तरीय समिति के सदस्य राजू वाल्मीकि व मौजूद अन्य।

इस दौरान परियोजना अधिकारी डूडा ने अवगत कराया कि जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष 104 फीसदी पात्र लाभार्थियों को संतृप्त किया गया है। समित के सदस्य ने कहा कि पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ दिलाया जाएं। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। हम अपने दैनिक दिनचर्या में जिन-जिन लोगों से विभिन्न सेवाएं लेते हैं, जैसे नाई, टेलर, घर में कार्य करने वाली महिलाएं आदि, उन्हें विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने का प्रयास करें। जो व्यक्ति स्वनिधि योजना से छूट गए हैं, उनका चिन्हांकन करके उन्हें भी स्वनिधि योजना से जोड़ा जाए। संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर पात्रों को आयुष्मान योजना से संतृप्त करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आपसी समन्वय से कोटेदारों को प्रशिक्षित कर आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बनवाना सुनिश्चित करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उन्हें बताया कि राइट टू एजुकेशन के अंतर्गत जनपद में 2493 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके साथ ही इस सत्र के लिए प्रथम चरण में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं जिसके अंतर्गत 1216 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

सार-संक्षेप

यूपी सिविल सर्विसेज प्लेयर्स की नई कार्यकारिणी गठित

शपथ लेते प्लेयर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

बाराबंकी, अमृत विचार : बुधवार को यूपी सिविल सर्विसेज प्लेयर्स एसोसिएशन बाराबंकी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव अधिकारी ने अध्यक्ष आरपी सिंह विसेन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष यादव, उपाध्यक्ष सतीश चंद्र त्रिपाठी व रवि कनौजिया, महामंत्री कमल कुमार सिंह, संगठन मंत्री रिकी भट्ट, संयुक्त मंत्री श्रीमती सीमा सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र वर्मा, संप्रेक्षक अनिल कुमार और मीडिया प्रभारी संदीप सिंह सर्वसम्मति से पदाधिकारी निर्वाचित घोषित किया। निर्वाचन के लिए एक बैठक जिला चिकित्सालय बाराबंकी में आहूत की गई। इसमे चुनाव से पूर्व महामंत्री ने वर्तमान संगठन को भंग करने की अनुशंसा की जिसे अध्यक्ष ने उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति पर भंग करने की घोषणा की। इसके बाद निर्वाचन की कार्रवाई प्रारंभ की गई। राकेश तिवारी को चुनाव अधिकारी नामित किया गया। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने वरिष्ठ सलाहकार के लिए डॉ. अमित वर्मा, विशेष सलाहकार डॉ. आरिफ सिद्दीकी को नामित किया। सोमवीर सिंह यादव, मोहित सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनीष सिंह, अभिषेक कुमार, प्रशांत कुमार, रोहित राय, अमित कुमार सिंह, दिलीप कुमार, राकेश तिवारी, राम नारायण शुक्ला व धर्मेंद्र सिंह वर्मा को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।

सिलेंडर के लीकेज से फास्ट फूड दुकान में लगी आग

राम सनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली के कोटवासडक में एक फास्ट फूड में गैस सिलेंडर का पाइप लीक होने से आग लग गई। आग की लपटे देख आसपास के दुकानदारों ने फायर बिग्रेड को सूचना देने के साथ स्वयं आग बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर कोटवासड़क पर प्रदीप की फास्ट फूड की दुकान है। बुधवार दोपहर फूड तैयार करते समय गैस सिलेंडर का पाइप लीक होने से आग लग गई। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग से करीब 10 हजार रुपये के नुकसान की बात बताई जा रही है।

फास्ट फूड की दुकान में लगी आग।

नवागत खंड शिक्षाधिकारी का स्वागत

खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत करते शिक्षामित्र। अमृत विचार

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : लंबे अर्से बाद पूर्ण कालिक खंड शिक्षा अधिकारी की विकास खंड में तैनात की गई है। शिक्षामित्रों ने नवागत खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। बुधवार को शिक्षामित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित मिश्रा की अगुवाई में शिक्षामित्रों ने नवागत खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय का स्वागत किया। इस दौरान ब्लॉक महामंत्री अरुण कुमार सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रहलाद विमल, प्रदीप यादव, प्रेम यादव, देशराज, शिवकुमारी, कुमकुम वर्मा, गीता, दिनेश, इंद्रेश, मुकेश, राजनरायन एवं ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सिंह सहित दर्जनों शिक्षामित्र मौजूद रहे।

चार मामलों में अर्थदंड की सजा

बाराबंकी, अमृत विचार : लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में बुधवार को अलग-अलग अदालतों ने चार मुकदमों में अर्थदंड और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाकर उन्हें निस्तारित किया। फतेहपुर थाने में दर्ज महिला से अश्लीलता करने वाले अभियुक्त उजरवारा निवासी जुरार और मोहम्मदपुर खाला थाने के जिगना निवासी जितेंद्र चौहान को 5-5 सौ रुपये जुर्माने व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गई। असंद्रा थाने में तमंचे के साथ पकड़े गए अभियुक्त अयोध्या के मवई थाने के रसूलापुर कुशहरी निवासी समसुद्दीन को दोषी करार देते हुए एक हजार रुपये जुर्माना और जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई गई। इसी थाने के मारपीट के एक मामले में खुशेहटी निवासी संताराम, सुरेश और मंगली को दोषी मानते हुए 4-4 सौ रुपये अर्थदंड और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गई।

व्यवस्था | 4 घंटे तक ऑनलाइन चली चुनाव आयोग की क्लास, नामांकन से मतगणना तक का पढ़ाया पाठ

लोकसभा चुनाव में इस बार ऑनलाइन भी हो सकेगा नामांकन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : 2024 के लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार ऑनलाइन नामांकन भी कर सकेंगे। उनके द्वारा दाखिल किया गया शपथ पत्र व अन्य विवरण आम जनता भी देख सकेगी। चुनाव के दौरान सीज किए गए रुपये का विवरण भी आम जनता के लिए आयोग की वेबसाइट पर कारण सहित उपलब्ध रहेगा। यह प्रयोग लोकसभा चुनाव में इस बार पहली बार होने जा रहा है।

चुनाव आयोग के ऑनलाइन दिए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 15 अधिकारी सम्मिलित हुए। बताया गया कि नामांकन प्रपत्र ऑनलाइन भरा जा सकता है। यह सुविधा अंतिम तिथि के 24 घंटे पहले तक उपलब्ध रहेगी। अंतिम दिन केवल सीधे प्रस्तुत होकर ही नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। ऑनलाइन नामांकन दाखिल करते ही निर्वाचन अधिकारी के व निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर भी यह दिखने लगेगा। ऑनलाइन नामांकन दाखिल करने के बाद निर्वाचन अधिकारी संबंधित उम्मीदवार को प्रस्तुत होने का समय देंगे। इसके बाद वह अपने प्रस्तावक, समर्थक और अपने दस्तावेजों का मिलान करा सकेगा। प्रत्याशी ऑनलाइन फीस भी जमा कर सकेंगे। अधिकारियों को बताया गया कि चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले खर्च का प्रबंधन कैसे करना है, प्रत्याशियों के चुनाव प्रबंधन पर किस तरह नजर रखनी है। प्रशिक्षण में शामिल अधिकारियों के मुताबिक, इस बार आयोग नकद रकम लेकर चलने पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाने जा रहा है। वे सभी लोग नकद रकम लेकर चल सकेंगे जिनके पास इस रकम का दस्तावेजी सबूत हो। बैंक से निकाली गई रकम बैंक की रसीद के साथ लोग ले जा सकेंगे। प्रत्याशियों का पूरा ब्योरा नामांकन पत्र पर दाखिल करने के साथ ही आम जनता के लिए ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएगा। मतदान के दौरान इस बार मतदान का प्रतिशत जानने के लिए 2 घंटे तक प्रतीक्षा नहीं करनी होगी, बल्कि वोटिंग का पल-पल का ब्योरा स्वतः अपडेट होता रहेगा। किस बूथ पर किस कर्मचारी या अधिकारी के तैनाती है, इसका ब्योरा भी ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। प्रशिक्षण में शामिल रहे अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चंद्रकांत त्रिपाठी ने बताया कि चुनाव आयोग इस बार पूरी व्यवस्था को पारदर्शी बना रहा है। न केवल उम्मीदवार और राजनीतिक दल, बल्कि आम जनता भी जब चाहेगी, आयोग की वेबसाइट से संबंधित क्षेत्र का पूरा ब्योरा, प्रत्याशियों की डिटेल और चुनाव आयोग की व्यवस्था का अवलोकन कर सकेंगे। इस बार चुनाव पूरी तरह से अत्याधुनिक व्यवस्था के साथ संपन्न कराने की तैयारी है। इसे लेकर चुनाव आयोग तैयारी में जुटा हुआ है। साथ ही चुनाव ड्यूटी में लगने वाले कर्मियों को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है।

दहेज हत्या में पति, ननद व सास- ससुर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने बुधवार को पति, ननद, सास और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला रामनगर थाने के थालखुर्द गांव का है। मंगलवार को यहां के निवासी संदीप की पत्नी अंशु देवी 20 की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई थी। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के पंडित पुरवा निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने बेटी का विवाह मई 2023 में किया था। दहेज की मांग को लेकर पति संदीप, उसकी बहन प्रीति, पिता गजराज और सास पुष्पा प्रताड़ित करती थीं। सभी ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने पति समेत सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।

महादेवा कॉरिडोर की जमीन के मुआवजे को चाहिए 50 करोड़

योजना

▸▸ जिलाधिकारी ने भेजा प्रस्ताव अभी तक नहीं मिली मंजूरी

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी

महादेव मंदिर और उसका मुख्य द्वार। अमृत विचार

अमृत विचार : बहुचर्चित महादेवा कॉरिडोर को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने के प्रस्ताव को शासन ने हरी झंडी दे दी है लेकिन अभी तक आवश्यक बजट आवंटित नहीं किया गया है। कॉरिडोर की जमीन का मुआवजा देने के लिए भी जिला प्रशासन को 50 करोड़ रुपये की दरकार है। हालांकि, अभी भी दावा यही किया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना सूचना जारी होने से पहले ही इस पर काम शुरू होगा।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने महादेवा कॉरिडोर के लिए 11 एकड़ जमीन चिन्हित की है। इसमें 167 मकान भी शामिल हैं। इसके लिए जिलाधिकारी ने शासन से 50 करोड़ रुपये मांगे हैं। इस रकम से भू-स्वामियों को मुआवजा दिया जाएगा। प्रस्ताव को शासन की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। कैबिनेट की मोहर लगने के बाद ही वित्तीय स्वीकृति मिलने की संभावना है। वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद ही काम शुरू हो सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद महादेव में जलाभिषेक के बाद यहां कॉरिडोर बनाने की इच्छा जताई थी। सक्रिय हुए प्रशासन ने जमीन चिन्हित करने का कार्य प्रारंभ किया। भू और भवन स्वामियों से कॉरिडोर निर्माण के लिए जमीन देने के संदर्भ में सहमति पत्र लिया जा चुका है। इसमें कोई कानूनी व्यवधान आने की संभावना नहीं है। काशी काशी विश्वनाथ मंदिर के कॉरिडोर की तर्ज पर ही इसका भी नक्शा और प्लान तैयार किया गया है। योजना को धरातल पर उतरने के लिए मुआवजे की 50 करोड़ की रकम का इंतजार जिला प्रशासन कर रहा है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है। सबसे पहले उन लोगों को मुआवजा दिया जाना है जिनकी जमीन इस कॉरिडोर में सम्मिलित की जानी है। इसके लिए शासन से 50 करोड़ रुपये की मांग की गई है। इस कॉरिडोर के निर्माण पर आने वाले खर्च के लिए अनुमानित इस्टीमेट तैयार कराया जा रहा है।

एक नजर

33 लीटर शराब के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस के अवैध शराब को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को अलग-अलग जगह से 33 लीटर शराब के साथ चार आरोपियों को दबोचा। उसके बाद थाने लाकर सभी पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। टिकैतनगर पुलिस ने खेतासराय निवासी संतराम और मिथलेश को 25 लीटर और देवा कोतवाली पुलिस ने सैहारा निवासी पिंटू को 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसके अलावा, कोठी पुलिस की टीम ने आठ लीटर शराब के साथ कस्बे के ही अरविंद को गिरफ्तार किया।

एचटी लाइन से जली गन्ने की फसल

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : तहसील के इंद्रपुर गांव निवासी रवि प्रकाश सिंह के खेतों के ऊपर से 11 हजार केवीए की विद्युत लाइन गुजरी है जिसके तार नीचे लटके हुए हैं। तेज हवा के कारण विद्युत लाइन गन्ने की फसल से टकरा गई जिससे आग लग गई। रवि के खेत में लगा दो बिस्वा गन्ना जल गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

46 लोगों पर की गई शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : बुधवार को विभिन्न थानों की पुलिस ने तीन वारंटी और 9 वांछितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से सभी को जेल भेजा गया। वहीं, अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 46 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

चाकू के साथ एक बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार : फतेहपुर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को कटघरा निवासी संजय को चाकू के साथ शेखपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से दबोचा। उसके बाद आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

हवा-बारिश से धुले किसानों के अरमान

जिले के कई हिस्सों में फसलें प्रभावित, तेज धूप के बाद ठंड में हुआ इजाफा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

बारिश से धराशाई हुई सरसों की फसल। अमृत विचार

अमृत विचार : चक्रवती हवाओं की वजह से जिले में मंगलवार की देर रात बारिश और तेज हवाएं चलने से फसलों को नुकसान हुआ है। आसमान से आई आफत को देखकर किसानें के अरमानों पर पानी फिर गया। इससे उनकी मुसीबतें बढ़ गईं हैं। तेज हवा और बारिश से जिले के कई हिस्सों में घंटों बिजली गुल रही, ठंड में भी इजाफा हुआ है।

सिद्धौर ब्लॉक में बारिश व तेज हवा चलने से गेहूं की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। इसी के साथ अन्य फैसले आलू, सरसों, मटर-चना आदि भी प्रभावित हुई हैं। किसानों का कहना है कि दैवीय आपदा से उन्हें मार झेलनी पड़ रही है। किसान रामनरेश, राम प्रकाश, शेर बहादुर, रामपाल आदि का कहना है कि पूरे साल दैवी प्रकोप से परेशान हो चुके हैं, ऐसे में बीच-बीच में इस प्रकार से बेमौसम बरसात से और बर्बादी हो जाती हैं। वहीं, सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में भी रात में तेज हवा के साथ हुई बारिश से गेहूं, सरसों, आलू की फसलों को नुकसान हुआ है। बारिश से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था भी चरमरा गई। रात 12 बजे से गुल हुई बिजली दिन में करीब 3 बजे आई जिससे लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। आधे घंटे की बारिश और तेज हवाओं से गेहूं, सरसों व आलू की फसलों को नुकसान पहुंचा है। त्रिवेदीगंज प्रतिनिधि के अनुसार, तेज आंधी पानी के चलते क्षेत्र में तमाम फसल तबाह हो गईं। गेहूं और सरसों के खेत में पसले पलट कर धराशाई हो गई। यह नुकसान किसानों के लिए चिंता का सबक बन गया है। किसान रवींद्र, राम सिंह, प्रवेश आदि का कहना है कि गेहूं और सरसों की फसले पलट जाने से उत्पादन में भारी गिरावट आएगी। त्रिवेदीगंज में बुधवार की रात आई तेज आंधी और बारिश के चलते क्षेत्र में तमाम फैसले तबाह हो गई। किसानों के चेहरे पर स्पष्ट रूप से चिंता की लकीरें इस बात का सबूत है कि उनकी फसले धराशाई होने से उत्पादन में भारी गिरावट आएगी। क्षेत्र के रवींद्र वर्मा, राम सिंह वर्मा, प्रवेश कुमार आदि किसानों का कहना है कि गेहूं और सरसों की फसले पलट जाने से उत्पादन में भारी गिरावट आएगी

खेत में गिरी पड़ी फसल। अमृत विचार

पोस्ता की फसल बर्बाद

हरख ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार देर रात तेज बारिश और तूफान से सरसों, गेहूं समेत पोस्ता की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। गांव पीरपुर तृतीय के किसान राम, विजय कुमार, भारत सिंह सहित कई की अफीम की फसल गिरकर चौपट हो गई है। इतना ही नहीं, मौसम की भारी मार के चलते क्षेत्र के करीमाबाद, मलौली, बरकत नगर, खानपुर पीरपुर, सदरपुर, लालपुर, पारकपुरवा सहित कई गांवों के किसानों की अफीम की फसल भी बर्बाद हो गई जिससे किसानों पर संकट छाया हुआ है और वह मायूस दिख रहे हैं।

महिला को फोन कर परेशान करने वाले युवक को लिया गया हिरासत में

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : महिला को फोन कर परेशान कर रहे युवक को हैदरगढ़ पुलिस ने बुधवार की शाम बस से उतारकर हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए युवक से पूछताछ की जा रही है। जनपद अमेठी के इन्हौना थाना क्षेत्र की एक महिला देर शाम चौकी इंचार्ज के पास पहुंची। उसने पुलिस को बताया कि जनपद अमेठी के ही मुसाफिरखाना निवासी रंजीत सिंह उसे कई दिनों से फोन और व्हाट्सएप के जरिए परेशान कर रहा है। युवक उसे अश्लील मैसेज भेजा है। पीड़िता ने बताया कि इस संबंध में उसने गोल्फ सिटी, लखनऊ में शिकायत भी दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को जानकारी दी कि आरोपी युवक इस समय रोडवेज बस से मुसाफिरखाना से लखनऊ जा रहा है। उसकी बस हैदरगढ़ पहुंचने वाली है। पुलिस पीड़ित महिला को लेकर लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे स्थित टोल प्लाजा पर पहुंची। रोडवेज बस के आते ही पुलिस ने पीड़िता से शिनाख्त कराने के बाद आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस आरोपी को थाने लाकर पूछताछ कर रही है। कोतवाल अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि मामला गोल्फ सिटी थाने से जुड़ा है, जांच की जा रही है।

लोन दिलाने के नाम पर 70 हजार की ठगी

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : बिना ब्याज के लोन दिलाने के नाम पर साइबर ठगों ने एक बेरोजगार युवक से 70 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है।

मामला मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र कुतलुपुर गांव का है। यहां के निवासी सौरभ मौर्या ने पुलिस का दी तहरीर में बताया कि 31 जनवरी को उसने फेसबुक पर मुफ्त ब्याज का विज्ञापन देखने बाद दिए गए लिंक पर जाकर लोन के लिए आवेदन कर दिया। इसके बाद उसके नंबर पर एक फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को फाइनेंस कंपनी का एजेंट बताकर फाइल चार्ज के नाम पर 1250 रुपये गुगल-पे करा लिए। उसके बाद मोबाइल पर मेल आई। इसमें फिर 3830 रुपये ट्रांसफर करने को कहा। एक के बाद एक लोन चार्ज के नाम पर जालसाजों ने पांच बार में 70,610 रुपये की ऑनलाइन ठगी की। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

जिला कारागार को मिले 4 पुरस्कार

बाराबंकी, अमृत विचार : राज भवन में पिछले दिनों आयोजित साग-भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में जिला कारागार बाराबंकी द्वारा विभिन्न प्रकार की शाक-भाजी रखी गई। राज्यपाल ने जिला कारागार, बाराबंकी को सेम 500 ग्राम में प्रथम पुरस्कार, सलाद 3 अदद को प्रथम पुरस्कार, आलू लाल प्रजाति एक किलो में तृतीय पुरस्कार तथा श्रेष्ठ मिश्रित शाक-भाजी की डाली जिसका व्यास 125 सेमी से अधिक न हो, तृतीय पुरस्कार के लिए प्रमाण पत्र और ट्राफी प्रदान की गई।

सार-संक्षेप

सनातन धर्म का हिस्सा है संस्कृति

जूना अखाड़े के संत जीत गिरी जी महाराज का स्वागत करते आयोजक।

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : संस्कार सामाजिक समरसता तो संस्कृति सनातन धर्म का हिस्सा है। उक्त बातें जूना अखाड़ा के संत जीत गिरी महाराज ने रामनगर कस्बा स्थित अटौटा में चल रही सात दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं भागवत कथा के समापन अवसर पर आयोजित भंडारे व सांस्कृतिक संध्या के अवसर पर कही। विहिप के विभाग मंत्री डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि संस्कारवान युवा ही समृद्धवान प्राचीन सनातन धर्म संस्कृति को संजोकर धर्मांतरण, लव जिहाद जैसी धर्म विरोधी घटनाओं को रोक सकते हैं। देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। संगठन के जिला मंत्री राहुल वर्मा के संचालन, आयोजक रामवती वर्मा व संचालक बबलू वर्मा ने संभ्रांतों को सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. राम खेलावन, निर्मल, मनीष, हिमांशु, रजनीश सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे। वहीं, गाजे-बाजे के साथ भक्तों ने रामपुर महासिंह स्थित राजा साहब के तालाब में प्रतिमाएं विसर्जित की। विसर्जन के दौरान पर पुलिस बल मौजूद रहा।

पति व पत्नी एक-दूसरे के पूरक

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार : श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छठें दिन बुधवार को ग्राम पंचायत जरौली में पूर्व प्रधानाध्यापक शिवदास तिवारी के निवास पर अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य दिव्यांशु महाराज ने श्रीकृष्ण से रुक्मिणी के विवाह की बहुत ही मनोरम कथा सुनाई जिसे सुनकर श्रोता भक्ति रस में डूबे रहे। उन्होंने कहा कि प्रेम चिरंतन होता है, उसे स्थायित्व भक्ति और श्रद्धा से ही मिलती है। आचार्य प्रवर के अनुसार पति और पत्नी एक-दूसरे के पूरक हैं। महारानी रुक्मिणी के मन की एकाग्रता ही उन्हें श्रीकृष्ण के सानिध्य में ले जा सकी। कथा में विशेसर तिवारी, ओमशंकर तिवारी विकास पाठक, राहुल तिवारी, अजीत तिवारी, अखिलेश शुक्ला सहित क्षेत्र के कई गांव के कई लोग रहे। आयोजन में श्रीकृष्ण के विवाह की झांकी देखकर लोग आनंद में नाचने-गाने लगे।

प्रेस क्लब का स्थापना दिवस मनाया

वन रेंजर संतोष मिश्रा को स्मृति चिन्ह प्रदान करते प्रेस क्लब के सदस्य।

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : भारतीय अवध प्रेस क्लब का स्थापना दिवस तहसील रामसनेही घाट के राम जानकी मंदिर प्रांगण में मनाया गया। मुख्य अतिथि वन विभाग रेंजर संतोष मिश्रा का अध्यक्ष सूर्यमणि पांडेय ने स्वागत किया। इस दौरान भोला नाथ मिश्रा, दिनेश तिवारी, फायर ब्रिगेड प्रभारी चंद्र भूषण शुक्ला, मुकेश कुमार, राम नारायण मिश्रा, सूरज सिंह, डॉ. भष्मा मिश्रा, डॉ. एम एल साहू, राकेश वर्मा, राम कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक मणि तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मां की ममता, नवजात को गोद और परिवार को मिला न्याय

बाराबंकी, अमृत विचार : जैदपुर थाना अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र में जून माह में एक मानसिक मंदित मां ने एक शिशु (बालक) को जन्म दिया। शिशु पर कुछ लोगों ने अपना अनाधिकृत दावा कर छीनने की कोशिश की जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. राजेश शुक्ला और रचना श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर पुलिस की मदद से जच्चा-बच्चा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, राजकीय महिला शरणालय अयोध्या में आश्रय दिलाया। मनोचिकित्सक की रिपोर्ट के अनुसार मां की मानसिक स्थिति से बच्चे को खतरा होने पर न्यायालय बाल कल्याण समिति के आदेश से शिशु को राजकीय बाल गृह (शिशु) और मां को मानसिक मंदित अपना घर आश्रम मोतीनगर लखनऊ भेजा गया। मां की लगातार कई बार की काउंसिलिंग और समिति के निरीक्षण व तत्परता से तार से तार जोड़कर मां द्वारा बताए गए पते का समस्तीपुर पुलिस प्रशासन और जिला बाल संरक्षण इकाई से सहयोग लेकर जानकारी प्राप्त की गई। नवजात शिशु की बड़ी बहन और अन्य परिजन उपस्थित होकर नवजात शिशु व मां को अपने साथ ले जाने का अनुरोध किया। तीन सदस्यीय न्यायपीठ/ बाल कल्याण समिति बाराबंकी की न्यायिक सदस्य रचना श्रीवास्तव, राजेश शुक्ला व दीपशिखा श्रीवास्तव ने सर्वसम्मति से निर्णय में कहा कि मां और शिशु को बड़ी बहन के संरक्षण में अस्थाई सुपुर्द करते हुए क्षेत्राधिकार वाले समस्तीपुर सीडब्ल्यूसी को प्रकरण को अंतिम निस्तारण के लिए स्थानांतरित कर दिया जाए। साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई व विशेष किशोर पुलिस को आदेशित किया है कि मां-बच्चे को आश्रय गृह से स्वतंत्र/ मुक्त कराकर बाल कल्याण समिति/न्यायपीठ समस्तीपुर के समक्ष परिजन सहित उपस्थित करा स्थाई संरक्षण करा आख्या उपलब्ध कराए।

डॉग स्क्वायड के साथ सीओ ने परखी कोर्ट की सुरक्षा

छानबीन करता डॉग स्क्वायड।

बाराबंकी, अमृत विचार: डॉग स्क्वायड, स्वाट और नगर कोतवाली पुलिस की टीम के साथ बुधवार को सीओ सिटी ने न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था परखी। संदिग्धों के साथ मैटल डिटेक्टर और सीसीटीवी भी जांचे।

पुलिस अधीक्षक ने जिले में शांति व्यवस्था को लेकर सभी राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों को महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों और संस्थानों की नियमित चेकिंग के निर्देश दिए थे। बुधवार को क्षेत्राधिकारी नगर डॉ. बीनू सिंह ने डॉग स्क्वायड, स्वाट व नगर कोतवाली की टीम के साथ न्यायालय परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर न्यायालय परिसर में मैटल डिटेक्टर व सीसीटीवी चेक किए। न्यायालय परिसर की सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को ब्रीफ कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

धनुष का खंडन होते ही लगे जय श्रीराम के जयकारे

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

धनुष यज्ञ के बाद राम दरबार का दृश्य। अमृत विचार

अमृत विचार : प्रभु श्रीराम ने जब गुरु विश्वामित्र के आदेश पर धनुष का खंडन किया तो परिसर श्रीराम के उदघोष से गुंजायमान हो गया। कोतवाली बदोसराय के ग्राम खोरएत्मदपुर में दो दिवसीय रामलीला का आयोजन किया गया। इमें ताडका वध, अहिल्या उद्धार, पुष्प बाटिका, गिरिजा पूजन, बाणासुर रावण संवाद, परशुराम-लक्ष्मण संवाद प्रमुख केंद्र रहे।

धनुष भंग के बाद माता सीता ने प्रभु श्रीराम के गले में जयमाल पहनाई तो चारों ओर जय-जयकार होने लगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीता देवी पीजी कॉलेज के संरक्षक अवधेश शुक्ला ने कहा कि प्रभु श्रीराम के आदर्शों को यदि मनुष्य अपने जीवन में उतार ले तो उसे विपरीत परिस्थितियां कभी विचलित नहीं कर सकतीं। श्रीराम के पग चिह्नों का अनुसरण करने वाला मनुष्य कभी परास्त नहीं हो सकता। इसलिए, हम सभी को प्रभु श्री राम और माता सीता के चरित्र चित्रण का अवलोकन करना चाहिए। इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने उन्हें प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। पंडाल में मौजूद लोगों ने रामलीलपा मंचन का लुत्फ उठाया। इस दौरान अभिषेक शुक्ला, राजेश द्विवेदी, बजरंग यादव, दयाशंकर सहित कमेटी के सभी लोग भी मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मेरे पासपोर्ट में पत्नी का नाम शादमा लिखा है जबकि उनका नाम शादमा खातून है, जो सही है। पता 932 सिविल लाइन दर्ज है जबकि सही पता 932 फूलबाग कॉलोनी डीएम आवास के पास है। **फरीद अहमद पुत्र रईस अहमद, 932 फूलबाग कॉलोनी डीएम आवास के पास, फतेहपुर**

सूचना

मैं शीरीन फात्मा निवासी मन्सूर नगर लखनऊ, यह सूचित करती हूँ कि मेरे नाम की सही Spelling SHIRIN FATMA है। अतः सदैव इसे यथावत ही लिखा जाये।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैनें अपने चौथे नम्बर के पुत्र सर्वेश कुमार के गलत कृत्यों को लेकर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं अपनी चल-अचल सम्पत्ति से सर्वेश को बेदखल करता हूं। **राम प्रसाद पुत्र बाबू, ग्राम बहबलपुर, हुसेनगंज, फतेहपुर**

सूचना

मेरे पॉलिसी संख्या-312145444 में मेरा नाम सूरज कुमार वर्मा लिखा गया है जो कि मेरा घर पर बुलाने वाला नाम है मेरे आधारकार्ड और बैंक खाते में मेरा नाम आलोक कुमार वर्मा है जो कि सत्य व सही है। सूरज कुमार वर्मा व आलोक कुमार वर्मा मेरा ही नाम है किसी अलग-अलग व्यक्ति का नाम नहीं है।

सूचना

कम्पनी के कुछ ROC वैधानिक रिकॉर्डर्स गुम हो गए हैं। मिलने वालों को उचित इनाम। सम्पर्क करें- **कनक भवन प्रसाद सेवा प्रा0लि0, कनक भवन मन्दिर मो0 रामकोट अयोध्या। मो0 : 8218830641**

माँ भगवती महाविद्यालय

जी0टी0रोड, सलेमपुर, सिकन्दरपुर, कन्नौज

Email ID:- mbdegreecollege@gmail.com

Phone:- 9336851293, 8573055555

शिक्षण हेतु आवश्यकता है

बी0एस0सी0 – भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान सहा0 आचार्य की

योग्यता एंव सेवा शर्ते यू0जी0सी0 एवम् उ0प्र0 शासन के नियमानुसार

सचिन दुवे (प्रबन्धक)

सुविधा उत्पादन शुरु होने के एक दो साल बाद मिलेगी अनुदान की राशि, निवेश मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन करेंगे आवेदन

उद्यम स्थापना के बाद सब्सिडी से लाभान्वित होंगे निवेशक

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

शिलान्यास का पत्थर।

अमृत विचार : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के बाद उद्यम लगाने वाले निवेशकों को अब योजना के अनुसार सब्सिडी की धनराशि मिलेगी। उत्पादन शुरू होने के एक या दो साल बाद उनके खातों में धनराशि भेजी जाएगी। इस धनराशि से निवेशक अपने उद्यम को और आगे बढ़ाने के साथ बुंलदियों तक पहुंचाएंगे। निवेश मित्र पोर्टल पर अनुदान पाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था बनाई गई है।

प्रदेश सरकार ने एमओयू पर विभिन्न उद्यमों की स्थापना करने के लिए निवेशकों को ऋण पर सब्सिडी देने की व्यवस्था की है। इसके लिए पहले निवेशकों को अपनी धनराशि खर्च करके सामग्री व मशीनरी खरीदने का निर्देश दिया गया था। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान अपने उद्यम का संचालन करने वाले निवेशकों को जहां योजना पर छूट दिलाने की प्रक्रिया शुरु हो गई है, वहीं अन्य उद्यम लगने के साथ उनमें उत्पादन शुरू होने के एक या दो साल बाद ओडीओपी, एमईएसमी, डेरी, फूड प्रोसेसिंग समेत अलग-अलग योजनाओं में करोड़ों की अनुदान राशि मिलेगी। लाभ पाने के लिए निवेशक कागजात तैयार करा निवेश सारथी और निवेश मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करेंगे। आवेदन के बाद विभिन्न विभागों की मंडल व राज्यस्तरीय टीम के अनुमोदन के बाद निवेशकों को सब्सिडी की राशि मिल सकेगी। विभाग के मुताबिक, सब्सिडी की राशि मिलने पर संचालित सेवा व निर्माण उद्यमों के कार्य में और तेजी आएगी। बताते चलें कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के बाद जिले में 11 हजार करोड़ से अधिक की लागत से 214 इकाईयां लग रही हैं। इनमें से 56 में उत्पादन भी शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री उद्योग मित्र रहमान अंसारी ने बताया कि निवेशकों को योजनाओं के अनुसार सब्सिडी मिलेगी। इसके लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

कार्यस्थल पर लगेंगे लोकार्पण के पत्थर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 फरवरी को लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में इकाईयां लगाने से पहले भूमि पूजन किया था। इसके बाद सभी जिलों के जिला उद्योग केंद्र को भूमि पूजन के पत्थरों की खेप उपलब्ध कराई गई है। इसके तहत जिले की 214 इकाईयों पर लगाने के लिए ये पत्थर दिए गए हैं। इनका वितरण विभाग द्वारा निवेशकों को कराया जा रहा है। इस पत्थर पर जीबीसी का लोगो समेत पीएम व सीएम के साथ विभागीय मंत्री का नाम भी दर्शाया गया है।

अभी तक किसी का नहीं हुआ आवेदन

ऑनलाइन आवेदन होते ही निवेशकों को सब्सिडी की राशि जल्द दिला दी जाएगी। अभी तक किसी निवेशक का ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर नहीं हो सका है। जिले में 11 हजार करोड़ से अधिक की लागत से 214 इकाईयां लगने जा रही हैं जिनका भूमि पूजन प्रधानमंत्री ने हाल ही में किया था। **-आशुतोष श्रीवास्तव, उपायुक्त, जिला उद्योग केंद्र**

एक फॉर्म का पांच सौ दो तब मिलेगी पेंशन...

- एडीओ समाज कल्याण अधिकारी का प्रधान से रुपये मांगने का ऑडियो वायरल

रायबरेली, अमृत विचार। अगर गरीबों को सरकारी पेंशन का लाभ लेना है तो उसके लिए जिम्मेदारों को खुश करना पड़ेगा। और अब तो अधिकारी इसकी खुलेआम मांग करने करने लगे है। यह अधिकारी जब एक जनप्रतिनिधि से पैसे की मांग और न देने पर सुनवाई न करने का ताना मार रहे है, तो आम जनता के साथ इनका क्या रवैया होगा। यह किसी से छिपा नही है। बुधवार को डलमऊ ब्लॉक में तैनात एडीओ समाज कल्याण और एक प्रधान के बीच पेंशन को लेकर पैसों की हो रही मांग का आडियो वायरल हो गया। आडियो वायरल हो गया प्रशासन में हड़कंप मच गया। आलम यह है कि गरीब को मिलने वाली पेंशन पर भी नजर है और बिना पैसे दिए उनका फार्म ही नही बढ़ाया जा रहा है। जिससे उनकी पेंशन की आस सपना बनकर रह गया है। वायरल आडियो में एडीओ समाज कल्याण अधिकारी प्रधान से पेंशन फार्म पर प्रति फार्म में पांच सौ रुपये की मांग कर रही है। प्रधान मैडम की बड़ी विनती करता रहा लेकिन वह मानने को राजी नही थी। वही इस बाबत जब डलमऊ ब्लाक में तैनात एडीओ समाज कल्याण अधिकारी प्रगति वर्मा से बात की गई तो उन्होने अनभिज्ञता जताई। वही सीडीओ के सरकारी नंबर पर बात करने की कोशिश की गई तो उन्होने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा।

इंतजार खत्म, आज 108 केंद्रों पर 70793 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

- माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल, इंटर परीक्षा 2024
- आठ जोन और 19 सेक्टरों में बांटा गया जिला, 4821 कक्ष निरीक्षक कराएंगे परीक्षा

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल इंटर की परीक्षा का इंतजार खत्म हो गया है। गुरुवार को पहले दिन दोनों पालियें में हिंदी की परीक्षा होगी। जिले के 108 केंद्रों पर 70793 परीक्षार्थी शामिल होंगे। नकल रोकथाम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सीसी कैमरे से कक्षों में पल-पल की नजर रखी जाएगी। साथ ही जिला मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम से दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे।

न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज मुराई बाग में बना स्ट्रांग रूम।

शांति मनोहर इंटर कॉलेज मुराई बाग में बना स्ट्रांग रुम।

बोर्ड परीक्षा 2024 कराने के लिए शिक्षा विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। हालांकि नकल माफिया अपनी रोटियां सेकने के प्रयास में हैं। सबसे बड़ी चुनौती ग्रामीण क्षेत्र के केंद्रों पर नकल रोकने की है। हालांकि सीसी कैमरा लगने से काफी हद तक इस पर भी अंकुश पा लिया गया है। जिले के 108 परीक्षा केंद्रों पर 4821 कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गई है। इसके अलावा नकल रोकथाम के लिए 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट, आठ जोनल मजिस्ट्रेट और 108 स्टेटिक मजिट्रेट तैनात किए गए हैं।

> बोर्ड परीक्षा कराने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। नकलमाफियाओं की कतई नहीं चलेगी। सीसी कैमरे की निगरानी में परीक्षा होगी। इस दौरान जिला मुख्यालय से भी नजर रखी जाएगी।
>
> –ओमकार राणा
> जिला विद्यालय निरीक्षक रायबरेली

बाह्य के साथ ही आंतरिक सचल दस्ता भी बनाया गया है। न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में केंद्र व्यवस्थापक अनुपम पांडेय, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक देवी दयाल, स्टेटिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार यादव, जबकि शांति मनोहर इंटर कालेज के केंद्र व्यवस्थापक अरुण सिंह, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक रोहित सिंह और स्टेटिक मजिस्ट्रेट नीरज कुमार को बनाया गया है। केंद्र व्यवस्थापकों ने बताया कि शासन के दिशा निर्देश का अक्षरशः पालन किया जा रहा है।

बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी

	हाईस्कूल	इंटरमीडिएट
बालक	20551	15839
बालिका	19532	14871
कुल सं0	40083	30710

बोर्ड परीक्षा पर एक नजर

कक्ष निरीक्षकों की संख्या	4821
परीक्षा केंद्रों की संख्या	108
सेक्टर मजिस्ट्रेट	19
जोनल मजिस्ट्रेट	08
स्टेटिक मजिट्रेट	108
केंद्र व्यवस्थापक	108
कक्ष निरीक्षक माध्यमिक	3050
कक्ष निरीक्षक बेसिक	1771
आंतरिक सचल दस्ता	324
अवमोचक	268
प्रयुक्त अधिकतम परीक्षा कक्ष	1362

नामित नोडल अधिकारी
सिटी मजिस्ट्रेट मोबाइल नंबर
9454416626

खेतों में गेहूं समेत कई फसलों को पहुंचा नुकसान, पैदावार होगा प्रभावित

अन्नदाताओं की बढ़ीं मुश्किलें

- मौसम ने ली करवट, तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

खीरों, रायबरेली

अमृत विचार। मंगलवार की रात में मौसम ने करवट बदली और तेज हवाओं के साथ पहले बूंदाबांदी और फिर तेज बारिश शुरू हो गई। यह क्रम सारी रात चलता रहा। इससे किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अब उन्हें फसल बचाने की चिंता सताने लगी है।

किसान अमरेंद्र सिंह, राज बहादुर सिंह, शिवलाल, राम लखन, जयविंद, हरिशंकर, देवनारायण आदि ने बताया कि मंगलवार की रात में हुई बारिश का किसानों की फसलों पर अभी तक मिलाजुला असर पड़ा है। किसानों की गेहूं की फसल की सिंचाई शायद अब नहीं करनी पड़ेगी। लेकिन इससे गेहूं की गिरने से उसकी सेहत जरूर बिगड़ी है। इस बारिश से जिन किसानों की गेहूं की फसल गिरी है। उससे गेहूं की पैदावार में पच्चीस प्रतिशत तक का नुकसान हो सकता है। वहीं दलहन और तिलहन के लिए यह बारिश बहुत लाभदायक सिद्ध होगी। अभी अधिकांश गेहूं की फसल में बाली नहीं निकली हैं। इसलिए जो पेड़ नीचे दबा रह जायेगा उसके सड़ने की आशंका है।

सरेनी क्षेत्र में गेहूं की फसल को हुआ नुकसान।

खीरों क्षेत्र में खेत में गिरी गेहूं की फसल।

गेहूं के उत्पादन पर पड़ेगा प्रभाव

सरेनी क्षेत्र में बारिश और तेज हवाओं के चलने से गेहूं की फसल पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ा है। हालांकि अभी तक बाली नहीं निकली है, लेकिन बारिश और हवा के कारण पौधों के गिर जाने से उनके सड़ने की संभावना बढ़ गई है। स्थानीय किसानों का कहना है कि बारिश के कारण निचले खेतों में पानी भर गया है। किसी तरह निकालने का जुगत लगाना पड़ रहा है।

राशनकार्ड धारकों को मिला अपना कोटेदार

- विमलेश का निर्विरोध कोटेदार के रूप में किया गया चयन

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। सरेनी विकासखंड के ग्राम सभा छतौना के कोटेदार बृजलाल का निधन हो जाने से गांव के कार्डधारकों को दूसरे गांव राशन लेने जाना पड़ता था। इससे ग्रामीणों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्हें पिछले एक वर्ष लगभग दो किलोमीटर दूर गजपतिखेड़ा गाँव में राशन लेने के लिए जाना पड़ता था। ग्रामीणों की मांग पर कोटेदार के चयन के लिए बैठक का आयोजन किया गया।

ग्राम प्रधान के वित्तीय अधिकारी सीज होने के कारण बैठक की अध्यक्षता ग्राम सभा के सदस्य नौशाद खान ने की। बैठक में प्रशासन की ओर से ज़िला पंचायत राज अधिकारी नवीन कुमार सिंह, एडीओ पंचायत सरेनी सत्येंद्र मिश्रा पर्यवेक्षण के लिये मौजूद रहे। कोटे के लिए दो प्रत्याशियों मोहित और विमलेश ने आवेदन किया था। गांव के अधिकांश ग्रामीणों की उपस्थिति में कोटे के आवेदनकर्ता मोहित ने अपना नाम वापस ले लिया। मोहित के नाम वापस लेने के बाद एकमात्र बचे पूर्व प्रधान सरताज खान के प्रत्याशी विमलेश को निर्विरोध कोटेदार के रूप में चयन कर लिया गया। प्रशासन की ओर से आये डीपीआरओ, एडीओ पंचायत ने भी अपनी संस्तुति प्रदान कर दी।

सार-संक्षेप

मारपीट का मुकदमा दर्ज

खीरो, रायबरेली। क्षेत्र के सेमरी चौराहा निवासी दीपू को उसके गांव के ही शिवा और उसके तीन चार अन्य साथियों ने मार पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल दीपू ने शिवा व उसके तीन चार अज्ञात साथियों के विरुद्ध गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायती पत्र दिया है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

योजनाओं का सभी को मिल रहा लाभ

सरेनी, रायबरेली। शहीद स्मारक सरेनी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। मंडल अध्यक्ष (सरेनी) दिवाकर मिश्रा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बननी तय है। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के कार्य कराए जा रहे हैं। इसका लाभ सभी को मिला रहा है। उपाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया। आशीष मिश्रा, अजय तिवारी, परीक्षित सिंह, अखिलेश यादव, चंद्रकांत, नंदकुमार सिंह ने विचार व्यक्त करते हुए रायबरेली में भाजपा प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से जीत दिलाने की बात कही। इस मौके पर गजाधर लोधी, संतोष कुमार जाटव, विनय कुमार त्रिपाठी, चंद्रेश सिंह, दिनेश कुमार शर्मा, सत्य प्रकाश, विजय कुमार तिवारी, कुंज बिहारी, जितेंद्र त्रिवेदी, प्रभात पवन, सचिन कुमार, वीरपाल सिंह, ऋषि कुमार सिंह, महेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

जीवन जीने की दी प्रेरणा

जगतपुर, रायबरेली। संत निरंकारी सत्संग भवन में बुधवार को सत्संग का आयोजन किया गया। महात्मा राम प्रसाद ने कहा कि भक्ति करने के बाद युगो युगो से मानव के लिए कहा जाता है कि मानव जन्म साथ सार्थकता तभी संभव है, जब हम एक निर्गुण निरंकार प्रभु परमेश्वर को जानकर इसकी भक्ति करेंगे। ब्रांच प्रबंधक महात्मा बसंत लाल ने आए हुए साध संगतो का आभार व्यक्त करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा दिया है। इस मौके पर अशोक कुमार, रतिपाल, शितलू, कमल, साहिल, बसंतलाल, मीरा दीक्षित, आशा, उषा, निर्मला, वंदना आदि साध संगत मौजूद रहे।

निधन पर जताया शोक

सरेनी, रायबरेली। क्षेत्र के हुल्लापुर गांव के समाजसेवी राधे श्याम की पत्नी गोमती देवी का निधन हो गया। अमित, सुमित, मंटू, संजय टेलर, विमला, घुंडी लाल, आशा, डॉक्टर अशोक त्रिवेदी, अभितेंद्र सिंह राठौर, अशोक श्रीवास्तव, गुड़िया, काली टेलर, देवेश साहू, रतन साहू, संदीप, राजेंद्र त्रिपाठी, प्यारे लाल साहू आदि ने शोक जताया।

गीले कचरे से बनेगी जैविक खाद एमआरएफ सेंटर का उद्घाटन

बछरावां, रायबरेली

अमृत विचार। नगर पंचायत क्षेत्र में कचरे का प्रबंधन करने के लिए मेटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी ने किया। यह जनपद में संचालित होने वाला पहला एमआरएफ सेंटर है। इस सेंटर में कचरा को अलग करने के लिए 16 लाख की लागत से मशीनें लगाई गई।

इस योजना से नगर में फैले कचरा को वाहन के माध्यम से इकट्ठा कर एमआरएफ सेंटर पर डंप किया जाएगा। पहले चरण में सूखा कचरा और प्लास्टिक प्रबंधन का काम होगा। वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार वर्मा, सर्वेश कुमार उर्फ मंशू धानुक, सौरभ कुमार, सतीश तिवारी सभासद, नदीम, शंभू सभासद, आशीष कुमार, रामकुमार सोनी, सभासद बालकृष्ण पांडे आदि मौजूद रहे।

क्या है एमआरएफ सेंटर

मटेरियल रिकवरी फैसलिटी (एमआरएफ) सेंटर में कई प्रकार की मशीन लगाई गई है। जिसके माध्यम से सूखा कचरा को अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर उपयोगी और गैर उपयोगी सामानों को अलग-अलग किया जाएगा। इससे नगर में कचरा प्रबंधन को नई दिशा मिलेगी।

सूखे अपशिष्ट को किया जाएगा अलग

नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा ने बताया कि सूखा कचरा प्रबंधन के लिए कन्वेयर वेल्ट के माध्यम से एसेम्बली लाइन बनाकर अपशिष्ट को अलग किया जाएगा। सूखे कचरे में कई तरह के सामान होते हैं। इन सामानों को अलग-अलग कर आवश्यकतानुसार प्रबंधन किया जाएगा, जो वस्तु उपयोग के लायक नहीं रहेगा उसे कबाड़ी को बेच दिया जाएगा। वही गीला कचरा से जैविक खाद का निर्माण कराया जाएगा। इस मशीन में कई चैम्बर होगा।

एमआरएफ सेंटर में कार्य करते कर्मचारी।

ट्रेन से गिरकर युवक की हुई मौत

खीरों, रायबरेली

अमृत विचार। अपने साथी श्रमिकों के साथ ईंट भट्ठे में मजदूरी करने जा रहा खीरों क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी एक युवक मंगलवार की रात ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन से नीचे गिर गया। इससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ट्रेन के चालक ने तकिया स्टेशन पहुंचकर घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना की सूचना स्वजनों को मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और मां बदहवास हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर गांव में मातम छा गया और सभी की आंखें नम हो गईं। खीरों क्षेत्र के गांव मोहनपुर मजरे लोदीपुर निवासी राम मोहन यादव और उनका बेटा राज बहादुर यादव पंजाब के एक ईंट भट्ठे में मजदूरी करते थे।

पिता राम मोहन पंजाब में ईंट भट्ठे पर ही था और बेटा राज बहादुर यादव (25) अपने गांव और आसपास के गांवों के कई श्रमिकों के साथ ऊंचाहार एक्सप्रेस से ईंट भट्ठे में मजदूरी करने पंजाब जा रहा था। वह अपने साथियों सहित रघुराजसिंह रेलवे स्टेशन पर ऊंचाहार एक्सप्रेस में सवार हुआ। जैसे ही ट्रेन रघुराजसिंह स्टेशन से आगे बढ़ी, तभी डिब्बे में अधिक भीड़ होने के कारण किसी ने उसे धक्का दे दिया। जिससे वह नीचे गिर गया। इस दौरान उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ट्रेन के चालक ने तकिया स्टेशन पहुंचकर स्टेशन मास्टर को घटना की सूचना दी। रेलवे से मिली सूचना के आधार पर खीरों पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस परीक्षा निरस्त कराए जाने की मांग

लालगंज, रायबरेली। पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल युवकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसील प्रशासन को दे कर परीक्षा फिर से कराने की मांग की है। नायब तहसीलदार वेद प्रकाश प्रजापति ने उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाने का भरोसा दिया। अभ्यर्थियों ने ज्ञापन देकर अवगत कराया कि 17 व 18 फरवरी को पुलिस विभाग में संपन्न हुई परीक्षा में हम लोग शामिल हुए थे, जिसमे धांधली और पेपर लीक होने की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से हुई।

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
उप संपादक व वरिष्ठ उप संपादक की
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8307111100, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

किसान दिवस किसानों के लिए खुला मंच : अखिलेश पाण्डेय

महराजगंज,रायबरेली

अमृत विचार। तहसील सभागार में जिला कृषि अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित किया गया। इसमें कृषि, पशुपालन, सिचाई, मत्स्य, गन्ना, कृषि विज्ञान केंद्र सहित कई विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों मौजूद रहे।

जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय ने कहा यह आयोजन किसानों का एक ऐसा खुला मंच है, जिसमें किसान बिना झिझक के अपनी समस्या, शिकायत एवं सुझाव दे सकते है। उन्होंने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कृषकों को अपनी फसल का बीमा करवाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में आ रही समस्या के समाधान के बारे में भी जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ आरके कनोजिया द्वार जायद में बुवाई के लिए उर्द, मूंग, मूंगफली मेंथा की खेती की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही चना में लगने वाले कीट रोग प्रबंधन के बारे में अवगत कराया।

पशुपालन विभाग के डॉ सुरेश चंद्रा द्वारा जानकारी दी गई कि गांव-गांव जाकर पशु चिकित्सा सहायता के लिए मोबाइल वैन सरकार द्वारा उपलब्ध करा दी गयी है, जिसमें पशुओं का इलाज मौक़े पर जाकर किया जायेगा। कृषको को पशुपालन विभाग का टोल फ्री नंबर 1962 का प्रयोग करने के लिए बताया। उन्होंने अवगत कराया कि पशु चिकित्सा के लिए मोबाईल वैन का शुल्क काफी कम है। कोई भी वहन करके इसका लाभ ले सकता है। मत्स्य पालन विभाग द्वारा कृषकों को अवगत कराया गया कि अप्रैल माह में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का पोर्टल शुरू हो रहा है।

इच्छुक किसान उक्त योजन में पंजीकृत होकर लाभ ले सकते है, जिनमे सामान्य वर्ग को 40 प्रतिशत एवं अनुसूचित वर्ग को 60 प्रतिशत का अनुदान सरकार द्वारा मत्स्य पालन हेतु दिया जाता है। उपसम्भगीय कृषि प्रसार अधिकारी डा. अख्तर हुसैन द्वारा कृषको को किसान क्रेडिट कार्ड, सोलर पम्प और जैविक खेती के बारे में किसानों को जानकारी दी। उक्त किसान दिवस में तहसील क्षेत्र के तीनों ब्लाकों से कृषि विभाग के समस्त कर्मचारियों सहित 105 किसानों ने प्रतिभाग किया।

स्मृति की सौगात, 100 करोड़ रूपये से लगेगा सलोन में डेयरी प्रोजेक्ट

परशदेपुर, रायबरेली

अमृत विचार। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने बुद्धवार को परशदेपुर में आयोजित सहकारिता सम्मेलन में अमेठी के विकास को लेकर जहां कांग्रेस पर तंज कसा, वहीं लोगों को अयोध्या धाम के दर्शन कराने का वादा भी किया। इसके साथ ही गांव-गांव तक सहकारिता को पहुंचाने के लिए 100 करोड़ के डेयरी के प्रोजेक्ट को सलोन विधान सभा में लाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

दोपहर 12.40 बजे पहुंची केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी का जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष व विधायक अशोक कुमार सहित काफी लोगों ने स्वागत किया। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यकम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने जिला सहकारी

परशदेपुर में सहकारिता सम्मेलन को संबोधित करती केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी।

बैंक के डायरेक्टरों के साथ सहकारिता का ध्वजारोहण किया। वैदिक कन्या इंटर कालेज की अनुष्का, शुभांगी, प्रिंसी, तनु, सृष्टि, साइना व अन्नू ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन कर सहकारिता सम्मेलन को संबोधित कर कांग्रेस के कार्यकाल पर तंज कसते हुए कहा कि जब कांग्रेस की सत्ता रही, इस क्षेत्र के लिए देश भर में ये चर्चा होती रही कि जनता जनार्दन को हर दिन सुख की प्राप्ति

सहकारिता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री के संबोधन को सुनते लोग।

इन समितियों में हुआ कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन

तहसील सलोन में नुरुद्दीनपुर, खुरेहटी गोंदवारा, मऊ, उमरी, बेवल, पोठई, व तिलोई तहसील की सेमरौता, सेम्बसी, ढोढनपुर, गोडहरी, कोटवा नौखेड़ा, फूला की सहकारी समितियों में कॉमन सर्विस सेंटर का उद्घाटन हुआ।

हो सकती है।

राष्ट्र की जनता तब स्तब्ध रह गई जब 2014 में पहली बार मैं क्षेत्र में चुनाव लडने आई तो भारत देश के निवासियों को पता चला कि क्षेत्र में 80 प्रतिशत लोगों के पास शौचालय तक नहीं था। लोगों को हिंदुस्तान में पहली बार पता चला कि 60 प्रतिशत से ज्यादा के घर में बिजली नहीं है। लोग स्तब्ध थे कि अमेठी लोक सभा में ना कलेक्टर का ऑफिस था, ना फायर स्टेशन

केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए विधायक अशोक कुमार व अन्य।

सलोन से जल्द ही भक्त करेंगे अयोध्या धाम का दर्शन

केंद्रीय मंत्री ने सहकारिता सम्मेलन में लोगों को अयोध्या धाम ले जाकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कराने का वादा करते हुए कहा कि हमने कहा मंदिर वहीं बनाएंगे, सामने से आवाज आई तारीख नहीं बताएंगे। 500 साल जिस समुदाय ने धर्म के लिए धैर्य दिखाया अब कुछ पलों का ही धैर्य बचा है जब सलोन से लोग अयोध्या जायेंगे और रामलला के दर्शन पाएंगे।

था। ना सीटी स्कैन की मशीन थी। अगर घर में कोई बीमार हो जाए तो इलाज की व्यवस्था नहीं थी।

पूर्व विधायक गजाधर सिंह, जिला सहकारी बैंक के जीएम प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, डायरेक्टर राघवेंद्र प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी सलोन

100 करोड़ से लगेगा सलोन में डेयरी का प्रोजेक्ट

केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह की 100 करोड़ के डेयरी प्रोजेक्ट लगाने की मांग पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक और जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अगर सलोन विधान सभा में 100 करोड़ की डेयरी लगाने के प्रोजेक्ट का संकल्प ले लें तो डेयरी का कार्य हर गांव में हो सकता है। उन्होंने कहा कि सहकारिता परिवार 100 करोड़ की डेयरी का प्रोजेक्ट ले आए, सहयोग हम देंगे जिससे गांव-गांव में डेयरी के माध्यम से सहकारिता का कार्य शुरू हो जाए।

इन समितियों में हुआ उर्वरक बिक्री केंद्र का उद्घाटन

तिलोई की मत्तेपुर, राजापुर, इन्हौना, कोटवा नौखेड़ा, ढोढनपुर व सलोन की भवानीपुर व प्यारेपुर करहिया उर्वरक बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान डीह की राजदेई को ढाई लाख, राम बहादुर को ढाई लाख, तिलोई की माधुरी को दो लाख, राजाफत्तेपुर के मदन को एक लाख 60 हजार, फुरसतगंज की तारावती को दो लाख, लवलेश को दो लाख व चंद्रवती को दो लाख का ऋण मुर्गी पालन व पशुपालन हेतु वितरित किया गया।

आशुतोष राय, सीओ सलोन वंदना सिंह, डीह थानाध्यक्ष जेपी सिंह, नसीराबाद थानाध्यक्ष रामलखन पटेल, चौकी प्रभारी सुनील वर्मा, चेयरमैन विनोद कौशल, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विशाल सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुखवीर सिंह, जगत प्रताप सिंह बघेल, डीह मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, राजकुमार द्विवेदी, सहकारी बैंक के रणविजय सिंह, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह, चैतन्य सिंह भदौरिया सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

लालगंज रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प

अमृत योजना

डीआरएम ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण, सुविधाएं बढ़ाने के दिए निर्देश

लालगंज, रायबरेली।

अमृत विचार। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी सोच अमृत योजना के तहत लालगंज रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होने जा रहा है। रेलवे स्टेशन का उच्चीकरण किए जाने के बाबत डीआरएम एसएम शर्मा ने बुधवार को लालगंज पहुंचकर स्टेशन का विधिवत निरीक्षण किया। कहा कि अमृत योजना के तहत स्टेशन का सौंदर्यीकरण करने के साथ-साथ सुविधा भी बढ़ाई जाएगी।

डीआरएम ने बताया कि लालगंज लखनऊ क्रॉसिंग से रेलवे लाइन के किनारे से होकर स्टेशन तक सीधी सड़क बनाई जाएगी। पुरानी बिल्डिंग गिराकर नई बिल्डिंग का निर्माण होगा। नए आवास बनाए जाएंगे। प्लेटफॉर्म और अधिक लंबा व सुविधाजनक बनाया जाएगा। लाइटिंग की

रेलवे स्टेशन पर डीआरएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

व्यवस्था चुस्त दुरुस्त की जाएगी। यात्रियों के पीने के पानी के लिए पानी की टंकी भी बनाई जाएगी।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने एक ज्ञापन डीआरएम को सौंपा, जिसमें उन्होंने कहा कि रायबरेली जनपद की लालगंज सबसे बड़ी व्यापारिक मंडी के साथ-साथ यहां रेल कोच फैक्ट्री और छोटे-छोटे उद्योग हैं। कोरोना काल में रायबरेली से कानपुर, कानपुर से रायबरेली आरसी गाड़ी चलती थी, जिसका संचालन बंद कर दिया गया था, जिसका संचालन जनहित एवं व्यापारी हितों में चलाएं जाना अति आवश्यक है। इसके अलावा गाड़ी नंबर 54211/54212 आरसी को प्रतापगढ़ से कानपुर वाया लालगंज के बीच, गाड़ी नंबर 14101/14102 इंटरसिटी कानपुर से प्रयाग संगम तक चलाई जाती है। इसको कानपुर से बनारस चलाये जाने की मांग की गई है।

एटीवीएम मशीन चालू कराने की व्यापारियों ने की मांग

लालगंज स्टेशन पर आरक्षण का समय प्रात: 10 बजे से शाम आठ बजे तक करने और लालगंज स्टेशन प्लेटफॉर्म पर गाड़ी आने पर एक नंबर से दो नंबर जाने के लिए यात्रियों को काफी सुविधा का सामना करना पड़ता है। इसके लिए एलाउंसमेंट व्यवस्था संचालित की भी मांग की गई है। व्यापार मंडल के ज्ञापन पर डीआरएम ने कहा कि सभी मांगे न्यायोचित हैं। मंत्रालय स्तर पर कार्यवाही कराने का प्रयास कराया जाएगा। इस मौके पर स्टेशन मास्टर श्यामलाल, यूनियन नेता विकास मणि त्रिपाठी, अवधेश, शैलेंद्र द्विवेदी, कृष्णानंद, योगेंद्र प्रताप, वीरेंद्र, मीनू देवी सहित व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय बाजपेई, शिवम गुप्ता, अमित गुप्ता, पुष्कर गुप्ता, विनय गुप्ता, विजय शंकर मिश्रा, हंसराज विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

डीआरएम को नहीं दिखाई पड़ी बंद कैंटीन

डीआरएम एसएम शर्मा ने लालगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण तो किया, लेकिन उन्हें तीन वर्ष से बंद कैंटीन नहीं दिखाई पड़ी। तीन वर्ष से कैंटीन बंद होने से रेलवे को लाखों का चूना लग रहा है। इसके अलावा रेल यात्रियों को जलपान की भी सुविधा नहीं उपलब्ध हो पा रही है ।बताते हैं कि कैंटीन का ठेका लालगंज क्षेत्र की दुर्गा सिंह के नाम था, जिनका देहावसान हो गया है। उनके पुत्र ने कैंटीन ठेका के लिए आवेदन किया था, लेकिन अभी तक रेलवे ने कोई कार्यवाही व निर्णय नहीं किया है, जिसके कारण कैंटीन बंद चल रही है। अब तक रेलवे को कैंटीन बंद होने से कई लाख रुपए का चूना लग चुका है।

बेटी के अपहरण का लगाया आरोप

खीरो, रायबरेली। क्षेत्र के गांव खजुहा गांव शनिवार की रात लगभग नौ बजे एक अज्ञात युवक ने युवती का अपहरण कर लिया। युवती के पिता ने थाने में शिकायती पत्र देकर अज्ञात युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। खजुहा निवासी मेवालाल कुशवाहा ने आरोप लगाया कि वह इस समय अस्वस्थ रहता है।

शनिवार की रात लगभग नौ बजे खेतों की देखरेख करने चला गया था। वापस आने पर बेटी घर पर नहीं मिली। उसने अपनी पुत्री की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। अपहृता के पिता ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री अक्सर मोबाइल नंबर से एक युवक से बात करती थी। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि अपहृता के पिता के शिकायती पत्र के आधार पर अज्ञात युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

सार-संक्षेप

25 को पीएम करेंगे एम्स का लोकार्पण: बघेल

राही, रायबरेली अमृत विचार। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने बुधवार को मुंशीगंज स्थित एम्स पहुंच अस्पताल की जांच की। उन्होने अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बाबत वहां पर मौजूद जिम्मेदारों से भी बात कर वहां की स्थित को जाना। इसके बाद स्थानीय भारतीय जनता पार्टी के नेताओं संग बैठक कर लोकसभा चुनाव में जिले में कमल खिलाने के टिप्स नेताओं को दिए। बताया कि 25 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली से एम्स रायबरेली का लोकार्पण करेंगे और उस समय प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी व उनके मंत्रिमंडल के मंत्री, केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी और वह खुद यहां मौजूद रहेंगे।

लाभार्थियो से संपर्क साधेंगे भाजपा कार्यकर्ता

भाजपा की बैठक को संबोधित करते जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी।

लालगंज, रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सक्रिय मिशन मोड पर आ गई है। मंडलवार बैठकें तेजी से हो रही हैं। लालगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी और मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कार्यकर्ताओं को मोदी और योगी सरकार के लाभार्थियों से संपर्क साधकर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का आह्वान किया। जिला महामंत्री ने कहा कि कोई भी ऐसा घर नहीं है, जो मोदी और योगी सरकार की योजनाएं से लाभान्वित ना हुआ हो। प्रत्येक घर में मोदी सरकार की योजना पहुंची है। बशर्ते हम लोग लाभार्थियों तक पहुंचकर उन्हें मोटिवेट कर सकें और बूथ तक पहुंचा कर भाजपा के पक्ष में मतदान करा सकें। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, हरी शंकर पांडे, ब्रह्मेंद्र विक्रम सिंह ,सुरेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता, सुनील मिश्रा, जयशंकर वर्मा, विमल धानुक, राजेश निर्मल, रिंकू बाजपेई, सचिन रस्तोगी, गौरव शुक्ला आदि मौजूद रहे।

हवन-पूजन के बाद प्रसाद वितरण

लालगंज, रायबरेली। कस्बा स्थित कोतवाली के निकट राकेश बाजपेई के घर पर रामचरितमानस पाठ का भव्य आयोजन किया गया। संगीत और रामचरितमानस पाठ के मर्मज्ञ पंडितों के द्वारा मानस पाठ का धार्मिक विधि विधान से आयोजन हुआ। हवन-पूजन, प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। बताते चले कि राकेश बाजपेई और उनकी पत्नी सियावती बाजपेई धार्मिक प्रवृत्ति के लोग हैं ।भगवान श्रीराम में उनकी परम श्रद्धा है। राकेश बाजपेई ने बताया कि कोई भी शुभ काम करने से पहले रामचरितमानस पाठ का आयोजन करने से सभी कार्य भली-भांति ढंग से फलीभूत होते हैं। इस अवसर पर रिटायर्ड शिक्षक ओमप्रकाश बाजपेई, संजीव बाजपेई, अंजलि बाजपेई, राजू वाजपेई, रागिनी वाजपेई, विनय वाजपेई, कृष्ण देव त्रिवेदी, रमाकांत द्विवेदी, संगीता, लव, लकी और ओम वाजपेई मौजूद रहे।

25 फरवरी को कवि सम्मेलन का आयोजन

बछरावां, रायबरेली। बसंत उत्सव मेला के उपलक्ष्य में 25 फरवरी को विकास क्षेत्र की पस्तौर ग्राम सभा में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर कंजेश्वर धाम में स्वामी विचित्रानंद जी महाराज के नेतृत्व में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कवि सम्मेलन का संचालन कवि नीरज पांडे के द्वारा किया जाएगा। वहीं कवि सम्मेलन में डा. देवी बक्स सिंह, श्यामल मजूमदार, प्रमोद पंकज, हरिहर दत्त पांडे, सुनीत बाजपेई, मधुप श्रीवास्तव "नरकंकाल", गीता गंगवार, रामश्रय सिंधु, जमुना पांडे अबोध, सुखदेव प्रसाद, भूखन भैया, अमलेश कुमार, श्याम किशोर, उत्तम सोनी सागर, निर्मल श्रीवास्तव, सौरभ शुक्ला, उत्कर्ष उत्तम, विनोद दीक्षित, चंद्रहास सिंह, शैलेंद्र गुलशन आदि कवि अपना कविता पाठ करेंगे।

तीन दिन तक चलेगा प्राण प्रतिष्ठा, शोभायात्रा में उमड़े लोग

डलमऊ, रायबरेली। धार्मिक नगरी डलमऊ के संकट मोचन में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा एवं प्राण प्रतिष्ठा के चौथे दिन भी लगातार धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा। बीते 17 फरवरी से चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक स्वामी कृष्णानंद भारती के द्वारा कृष्ण लीला का विस्तार से वर्णन किया। कथावाचक स्वामी कृष्णानंद ने बताया कि अत्याचारी कंस के पाप से मुक्ति दिलाने के लिए विष्णु अवतार श्री कृष्ण ने जन्म लेकर कंस का वध किया। कथा को सुन कर मौजूद दर्शन भाव विभोर हो गए। इस मौके पर राम चैतन्य, सुशील शास्त्री, स्वामी गीतानंद गिरि, नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड आदि मौजूद रहे।

शोभायात्रा निकालते लोग।

आचार्य श्री को भक्तों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। दिगंबर परंपरा के श्रेष्ठ और शीर्ष संत आचार्य शिरोमणि गुरुवर विद्यासागरजी महाराज की समाधि पर दिगंबर जैन समाज द्वारा विनयांजलि सभा जैन मंदिर में आयोजित की गई। जैन समाज के लोगों ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का चिंतन राष्ट्र कल्याण के लिए था। वह एक ऐसी विभूति थे जिन्होंने अनेक आदर्श स्थापित किए थे। जैन समाज अध्यक्ष सुनील जैन ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को याद करते हुए उनके जीवन में किए गए समाज के कल्याण पर प्रकाश डाला। कहा कि आचार्य श्री जीते जागते परमात्मा थे। उनके समाधि का समाचार संपूर्ण जगत को स्तब्ध और नि:शब्द करने वाला है। हम सबके जीवन में आचार्य श्री का गहरा प्रभाव रहा। जैन समाज के लोगों ने बुधवार को एक साथ एकत्रित होकर विन्याजली सभा आयोजित की व जैन मंदिर में णमोकार मंत्र का पाठ किया गया। इस मौक पर रंजना जैन, रेखा जैन, शारदा जैन, शकुंतला जैन, पूजा जैन, मनीषा जैन, प्रदीप शर्मा, अजय जैन, अरिहंत जैन, राकेश जैन, नितेश जैन, अतुल जैन आदि मौजूद रहे।

बस में धक्का लगाते यात्रियों का वीडियो वायरल

लालगंज, रायबरेली। परिवहन निगम की बस में धक्का लगाते यात्रियों का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है। वीडियो लालगंज कस्बे के गांधी चौराहे का बताया जा रहा है। बुधवार की दोपहर लालगंज से कानपुर जा रही प्रतापगढ़ डिपो की बस गांधी चौराहे पर खड़ी हुई यात्रियों को बैठाने व उतारने के लिए खड़ी हुई लेकिन उसके बाद स्टार्ट नहीं हो सकी। बस आगे न बढ़ने पर लगभग आधा दर्जन यात्रियों ने उतरकर बस में धक्का लगना शुरू किया जिसमें एक छोटा बच्चा भी शामिल है। काफी मशक्कत के बाद बस को किसी तरह स्टार्ट करके आगे ले जाया गया।

वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत बच्चे और मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

हरचंदपुर, रायबरेली

अमृत विचार। बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव "किलकारी" का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब धमाल मचाया। विद्यालय प्रबंधक विनोद कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का आगाज मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर किया। बच्चों ने आर्मी एक्ट, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नाट्य मंचन किया। स्वागत गीत सांसों की सरगम गए सुस्वागतम कक्षा सात की आयुषी, जानवी सोनी, शुभी ,समीक्षा, तान्या, गणेश वंदना देव श्री

▸▸ बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

गणेशा पर कक्षा आठ की निमिषा, संजना, नैंसी, जानू, सुनैना, आराध्या पाल, अन्नपूर्णा, अनन्या सिंह, सरस्वती वंदना गीत रिद्धिमा, अवनी, अदिति, जसिका, दिव्यांशी, आन्या प्रस्तुत किया। मां सरस्वती गीत अनन्या, प्रगति, रागिनी, अनुष्का, वर्तिका, रूहिका, आराध्या , लुक छुप ना जाओ जी... अवी, आदित्य, अभि प्रताप, अनुपम, वान्या, अक्षय तिवारी, हर्ष, कार्तिक, अथर्व, बॉबी, सात्विका, वैष्णवी, संध्या ,आयुष, शिफा, पीहू, जादू जादू और (कोई मिल गया) गीत पर तक्ष, रिधान, सहस्त्रांशु, विनय , कुंज, ऋषभ, शादान, प्रतीक, अफराज, पार्थ आदि ने प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबन्ध समिति सदस्य उषा श्रीवास्तव, विशिष्ट सलाहकार एडवोकेट विकास, प्रधानाचार्या सपना श्रीवास्तव, अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अश्वनी श्रीवास्तव और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, कोचिंग एसोसिएशन अध्यक्ष शक्ति ओझा, रायबरेली कोचिंग एसोसिएशन संरक्षक आलोक श्रीवास्तव, अमित मिश्रा, धीरज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

रोडवेज बस की टक्कर से वृद्ध की मौत, लोगों ने चालक को पीटा

सलोन, रायबरेली

अमृत विचार। सलोन-प्रतापगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग कालू जलालपुर चौराहा पर रोडवेज बस की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने चालक को बस से उतारकर लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। जबकि बस को आग लगाने के लिए उपद्रवी उतावले हो उठे। वही परिचालक मौके से भाग निकला। घटना के बाद यात्रियों में भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायल चालक को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़वा कर उसे सीएचसी में भर्ती कराया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं।

बुधवार की देर रात लगभग साढ़े आठ बजे प्रतापगढ़ डिपो की बस

लखनऊ से सवारी लेकर प्रतापगढ़ जा रही थीं। वही साइकिल सवार वृद्ध रमाकांत तिवारी (70) खेत से घर लौट रहे थे। जैसे ही वृद्ध सड़क पार करने लगा कालूजलालपुर चौराहे पर रोडवेज बस से उसकी जोरदार टक्कर हों गई। टक्कर लगते ही वृद्ध की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने परिजनों के साथ मिलकर चालक कौशलपति त्रिपाठी निवासी खजुरी थाना लालगंज अझारा को दौड़ा दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया।

वही कुछ अन्य लोगो ने चालक के ऊपर लाठिया बरसानी शुरू कर दी। इस दौरान परिचालक बस छोड़कर भाग निकला। जबकि सवारियों में चीख पुकार मच गई। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि रोडवेज बस की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत हुई है। ग्रामीणों की पिटाई से घायल बस चालक को सीएचसी में भर्ती कराकर उसका उपचार कराया जा रहा है।

प्रतियोगिता: शमां चित्रकला, अपर्णा निबंध व आयुष्मान भाषण में विजेता

सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भारतीय रेलवे द्वारा नगर के बैसवारा इंटर कॉलेज मे 2047 का विकसित भारत का विकसित रेलवे विषय पर भाषण, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह की देखरेख में लगभग 50 बच्चों ने भाग लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ मंडल के एपीओ प्रभात कुमार सिंह एवं कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर आदित्य प्रताप सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। चित्रकला में शमां श्रीवास्तव प्रथम, आकृति सिंह द्वितीय और मयंक गौड़ तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता में आयुष्मान त्रिवेदी प्रथम, आदेश श्रीवास्तव द्वितीय, सृष्टि सिंह ने तृतीय, जबकि निबंध प्रतियोगिता में अपर्णा यादव प्रथम, तैयबा खातून द्वितीय और विनायक द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त दिव्यांशु और विकास भारती को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। एपीओ प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि 26 फरवरी को लालगंज रेलवे स्टेशन पर विभाग द्वारा आयोजित भव्य समारोह में इन बच्चों को विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा पुरस्कृत कराया जाएगा। प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में शिक्षक वीरेंद्र कुमार शुक्ला, डॉ. शालिनी साहू, विनोद कुमार सिंह,अतिथि देव पांडे, संतोष कुमार सिंह, जितेंद्र मौर्य, इंद्रेश बाजपेई, कलाध्यापक बसंत लाल, अरुण कुमार, राजेश कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा।

मोटरसाइकिल के साथ भेजा जेल

परशदेपुर, रायबरेली। डीह पुलिस ने फर्जी नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल व अवैध स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। डीह थानाध्यक्ष जेपी सिंह के मुताबिक परशदेपुर के काजी का पुरवा निवासी कलाम खान को फर्जी नंबर प्लेट की सुपर स्पेंल्डर के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस को उसके पास से 12 ग्राम अवैध स्मैक भी बरामद हुई है। पुलिस ने संबंधित धारा में अभियोग पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया।

अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

नसीराबाद, रायबरेली। भूमि प्रबंध समिति द्वारा तीन-तीन बार नोटिस देने के बाद भी अतिक्रमणकर्ता ने जब अवैध निर्माण नहीं हटाया तो राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में बुलडोजर चलवा कर अवैध निर्माण तोड़ दिया। मामला नसीराबाद थाना क्षेत्र के चुनौटा मजरे महमदपुर नमकसार का है। जहां उसी गांव के निवासी अब्दुल हकीम ने अवैध निर्माण कर लिया था और लेखपाल व ग्राम प्रधान द्वारा जारी नोटिस के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया। इसी मामले को लेकर दो भाजपा नेताओं के बीच टकराव भी बढ़ गया था, जिसमें कठोर कार्यवाही भी की गई है। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार अंकुर यादव के नेतृत्व में राजस्व टीम ने नवीन परती पर अवैध रूप से बनाए जा रहे मकान को बुलडोजर से ढहा दिया गया। नायब तहसीलदार के अलावा कानूनगो अमर बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक मानसिंह, उपनिरीक्षक जागेश्वर नाथ त्रिपाठी, पांच लेखपालों और पर्याप्त पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

टोल प्लॉजा फायरिंग के आरोपी पुलिस से दूर

सलोन, रायबरेली। टोल प्लाजा कर्मियों पर फायरिंग झोंकने वाले नामजद बदमाशो को सलोन पुलिस 24 घंटे बाद भी गिरफ्तार नही कर पाई है। वही घटना के संदर्भ में पुलिस कुछ भी बोलने से कतरा रही है। जबकि पुलिस की शिथिल कार्यवाही से टोल कर्मियों में दहशत व्याप्त है। करहिया चौकी क्षेत्र के नुरुद्दीनपुर गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा टोल बनाया गया है। सोमवार की रात्रि बगैर टोल शुल्क दिए दो बदमाश बूथ के बूम को तोड़कर भाग रहे थे। टोल कर्मियों के नाराजगी जताने पर कार के अंदर से निकले नकाबपोश बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए बीस मिनट तक जमकर उत्पात मचाया था।

शानू इलेवन ने कप पर जमाया कब्जा

शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार। खेलों से जीवन में उत्साह का संचार होता है। कभी भी हार को दिल पर न लें, क्योंकि कभी-कभी एक अच्छा खिलाड़ी भी शून्य पर आउट हो जाता है। असफलता से सीख लेकर मन में विचार करें कि किस गलती से असफलता मिली है। सफलता के लिए गलतियों में सुधार कर नई ऊर्जा और स्फूर्ति के साथ नई पारी की शुरुआत करें। निश्चित रुप से

▸▸ खेलों से जीवन में ऊर्जा का होता है संचार : राज दीक्षित

एक दिन सफलता आपके कदम चूमेगी।

उक्त बातें क्षेत्र के रामपुर खास में आयोजित प्रिंस प्रीमियम लीग के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि समाजसेवी राज दीक्षित हरियाणा वाले ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते समय कही। प्रिंस प्रीमियर लीग के फाइनल मैच का शुभारम्भ राज दीक्षित द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच शानू इलेवन शिवगढ़ व सैनिक ढाबा भवानीगढ़ के मध्य खेला गया। शान इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 155 रन बनाए।

वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी सैनिक ढाबा टीम महज 96 रनों के स्कोर सिमट गयी। शानू इलेवन ने सैनिक ढाबा को पराजित कर कप अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द मैच शैलेंद्र, जबकि सौरभ को मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय प्रबुद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी ने कहाकि ऐसी खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से ग्रामीण अंचल में छुपी हुई प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। इस मौके पर अंजनी अग्निहोत्री, लवकुश मिश्रा, अमित मिश्रा, अमीन, बृजेश, अवनीश आदि लोग मौजूद रहे।

एक नजर

खेत में गंदा पानी बहाने का लगाया आरोप, दी तहरीर

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली के ग्राम कौहरिया में खेत में नहाने का गंदा पानी बहाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। क्षेत्र के ग्राम कौहरिया निवासी श्यामा चरम पुत्र जालिम ने बताया महेश्वर पुत्र बुद्धा ने उसके खेत के बगल में अपना मकान बना रखा है और अपने घर का गंदा पानी मेरे खेत में बहा रहा है, जिससे उनके आलू की फसल बर्बाद हो गई है। उसने 19 फरवरी को प्रार्थना पत्र दिया था, किंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई। विपक्षी उसे गाली गलौज कर जान माल की धमकी दे रहा है।

एथलेटिक्स के लिए जिले की टीम का आज होगा चयन

हरदोई। 58 वीं यूपी एथलेटिक अंडर-20 स्टेट चैंपियनशिप-2024 प्रतियोगिता का आयोजन गाज़ियाबाद और लखनऊ में 24 व 25 फरवरी को हो रहा है। एथलेटिक्स की जिला सचिव पूनम तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए ज़िले की टीम का चयन 22 फरवरी को स्पोर्टस स्टेडियम के सामने शंकर व्यायामशाला में होगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी नियम और शर्तो के बारे में जिला सचिव पूनम तिवारी से जानकारी ली जा सकती है।

दवा लेने गया युवक लापता गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई। थाना मंझिला के ग्राम सरायं पैगू निवासी दवा लेने गए युवक के लापता होने की सूचना पर थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मंझिला के इमरान खां पुत्र इंसान खां ने बताया उनके भाई इरफान खां 19 फरवरी को सुबह पांच बजे ट्रेन से दवा लेने लखनऊ गए थे। सात बजकर 15 मिनट पर उनके मोबाइल पर उनसे बात हुई थी। तब वह बालामऊ पहुंचने वाले थे, तब से अब तक घर नहीं लौटे हैं। उनका मोबाइल नंबर भी बंद जा रहा है।

दबंगों ने किन्नरों को पीटा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली के कांशीराम कालोनी निवासी अनिल पुत्र जगदीश ने बताया वह कालोनी निवासी बिजली और शबनम किन्नर के साथ ग्राम ककरघटा के राजेश कुमार पुत्र मसाल के घर बधाई बजाने गया था। पैसे देने की बात को लेकर विपक्षी ने अपने भाई फतेपाल और नरेश के साथ मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमें गंभीर घायल शबनम किन्नर को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गुड़िया किन्नर और ड्राइवर श्यामू के भी चोटें आई हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

किसान सम्मान निधि के आवेदनों का शीघ्र कराया जाएगा निस्तारण

डीएम ने किसानों के साथ बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश, पुराने जर्जर तार बदलकर विद्युत आपूर्ति सुधारने को कहा

हरदोई

अमृत विचार। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने जर्जर तारों को बदलने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। बिजली विभाग के अधिकारी किसानों के फोन अवश्य उठाएं। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनायें एवं आपूर्ति का एक रोस्टर बनाया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पशुपालन विभाग की किसान प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत किसानों को लक्ष्य के अनुरूप लाभान्वित किया जाए। किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्राप्त नए आवेदनों का निस्तारण त्वरित रूप से करायें। कम आवेदन वाले विकास खण्डों पर विशेष ध्यान आवेदन बढ़वाएं।

उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों का तत्काल निस्तारण कराया जाए। फसल बीमा योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को लाभान्वित किया जाए। बीमा कंपनी के प्रतिनिधि किसान संगठनों के संपर्क में रहें। बुधवार को किसानों के साथ बैठक में हिस्सा लें। कहा कि गोशाला में गोमूत्र व गाय के गोबर से बने जीवामृत व घन जीवामृत किसानों को देकर जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए। किसानों को लक्ष्य के अनुरूप सोलर पम्प दिए जाएं। किसान नेता राजबहादुर सिंह व अन्य ने किसान सम्मान निधि में जनपद के शीर्ष पर आने के लिए पुष्पगुच्छ भेंट किया। जिलाधिकारी ने बताया कि 90 प्रतिशत किसानों का इकेवाईसी हो चुका है तथा शेष किसानों का ई-केवाईसी कराने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने किसान प्रतिनिधियों से अपील की कि छूटे हुए किसानों की इकेवाईसी करवाने में सहायता करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहताश कुमार, उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर व अन्य संबंधित अधिकारी व किसान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

किसानों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी एमपी सिंह व सीडीओ सौम्या गुरुरानी। अमृत विचार

किसानों की समस्याओं को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

हरदोई, अमृत विचार। संयुक्त मोर्चा भारतीय किसान यूनियन (टिकैट) के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट से होकर विभिन्न मार्गों होते हुए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। उसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित 11 सूत्री ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया। यूनियन के जिलाध्यक्ष सरदार प्रगट सिंह ने ज्ञापन में कहा कि किसानों को बीज उर्वरक और बिजली पर सब्सिडी बढ़ाये, किसानों की उपज के लिये एमएसपी की कानूनी गारन्टी दें और खरीद की गारन्दी दें किसानों की आत्महत्या को हर कीमत पर रोकें। इस समय छुट्टा जानवरों की समस्या से किसान परेशान हैं, इसका शीघ्र ही निदान करवाया जाए। ज्ञापन में बताया कि मूल्य वृद्धि पर निरन्तर रखे भोजन दवाओं कृषि इनपुट और मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी हटाई जाए। पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में कमी की जाए। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों महिलाओ दिव्यांग व्यक्तियों खिलाड़ियों को रेलवे द्वारा कोविड के बहाने वापस ली गई रियायतें बहाल किए जाने की मांग की है। सरकार कारपोरेट समर्थक पीएम फसल बीमा योजना को वापस लें और जलवायु परिवर्तन, सूखा, बाढ, फसल सम्बन्धी बीमारियो आदि के कारण किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिये सभी फसलो के लिये एक व्यापक सार्वजनिक क्षेत्र की फसल बीमा योजना स्थापित करें।

जंगली जानवर के हमले में महिला सहित तीन घायल

मल्लावां, हरदोई

अमृत विचार। बगदाद और ईश्वरपुर गांव में जंगली जानवर के हमले में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। तीनों लोग खेतों में काम कर रहे थे। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बगदादा गांव निवासी बब्लू राठौर (30) खेत में हरी घास काट रहा था, तभी जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। इसी तरह बृजेश मिश्रा (32) खेत में खाद डाल रहा था, तभी जंगली जानवर ने उसे भी शिकार बनाया जिसमें वह भी गंभीर घायल हो गया। घायलों ने गांव में इलाज कराने की जानकारी बताई जा रही है। इसी तरह से ईश्वरपुर साई गांव निवासी अलका (38) पत्नी रामचन्द्र खेत में काम कर रही थी, तभी लाल रंग के जानवर जिसका मुंह काला है उसने हमला कर दिया। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराए जाने की जानकारी मिल रही है। आस पास के गांवो में इस तरह के जंगली जानवर के हमले को लेकर भय बना हुआ है। ग्राम प्रधान ने बताया कि सूचना देने के बाद भी जबकि वन विभाग की टीम उदासीन बनी हुई है।

जंगली जानवर के हमले से घायल महिला।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से, तैयारियां चाक-चौबंद

हरदोई

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा पांच हजार शिक्षकों की निगरानी में कराई जाएगी। जिले को छह जोनल व 33 सेक्टर में बांटा जाएगा। परीक्षा की ऑनलाइन निगरानी होगी। विभाग की और से फरवरी में होने वाली परीक्षा के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद से संबद्ध जिले में 640 विद्यालय संचालित हैं। इनमें से 618 विद्यालयों के 95,536 परीक्षार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है। इनमें हाई स्कूल के 54,224 और इंटर के 41,112 विद्यार्थी शामिल हैं। गुरुवार से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए विभाग की ओर से तैयारियां शुरू हो गई है। जिले को छह जोन में बांटा जाएगा। इसके अलावा 33 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। जिला स्तरीय अधिकारियों को लगाया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर 138 केंद्र व्यवस्थापक और 138 अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर तीन सदस्यीय सचल दल बनाया जाएगा। तीन अन्य शिक्षकों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा, परीक्षा केंद्रों पर 4968 कक्ष निरीक्षकों की तैनाती होगी। जो परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की निगरानी करेंगे। प्रत्येक केंद्र पर प्रशासन की अनुमति से 138 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की जा रही है। परीक्षा नकल विहीन कराने के लिए जिलास्तर और मंडल स्तर पर कंट्रोल रूम बनेगा, जो परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेगा।

रहेगी सख्ती

- पांच हजार शिक्षकों की निगरानी में संपन्न कराई जाएगी परीक्षा

जीआईसी परीक्षा केंद्र पर डेस्क पर स्लिप लगाते शिक्षक। अमृत विचार

ऑनलाइन दर्ज शिक्षकों को ही सौंपी जाएगी जिम्मेदारी

माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है कि बोर्ड की वेबसाइट पर दर्ज शिक्षकों के डाटा का मिलना एक बार कर लिया जाए। सूची में शामिल शिक्षक की यदि मृत्यु हो गई हो या उसका स्थानांतरण हो गया हो या पूर्व की परीक्षा में डीबार हो या सेवानिवृत्त हो गया हो तो इसे सभी शिक्षकों का डाटा हटा कर सूची का सत्यापन कर लिया जाए। ऑनलाइन ड्यूटी लगने के उपरांत परीक्षा केंद्र पर शिक्षकों की अनुपस्थिति पर प्रधानाचार्य पर कार्रवाई की जाएगी।

परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी से होगी कड़ी निगरानी

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो रही हैं। जिले में हाईस्कूल के 54 हजार से अधिक तथा इंटरमीडिएट के 41 हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैयार किए गए हैं। सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गई हैं। पूरी परीक्षा कैमरे की नजर में रहेंगी। जीआईसी में कंट्रोल व मानीटरिंग सेल की स्थापना कर दी गई है। बताते चलें कि गुरुवार से यूपी बोर्ड की लिखित परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। शासन की मंशानुरूप नकलविहीन व शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जीआईसी में बनाया गया कंट्रोल रूम सभी परीक्षा केंद्रों पर निगाह रखेगा। ऑनलाइन निरीक्षण के लिए मानीटरिंग सेल तैयार किया गया है। जिले में हाईस्कूल के 54,214 तथा इंटरमीडिएट के 41,162 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। शांतिपूर्ण परीक्षाएं संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जीआईसी परीक्षा केंद्र में लगा सीसीटीवी।

बिगड़े यूथ पर नजर रखेगा पिंक बूथ

पिहानी, हरदोई

अमृत विचार। सड़क निकलती महिलाओं और कालेज आने-जाने वाली छात्राओं के साथ शरारत करने वाले शोहदो की हरकतों पर रोक लगाने के लिए कस्बे के बस स्टैंड के पास महिला सहायता केंद्र (पिंक बूथ) की स्थापना की गई है। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी बुधवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। गायत्री परिवार के संजय सिंह के साथ प्रदीप राठौर, नीलम शर्मा व साधना कपूर ने पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। बूथ पर समय महिला पुलिस की तैनाती रहेगी।

बताते चलें कि कस्बे के बस स्टैंड के आस-पास कस्तूरबा कन्या आवासीय विद्यालय, जूनियर हाई स्कूल, हामिद अली इंटर कालेज, कन्या इंटर कालेज और सीएचसी है। साथ ही मुख्य बाज़ार होने की वजह से महिलाओं का आना-जाना लगा रहता है। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि महिलाओं को सुरक्षा का अहसास कराने के लिए मिशन शक्ति के तहत पिंक बूथ (महिला सहायता केंद्र) की स्थापना की गई। बूथ पर महिला सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। जहां पर मातृ शक्ति अपनी बात को बे-झिझक कह सकती हैं। वहीं एसएचओ धर्मदास सिद्धार्थ ने बताया कि बस स्टैंड पर महिलाओं की काफी आवाजाही रहती है। बूथ पर महिला पुलिस कार्मियों को तैनात किया जा रहा है। जहां पर महिलाओं से जुड़ी शिकायतों का निपटारा भी किया जाएगा। महिलाओं की सुविधा के लिए यहां पर रेस्ट रूम, वाशरूम, शिकायत कक्ष, किचन से लेकर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था रहेगी। इस बीच इंस्पेक्टर (रिज़र्व) हाकिम सिंह, कस्बा इंचार्ज रजनीश त्रिपाठी, एसआई अरविंद यादव, मेराज अहमद, ईओ नगर पालिका परिषद अमित कुमार सिंह, अरुण अग्निहोत्री, अश्वनी, कांस्टेबिल नितिन तोमर, मोहित कुमार, पवन सिंह, संदीप कुमार समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

पिंक बूथ का उद्घटन करते एसपी केसी गोस्वामी। अमृत विचार

डीडीओ ने फाइलों के ठीक से रख-रखाव के दिए निर्देश

हरदोई

अमृत विचार। जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार ने विकास खंड कछौना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्लाक के आवश्यक अभिलेख सर्विस बुक, जीपीएफ व स्थापन पंजिका, गार्ड फाइल, निरीक्षण पंजिका, भूमि भवन पंजिका, उपस्थिति पंजिका, ग्राट रजिस्टर आदि अभिलेखों का अवलोकन किया तथा ब्लॉक परिसर में सभी पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने एडीओ पंचायत कार्यालय के निरीक्षण में कक्ष की जर्जर हालत, फाइलों का उचित रखरखाव न होने पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

सभागार का निरीक्षण के दौरान टूटे दरवाजे को तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया। ब्लॉक परिसर का निरीक्षण के दौरान ट्री-गार्ड को सही कराने का निर्देश दिया, ट्री-गार्ड से पेड़ गायब थे, ईंटे गिर चुकी थी, प्रांगण में गंदगी का अंबार था। सामुदायिक शौचालय में ताला लटका था, परिसर में लगा इंडिया मार्का नल की मशीन नहीं बनी थी। इन समस्याओं के विषय में खंड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा ने बताया यह क्षेत्र पंचायत से बना है। इसे ग्राम पंचायत को हैंड ओवर करके केयरटेकर की नियुक्ति कराकर सुचारू रूप से चालू कराया जाएगा। पंचायत भवन पतसेनी देहात का निरीक्षण किया तथा सभी व्यवस्थाएं सही होने पर ग्राम सचिव संतोष कुमार की सराहना की। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा, एडीओ पंचायत अरविंद कुमार, एडीओ आईएसबी राजेंद्र नाथ, वरिष्ठ सहायक विकास द्विवेदी, माला देवी, कर्मी, ग्राम सचिव संतोष कुमार सहित पंचायत सचिव मौजूद रहे।

निरीक्षण

- डीडीओ ने ब्लॉक कछौना का निरीक्षण कर दिया निर्देश

योजनाओं को लेकर ब्लॉक में हुई बैठक

कोथावां, हरदोई, अमृत विचार। सरकार द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को देश के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधि तत्पर है जिसके लिए उनके द्वारा समय-समय पर बैठकें आयोजित की जाती है। बताते चलें कि बुधवार को ब्लाक कोथावां सभागार में ब्लॉक प्रमुख निर्भय वर्मा की अगुवाई में पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें ब्लॉक प्रमुख निर्भय वर्मा ने सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार की सभी महत्वाकांक्षी परियोजना को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हम सभी को सदैव तत्पर रहना होगा, सरकार की मंशानुरूप कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी महत्वाकांक्षी योजना से वंचित नहीं रहने पाए, लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने में आ रही दिक्कतों का समय पर निस्तारण कराकर उन्हें ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ दिलाया जाना नितान्त आवश्यक है।

सार-संक्षेप

नुमाइश मैदान में रामलीला का मंचन करते वृंदावन कलाकार। अमृत विचार

रामलीला: शबरी पर बरसी श्रीराम की कृपा

हरदोई, अमृत विचार। नुमाइश मैदान में चल रही रामलीला में बुधवार को शबरी पर कृपा का मंचन वृंदावन के कलाकारों ने किया। श्री वृन्दावन धाम से आए श्री गोविन्द गोपाल लीला संस्थान के संचालक स्वामी कन्हैया लाल के निर्देशन में मंचन में दर्शाया गया कि माता सीता की खोज में प्रभु श्री राम शबरी के पास पहुंच जाते हैं और उस पर अपनी कृपा करते हैं। माता शबरी से माता सीता के विषय में पूछते हैं तो माता शबरी महाराज सुग्रीव से मिलने के लिए बताती हैं और उनका पता बताती हैं। प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, ऋषि मुख पर्वत की ओर निकल लेते हैं तो मार्ग में हनुमान से भेंट हुई तो हनुमान दोनों भाइयों को अपने कंधे पर बैठा कर सुग्रीव के पास ले आते हैं।

महिला ने जेठ पर लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शर्मा में दो भाइयों में मारपीट हुई जिसमे पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं आरोपी के पत्नी ने छेड़खानी के विरोध में हुई मारपीट बताया है। क्षेत्र के ग्राम शर्मा निवासी युवक ने अपने भाई के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी की पत्नी ने बताया उसका जेठ कुंआरा है वह उस पर गंदी नजर रखता है। मंगलवार की शाम वह दूसरे घर में अकेले थी, तभी उसके जेठ ने दरवाजा बंद कर बुरी नियत से उसके साथ छेड़खानी की। उसके छूटने के बाद भतीजी के साथ भी छेड़खानी की। रात में पति के आने पर बात बताई तो पति जेठ से घटना की जानकारी लेने लगा। जेठ पति को गाली गलौज कर मारने लगा, तब उसने और भतीजी ने जेठ को डंडे से मारा पीटा। जिसकी लिखित सूचना कोतवाली में दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कार्यशाला में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। उमंग सुनहरा कल सेवा समिति एवं एक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे कार्यक्रम स्वच्छ गांव की तैयारी अब हमारी बारी के तहत विकास खंड बिलग्राम के पांच गांव में चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन विकास खंड बिलग्राम में किया गया। जिसमें परियोजना द्वारा चयनित गांव कुतुआपुर, बरगांवां, बिरौरी, नूरपुर हथौड़ा, परचल रसूलपुर के ग्राम प्रधान व सफाई कर्मचारी, सचिव तथा ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता समिति से लोग सहित बीडीओ बिलग्राम एएम काजमी, एडीओ पंचायत जितेन्द्र सिंह, उमंग संस्था से रावेन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

आस्था श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के 40वें हनुमान चालीसा पाठ पर आयोजित हुआ भव्य संकीर्तन, सीतापुर व हरदोई के भजन गायकों ने किया गुणगान

दुनिया चले न श्रीराम के बिना...राम जी मिलें न हनुमान के बिना...

हरदोई

अमृत विचार। श्री खाटू श्याम एकादशी के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल व श्री श्याम संकीर्तन मंडल द्वारा स्थानीय श्री खाटू श्याम मंदिर पर भव्य बाला जी व् खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें सीतापुर व हरदोई के भजन गायकों द्वारा भजनों का गुणगान किया गया।

संकीर्तन कार्यक्रम की शुरुआत भजन गायक वेद प्रकाश गुप्ता राजू ने गणेश वंदना से की। इसके उपरांत श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के जिला उपप्रमुख अभिषेक गुप्ता व जिला प्रभारी मंजू गुप्ता, संकेत तिवारी ने सभी को हनुमान चालीसा व हनुमान आरती करवाई। सीतापुर से आये मुख्य गायक दुर्गांश शुक्ला एवं हरदोई के गायक आर्यन अग्रवाल, संजय त्रिपाठी, दिव्यांश त्रिपाठी, कुमारी शालिनी त्रिपाठी ने बाला जी व बाबा श्याम के भजन आना पवन कुमार हमारे संकीर्तन में, दुनिया चले न श्रीराम के बिना... राम जी मिलें न हनुमान के बिना..., हे आर्यपुत्रों तुम्हें अयोध्या बुला रही, तू कृपा कर बाबा तेरा कीर्तन करवाऊंगा, श्याम रंगीला श्याम का घोडा है नीला, लेने आ जा खाटू वाले रिंग्स के उस मोड़ पर, खाटू वाले श्याम धनी कमल हो गया, जो राम को लाये है हम उनको लाएंगे, नन्द भवन में उड़ रही धूल, दीनानाथ मेरी बात जाने, मेरा तो श्याम से नाता है आदि भजन सुनाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर समिति के सदस्य अपूर्व गुप्ता, निखिल गुप्ता सुनील अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, कुणाल गुप्ता, व सरोज मिश्रा ने आरती व पूजन अर्चन संपन्न कराया आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। इसके अलावा चालीसवें मंगलपाठ में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी के कई अन्य मंदिरों में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ भी किया। श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री गणेश साईं मंदिर विभूति नगर, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को राममय बना दिया। महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में सांय चार बजे विभूति नगर के श्री गणेश साई मंदिर पर बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण व् आरती के साथ बजरंगबली जी का पूजन किया। इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक अनीता मिश्रा, सह सयोंजक कंचन गुप्ता, नगर संयोजक आरती गुप्ता, व् प्रभारी अनीता गुप्ता ने सभी को सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कराया। महिला जिला युवा सह प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में सांय पांच बजे कांशीराम कालोनी में स्थित श्री शिव मंदिर पर लोगों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा राम स्तुति, बजरंग बाण आरती के साथ सुंदर कांड का पाठ किया गया। इस मौके पर महिला युवा संगठन की पुष्पा श्रीवास्तव व सचिन आदि सदस्य शामिल रहे। श्री शिव महादेव मंदिर ग्राम काईमऊ लखनऊ रोड में युवा प्रभारी सुमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में सभी को मंगल पाठ कराया गया। इस अवसर पर दुर्गेश तिवारी, मिंटू द्विवेदी, हरिप्रकाश तिवारी, सुशील द्विवेदी, अस्थाना द्विवेदी, सचिन आदि लोग शामिल रहे। अखंड स्वतंत्र सनातन हिन्दू राष्ट्र कार्यक्रम के तहत मल्लावां के श्री महावीर मंदिर में श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्तिदल का सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ। जिसमें आकाश गुप्ता, अजय गुप्ता, प्रतीक कटियार व अंश कटियार व अन्य लोग शामिल रहे।

हनुमान चालीसा पाठ करते श्रद्धालु। अमृत विचार

एक नजर

दीवार तोड़कर ईंट उठा ले जाने का आरोप

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। क्षेत्र के ग्राम नगला लोथू में दबंगों पर मकान की दीवार तोड़कर ईंट उठा ले जाने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। ग्राम नगला लोथू निवासी सुमन लता पुत्री सुशील कुमार ने बताया 11 नवंबर 2008 को सिविल कोर्ट ने एक विवादित मकान का एक पक्षीय आदेश उसके पिता के नाम कर दिया था। तब से उक्त मकान पर कब्जा था। बुधवार सुबह उसके पिता घर पर नहीं थे तभी विपक्षी राधा देवी पत्नी रामकृष्ण अपने पुत्रों अखिलेश, विमलेश और भूरे के साथ मिलकर उसके घर की उत्तरी दीवार के पांच रद्दे गिरा दिए और उसकी ईंट भी उठा ले गए। मना करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। विपक्षी रंजिश में पहले भी उसके घर में आग लगा चुके हैं। पुलिस ने बताया प्रार्थना पत्र दिया गया है पुलिस जांच कर रही है।

खाटू नरेश के जयकारों के साथ हुआ प्रसाद का वितरण

हरदोई, अमृत विचार। श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से बुधवार को श्याम बाबा की द्वादशी पर श्री खाटू श्याम मंदिर दुल्लीचंद्र चौराहा खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु को भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर में आने वाले आम जन को भी भोग का प्रसाद वितरित किया गया। इसी क्रम में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज पर संगीत की लहरियो के साथ विशाल भंडारे का अयोजन जय श्री श्याम व खाटू नरेश की जय के जयकारों के साथ प्रसाद वितरित किया। समिति के सदस्यों में अनुपम मित्तल, विवेक बंसल, अनुराग वैश्य, विरल महेश्वरी, दीपक अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।

हादसे में बाइक सवार घायल

माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के बघौली रोड पर शारदा नहर रेलवे क्रासिंग के पास मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के गांव अंटिया निवासी बाइक सवार अनिल तिवारी पुत्र रामआसरे को बोलेरों ने टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। युवक के परिवारजनों ने बताया कि अनिल सण्डीला क्षेत्र में जेसीबी चलाने का कार्य करता है। घर वापसी करते समय बोलेरो ने टक्कर मार दी। जहां चिकित्सक ने हालत नाजुक होने के चलते जिलाअस्पताल रेफर कर दिया।

बाग में लटके मिले प्रेमी युगल के शव

युवक बी-काम और युवती 10वीं की कर रही थी पढ़ाई, घटना से हड़कंप

हरदोई

अमृत विचार। बी-काम कर रहा प्रेमी और 10 वीं की पढ़ाई कर रही प्रेमिका ने बाग में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। मामला सण्डीला कोतवाली के तकिया मजरा मीरनगर अजिगंवा का बताया जा रहा है। घटना के बाद से क्षेत्र में हलचल बढ़ गई। लोगों के बीच तरह तरह की चर्चाएं होती रहीं।

सण्डीला कोतवाली के तकिया मजरा मीर नगर अजिगंवा गांव में बुधवार की दोपहर उस वक्त सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर एक बाग में पेड़ से युवक और युवती के शव रस्सी से फांसी के फंदे पर लटकते हुए देखे गए। इसका पता होते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। शवों की पहचान गांव के 21 वर्षीय विपिन पाल और 18 वर्षीय नयनशी पाल के रूप में की गई। विपिन बी-काम कर रहा था, जबकि नयनशी पाल 10वीं की पढ़ाई कर रही थी। विपिन के चाचा के मुताबिक दोनों के बीच जान पहचान की जानकारी तो परिजनों को थी लेकिन जब उनके बीच नजदीकियों की जानकारी हुई तो सख्ती की गई। चार दिन पहले दोनों को समझाया भी गया था। उसके बाद विपिन सण्डीला में रहने लगा।

बताते हैं कि विपिन और नयनशी पाल आपस में इतने करीब हो गए होंगे, इससे दोनों के घर वाले बे-खबर रहे। विपिन कब गांव आया था, इस बारे में कोई कुछ नहीं जानता था, बुधवार की दोपहर जब दोनों के शव एक साथ फांसी पर लटके देखे गए तो आस-पड़ोस के गांवों तक में शोर हो गया। लोगों के बीच इस तरह की अटकलें लग रहीं है कि दोनों बालिग हो चुके थे और एक-दूसरे को पसंद भी करते थे, दोनों एक ही जाति-बिरादरी के थे। लेकिन इसके बाद भी परिवार उनके रिश्ते के खिलाफ थे। पुलिस हर एक पहलू से छानबीन कर रही है। उसके बाद ही सच्चाई सामने आ सकती है।

लापता युवक का फंदे से लटका मिला शव

हरदोई, अमृत विचार। लापता युवक का शव झाड़ियों के बीच फंदे से लटका मिला। मां ने एक दिन पहले ही उसकी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। माधौगंज थाने की कुरसठ पुलिस चौकी के सरदार नगर के नेवादा की झाड़ियों में बुधवार को एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। शव की शिनाख्त कुरसठ नगर पंचायत के मोहल्ला रामनगर के भगवान दीन के रूप में की गई। सूचना मिलने पर पहुंचे चौकी इंचार्ज विजय नारायण शुक्ला ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू की। मां रामकली ने बताया कि उसने मंगलवार को पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उसके बाद कुरसठ से लगभग तीन किलोमीटर दूर नेवादा गांव के नाऊ बाग में उसका शव गमछे के फंदे से लटका मिला। घर वालों का कहना है कि भगवान दीन छह दिन पहले घर से गायब हो गया था। उसकी तलाश की जा रही थी। चौकी इंचार्ज श्री शुक्ला ने बताया कि मामला आत्महत्या का है, इसकी वजह का पता लगाया जा रहा है। झाड़ियों के अंदर आत्महत्या करना लोगों के गले नहीं उतर रहा है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकता है।

प्रेमिका के घर युवक की मौत की जांच कर रही एसआईटी जल्द सौंपेगी रिपोर्ट

हरदोई

फॉलोअप

अमृत विचार। उन्नाव में प्रेमिका के घर पर प्रेमी की संदिग्ध मौत के मामले की जांच कर रही एसआईटी टीम जल्द अपनी रिपोर्ट दे सकती है। यह जांच एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में रायबरेली की पुलिस टीम कर रही है। एडिशनल एसपी पूर्वी और सीओ सिटी रायबरेली इस मामले में घटनास्थल का निरीक्षण कर चुके हैं। इसके अलावा कई लोगों के बयान भी दर्ज कर चुके हैं।

बताया गया है कि उन्नाव जिले में हसनगंज थाना क्षेत्र के बख्शीखेड़ा गांव में बीते 24 नवंबर को प्रेमिका के घर के पिछले हिस्से में बने कमरे में दीपक नाम के एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी से लटकता मिला था। मृतक के पिता रामप्रकाश ने युवती के पिता सहित अन्य पर बेटे की हत्या कर शव लटकाने के आरोप लगाया था। इस मामले में हसनगंज पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं किया था। पुलिसिया कार्रवाई ना होने पर मृतक के परिजनों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

हाईकोर्ट के निर्देश पर डीजीपी स्तर से एसआईटी टीम गठित की गई। यह टीम आईजी रेंज लखनऊ के निर्देश पर कार्य कर रही है। घटना का खुलासा करने के लिए इस टीम का नेतृत्व एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार कर रहे हैं। इस टीम में सीओ सिटी रायबरेली और रायबरेली के ही तीन इंस्पेक्टर शामिल हैं। एडिशनल एसपी पूर्वी ने बताया कि टीम हर पहलू पर जांच कर रही है।

जल्द खुलेगा मौत का राज

मृतक के पिता रामप्रकाश ने हत्या कर शव को लटकाए जाने का आरोप लगाया। पुलिस को दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि युवती के पिता ने बेटे की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया है। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। उसके बाद उसने हाईकोर्ट की शरण ली।

कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया था मुकदमा

हाईकोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस अधिकारियों ने एसआईटी टीम गठित कर जांच के आदेश दे दिए। उधर पिता रामप्रकाश की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने प्रेमिका और पिता को आरोपी बनाया है।

बच्चों के शैक्षिक स्तर के मूल्यांकन में लाई जाए तेजी : डीएम

हरदोई

निपुण भारत की बैठक करते जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी।

अमृत विचार। बच्चों को निपुण की श्रेणी में लाने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जायें। निपुण लक्ष्य ऐप पर बच्चों के शैक्षिक स्तर के मूल्यांकन का कार्य तेजी से कराया जाए। यूनिक स्कूल सुपरविजन के कार्य मे तेजी लायी जाए। किसी भी लापरवाही के लिए संबंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। उक्त उद्गार कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित निपुण भारत की बैठक में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने व्यक्त किए।

जिलाधिकारी ने निपुण भारत में जनपद की खराब रैंकिंग पर नाराजगी जताते हुए कहा कि किसी भी लापरवाही के लिए संबंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। बच्चों को निपुण की श्रेणी में लाने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जायें। निपुण लक्ष्य ऐप पर बच्चों के शैक्षिक स्तर के मूल्यांकन का कार्य तेजी से कराया जाए। यूनिक स्कूल सुपरविजन के कार्य मे तेजी लायी जाए। शासनादेश के लक्ष्यों के अनुरूप बैठकों का आयोजन कराया जाए। उत्तरदायित्वों का निर्वहन न करने वाले एआरपी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने भरखनी के एआरपी को यूनिक स्कूल सुपरविजन में खराब प्रगति पर कड़ी फटकार लगायी तथा एआरपी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शून्य प्रगति वाले एआरपी की प्रगति में 10 दिन के अंदर सुधार न होने पर वेतन रोका जाए। नियमित रूप से कार्य क्षेत्र छोड़कर बाहर जाने वाले एआरपी को चिन्हित किया जाए। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी मानकों के संतृप्तीकरण के लिए गंभीर प्रयास किये जायें। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

ग्रामीणों को नल से जल के फायदे बताने का निर्देश

हरदोई, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि गांवों में विद्युत कनेक्शनों की संख्या को बढ़ाया जाए। हरियावां, मल्लावां व पिहानी विकास खण्डों का 3 मार्च तक संतृप्तीकरण कराया जाए। शेष विकास खण्डों में भी कनेक्शनों की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किये जायें। उन्होंने कहा कि परियोजना पूर्ण होने के उपरांत सड़क का मरम्मत कार्य जल्द कराया जाए। सड़कों के मरम्मत कार्य का सत्यापन कराया जाए। लोगों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। डीएम ने एचसीएल को निर्देश दिए दिए कि यदि किसी परियोजना में कोई समस्या है तो उसे तत्काल ठीक कराया जाए। जल निगम को निर्देश दिए कि किसी भी परियोजना में मिट्टी की आवश्यकता होने पर तत्काल अवगत कराया जाए। मिट्टी निकालने के लिए स्थान का चिन्हीकरण कर लिया जाए। भूमि विवादों का निपटारा जल्द कराया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम के लिए अब तक तीन एजेंसियों को 1 करोड़ 42 लाख का भुगतान किया गया। इस कार्य मे चेतना सेवा संस्थान टड़ियावां, शाहाबाद, हरियावां, पिहानी व टड़ियावां विकास खण्ड, नवदुर्गा सेवा संस्थान को भरखनी विकास खण्ड तथा शिक्षा भारती को भरावन, कोथावां, भरखनी, पिहानी, शाहाबाद, सुरसा, टोडरपुर, कछौना, मल्लावां, सांडी, भरावन विकास में लगे हुए हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक गांव में लोगों को नल से जल के फायदों के बारे में बताया जाए। गांव में बैठकों का आयोजन किया जाए। फर्जीवाड़ा करने पर एजेंसियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण एके त्रिपाठी व अन्य संबंधित अधिकारी तथा कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

राशन लेने गए युवक को कोटेदार के पुत्र ने पीटा, दी गई तहरीर

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। राशन की दुकान पर राशन लेने गए एक युवक को कोटेदार के पुत्र ने गाली गलौज करते हुए राशन देने से मना किया और पिटाई भी कर दी। घटना की लिखित तहरीर कोतवाली में दी गई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एगवां निवासी मोहन पुत्र गंगाराम के अनुसार कोटेदार निजामुद्दीन के यहां सुबह आठ बजे वह राशन लेने गया था। बकौल मोहन कोटेदार के पुत्र जलालू ने राशन देने से मना कर दिया। कारण पूंछने पर उसने गाली गलौज करते हुए मोहन को पीटना प्रारंभ कर दिया। मोहन का आरोप है कि जलालू ने उसे लात घूसो एवं डंडों से पीटा जिससे उसे काफी चोटें आईं हैं। घटना की लिखित तहरीर कोतवाली में दी गई है।

लाभार्थी संपर्क अभियान को गति दें कार्यकर्ता : जिलाध्यक्ष

शाहाबाद, हरदोई

ब्लाक सभागार में बैठक में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन।

अमृत विचार। स्थानीय ब्लाक सभागार में भारतीय जनता पार्टी की लाभार्थी संपर्क अभियान की एक बैठक जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संपर्क अभियान को गति देने की अपील की गई। स्वर्गीय उपेंद्र तिवारी स्मृति ब्लाक सभागार में नगर मंडल इकाई की ओर से लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत एक बैठक का आयोजन किया गया।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कार्यक्रम में मौजूद सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कहा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों से पार्टी के सभी कार्यकर्ता गांव-गांव, डोर टू डोर जाकर संपर्क करें और उन्हें सरकार द्वारा उठाई गई योजनाओं के लाभ की जानकारी लेने के बाद उन्हें भारतीय जनता पार्टी की नीति और रणनीति के बारे में विस्तार से बताएं ताकि आगामी 2024 को फतेह करने में कामयाबी हासिल हो। उन्होंने कहा कार्यकर्ता जमीन से जुड़कर कार्य करें। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत छत पाने वाले एवं उज्जवला योजना के अंतर्गत कनेक्शन पाने वाले एवं अन्य लाभार्थियों से मिले। भाजपा के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू ने कहा सभी कार्यकर्ता 2024 फतह की तैयारी अभी से प्रारंभ कर दें। डोर टू डोर जाकर क्षेत्र वासियों से संपर्क करें और भाजपा की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुए भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने की तैयारी अभी से प्रारंभ कर दें।

कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के दिए टिप्स

पिहानी, हरदोई

कोतवाली के निरीक्षण के दौरान हथियारों का परीक्षण करते एसपी। अमृत विचार

अमृत विचार। कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने पहले तो पब्लिक से रू-ब-रू हुए और पुलिसिंग के बारे में खुल कर बातें साझा की। उसके बाद ला एंड आर्डर को और बेहतर बनाने के लिए पुलिस को दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले पुलिस जवानों ने एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

एसपी ने मामलों की जांच के बाद पुलिस के सामने आने वाली चुनौतियों को सुना। उन्होंने कोतवाली के कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, पुरुष हवालात, कोतवाली परिसर और बैरक का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने साफ- सफाई देखी। इस बीच एसएचओ धर्मदास सिद्धार्थ से कई मामलों के बारे में जानकारी ली। एसपी ने डायरी को अपडेट और क्राइम कंट्रोल करने के लिए पुलिस गश्त तेज़ करने का निर्देश भी दिए। कहा कि कोर्ट से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण का आदेश दिया।

बनाएं रखें सांप्रदायिक सौहाद्र

एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने पिंक बूथ व कोतवाली के निरीक्षण के बाद कोतवाली में बैठक कर समाज में शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म या नेट पर ऐसी कोई पोस्ट या टीका-टिप्पणी न करें, जिससे सांप्रदायिक सौहार्द पर असर पड़े। सभी अपनी-अपनी ज़िम्मेदारी निभाएं। बैठक में ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेई, विमलेश तिवारी, रामराज कटियार व प्रदीप अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

भारत और नेपाल क्रॉस बॉर्डर बस सेवा आज से

गोंडा कार्यालय : देवी पाटन मंडल क्षेत्र से नेपाल जाने वाले यात्रियों की राह रोडवेज ने असान कर दी है। यात्रियों की मुश्किलें रोडवेज की इस कदम से दूर हो जाएंगी। गुरुवार सुबह बसों के संचालन की शुरुआत होगी। रुपईडीह से फ़िलहाल जिन 15 रूटों के लिए विभागीय परमिट दी गई है उनमे से दो दो बसें गोंडा और बलरामपुर डिपो से भी हैं।

पूर्व अपर मुख्य सचिव ने गांवों में पहुंचकर भाजपा सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

पूर्व अपर मुख्य सचिव चंद्र प्रकाश।

पाली, हरदोई, अमृत विचार। पिछली सरकारें गुंडागर्दी के बूते पर चलती रहीं। जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से गुंडे और मवाली इधर उधर भागते घूम रहे हैं। भाजपा सरकार में माफियाओं का सफाया गया और आम लोगों को राहत देते हुए तमाम तरह की जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई गईं। आईएएस भाजपा नेता चंद्रप्रकाश ने दावे के साथ कहा है कि एक बार फिर दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्ष बौखला गया है। पूर्व अपर मुख्य सचिव चंद्र प्रकाश भाजपा नेता ने क्षेत्र के कई गांवों में पहुंच कर केंद्र प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में उन्होंने जानकारी दी। साथ ही उन्होंने जनता से सीधे संवाद करते हुए कहा केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनता के हित में बहुत से कार्य किए हैं और कर रही है जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है भाजपा की सरकार में गुंडे मवाली इधर-उधर भागते घूम रहे हैं। समय रहते इन गुंडे भ्रष्टाचारियों पर केंद्र व प्रदेश सरकार ने कार्रवाई करने का काम किया है। इस समय प्रदेश की जनता अपने को सुरक्षित मान रही है। इसके पूर्व सरकारें रही हैं उन्होंने गुंडागर्दी चरम सीमा पर कर रखी थी, जिसे भाजपा सरकार बनते ही बदमाश और माफियाओं का खात्मा किया गया।

सार-संक्षेप

प्रतियोगिता का उद्घाटन करते समाजसेवी डा. नृपेन्द्र वर्मा। अमृत विचार

कबड्डी व दौड़ प्रतियोगिता का हुआ अयोजन

हरदोई, अमृत विचार। कछौना ब्लाक नगर पंचायत कुरसठ कस्बे में कबड्डी/दौड़ प्रतियोगिता का अयोजन जय हिन्द द्वारा कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी डा. नृपेन्द्र वर्मा एक हास्पिटल के संचालक व विशिष्ठ अतिथि के रूप में गरीब बेरोजगार सेवा फाउंडेशन की संस्थापक डा. काजल वर्मा ने फीता काटकर कबड्डी व दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जय हिंद संस्था ने बताया यह प्रतियोगिता हर वर्ष आयोजित की जाती है। खेलकूद से जुड़े बच्चों को हम स्पोर्ट्स के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। इससे शारीरिक विकास भी बढ़ता है। खेल की शुरुआत कलौली टीम व माधौगंज टीम द्वारा मैच खेला, जिसमें कलौली ने माधौगंज की टीम को हराकर विजयी घोषित हुई। वहीं फाइनल मुकाबला बेहंदर टीम व बालाजी क्लब टीम द्वारा खेला गया। जिसमें बेहन्दर टीम ने बालाजी क्लब को हराकर विजयी हुई। बेहन्दर टीम द्वारा फाइनल मुकाबला जितने पर समाजसेवी डा. नृपेन्द्र वर्मा व जय हिन्द संस्था द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शैलेंद्र वर्मा, राजन, छोटु, विपिन मिश्रा, अमित पांडेय, सरोज, मान सिंह, आलोक मिश्रा, करन, अभिनव, सुमंत, हर्षित पटेल आदि मौजूद रहे।

आयोजन सीएसएन महाविद्यालय के सभागार में वित्त पोषित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को लेकर हुआ विचार-विमर्श

लाभार्थियों को समय से मिल रही सम्मान निधि : डॉ. शिवेंद्र

हरदोई

सीएसएन महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यशाला में बोलते शोध परियोजना समन्वयक कार्यशाला में मौजूद लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। सीएसएन महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जिले के संदर्भ में विषयक शोध परियोजना के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन हुआ।

उक्त शोध परियोजना के समन्वयक व कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ शिवेंद्र सिंह ने बताया कि विगत छह माह में उन्होंने जनपद के मल्लावां व अहिरोरी विकास खंड में किसान सम्मान निधि प्राप्त 500 किसानों के मध्य जाकर इस योजना के विभिन्न बिंदुओं पर सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ कि सभी लाभार्थियों को समय से सम्मान निधि की राशि खाते में हस्तांतरित हो रही है। साथ ही इस योजना के उपरांत पिछले चार वर्षो में 2019-23 के मध्य कृषि उत्पादन में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

प्रति किसान वार्षिक उत्पादन लागत लगभग 56000 है, जबकि इससे होने वाली वार्षिक आय लगभग 115000 है। गेहूं की उत्पादकता जहां पहले 37 क्विंटल प्रति हेक्टेयर थी वहां बढ़कर 42 क्विंटल प्रति हेक्टेयर हो गई है, सर्वे में लगभग 98 प्रतिशत किसानों ने स्वीकार किया कि सभी फसलों के उत्पादन में इस योजना से लाभ प्राप्त हुआ है। सर्वेक्षण में प्राप्त सभी अंतिम निष्कर्षों को केंद्रीय कृषि मंत्रालय भारत सरकार को प्रेषित कर दिया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ने कहा कि भारत सरकार की इस योजना का लाभ बिना भेदभाव के पारदर्शी तरीके से सभी कृषकों को समय से मिल रहा है। कृषि वैज्ञानिक प्रोफेसर एसके सिंह ने बताया कि पूर्व में इस प्रकार की कोई योजना धरातल पर नहीं थी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों की आय व फसल उत्पादकता में वृद्धि हुई है। कार्यशाला की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. केके सिंह ने किया। इस अवसर पर प्राध्यापकगण डॉ सचिन सिंह, डॉ. गोविंद सिंह, डॉ. अमित कुमार, डॉ जपनीत सिंह, डॉ दीपक कुमार राय, कुश कुमार व विनयशील सहित अनेक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

नए भारत के नए राजा जीने नहीं देंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

कानपुर में यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी।

न्याय यात्रा

कानपुर पहुंचे राहुल गांधी युवाओं से बोले, जितना चिल्लाओ लेकिन रोजगार नहीं मिलेगा

अमृत विचार : अंबानी, अडानी, टाटा और बिरला जैसे चंद उद्योगपति आज नए भारत के राजा-महाराजा बनकर देश पर राज कर रहे हैं। आपको सताया जा रहा है। आप लोग इनकी कंपनियों में खून-पसीना देते हो, लेकिन नौकरी से आपको ही निकाला जाता है। यह बात बुधवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर कानपुर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घंटाघर में एकत्र जन समूह को संबोधित करते हुए कही।

राहुल गांधी लखनऊ से उन्नाव होते हुए शुक्लागंज पुल के रास्ते यात्रा लेकर सुबह 11.45 बजे कानपुर पहुंचे। झाड़ी बाबा पड़ाव पर स्वागत के बाद पनचक्की, नरौना चौराहा, घसियारी मंडी और हूलागंज चौराहा होते हुए यात्रा घंटाघर पहुंची। यहां भारत माता मंदिर पर राहुल गांधी ने जैसे ही जनसभा को संबोधित करना शुरू कर दिया, एक कोने में एकत्र कुछ युवाओं ने रोजगार को लेकर शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि जितना चिल्लाना है, चिल्लाओ लेकिन मोदी सरकार में आपको रोजगार नहीं मिलेगा। नौकरी के नाम पर पहले भर्ती निकाली जाती है, फिर पेपर लीक कराए जाते हैं। पिछड़े और दलित लोगों की सबसे ज्यादा भर्ती सेना में होती थी। लेकिन अग्निवीर योजना लागू कर यह रास्ता भी बंद कर दिया है। आज पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासी समाज को कहीं से भी न्याय नहीं मिल रहा है। इसका सबसे कारण संसाधनों और संस्थानों में उनकी आबादी के मुताबिक भागीदारी नहीं होना है। जातीय जनगणना और आर्थिक सर्वे के बिना देश की प्रगति संभव नहीं है।

एक नजर

आंधी में छप्पर गिरने से दब गया युवक, टूटा पैर

पहला। विकासखंड पहला अंतर्गत गांव सरैंया राजा साहब निवासी राजपाल 43 वर्ष पुत्र महेश्वर दयाल बीती मंगलवार की देर रात आई तेज आंधी के कारण गिरे छप्पर के नीचे दब गया। जिससे राजपाल का दाहिना पैर टूट गया। जिसे परिजनों ने इलाज के लिए हाईवे ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया गया है।

नेत्र शिविर आयोजित

सदरपुर। बुधवार को सदरपुर कस्बे के बड़े चौराहे पर अंसार मेडिकल स्टोर के सामने निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के कस्बे के आस पास गांवों के सैकड़ों मरीजों ने आंख से संबंधित जैसे आंख लाल होना, आंख से आंसू गिरना, आंखों से कम दिखाई देना, मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद आदि रोग सहित चश्मे की जांचें हुई। आयोजन अंसार मेडिकल के संचालक समीउद्दीन अंसारी, सदरपुर ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी के द्वारा किया गया। डॉ. अनुज्ञदीप, डॉ. अर्पित, डॉ. श्रद्धा, डॉ. नसीम, डॉ. शाहनवाज, डॉ. कोमल, डॉ. कृपाल, डॉ. रामकिशोर शुक्ला ने 125 मरीजों की जांच की गई। जिसमें से 65 मरीजों को आंख के ऑपरेशन के लिए भेजा गया। मुन्ना नेता, हजरत अली, बादशाह खान, नूर आलम, छोटकन्नू आदि लोग उपस्थित रहे।

लाभार्थियों को ट्रेड से संबंधित उद्योगों की दी जानकारी

सीतापुर, अमृत विचार। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आरएस पाल ने बताया कि बुधवार को जिला ग्रामोद्योग कार्यालय द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद में विपणन विकास सहायता कार्यक्रम (एससीएसपी) के अन्तर्गत बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना (एमएमजीआरवाई) एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के बारे में विधिवत उपस्थित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को उनके ट्रेड से सम्बन्धित उद्योगो के बारे में जानकारी दी गयी।

दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम शुरू करते सीएम योगी व मौजूद एमपी के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर व अन्य।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद जिले के जनप्रतिनिधि व श्रद्धालु। अमृत विचार

जल्द ही अपने पुरातत्व स्वरूप में दिखेगा नैमिषारण्य: सीएम योगी

राज राजेश्वरी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान सीएम ने बताया नैमिष का महत्व, एमपी के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी रहे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। नैमिषारण्य अपने जल्द ही पुरातन स्वरूप में स्थापित होगा जिससे हजारों लोगों को नौकरी और रोजगार नैमिष में ही मिल सकेगा। अयोध्या राम मंदिर निर्माण के दौरान लोगों की नकारात्मक देखने को मिली थी, लेकिन राम मंदिर स्थापना के बाद अयोध्या के व्यापारियों में व्यापार तीस गुना तक बढ़ गया है। उक्त बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने नैमिष स्थित स्कंदाश्रम स्थित जगदंबा राजराजेश्वरी नूतन देवालय में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान कहीं। सीएम ने आयोध्या का उदहारण देते हुए नैमिष विकास पर अधिक जोर दिया।

88 हजार ऋषियों की तपोभूमि नैमिषारण्य में बुधवार को सीएम योगी ने श्री श्री जगदंबा राज राजेश्वरी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव व नूतन देवालय के चित्तशक्ति द्वार का उद्घाटन किया। पूजन के दौरान मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी मौजूद रहे। मंदिर में पूजन के बाद मंच पर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने नैमिष के इतिहास पर बोलते हुए कहा कि नैमिष की परम्परा अपार है।

सीएम योगी नैमिष में पहली बार विरोधियों पर निशाना साधे। साथ ही नैमिषारण्य को तीर्थ स्तर पर स्थापित करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कराये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के क्षेत्र काशी विश्वनाथ जब कोई जाता था तो संकरी गालियां मिलती थी। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में भव्य काशी के रूप में विराजमान है। अयोध्या राम मंदिर पर बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि न्यायालाय के फैसले पर जिस तरह से भारत के नागरिकों ने शांति का परिचय दिया है वह एक मिसाल है।

उन्होंने कहा कि 500 साल बाद यह रामलला अपने मंदिर में विराजमान हुए है। समाज और सरकार जब देश का विकास करती है तो देश की सूरत बदल जाती है।

मंच पर रही इनकी मौजूदगी

प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ मंच पर एमपी के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, संत स्वामी सनमुखानंद पुरी महराज, अयोध्या से आए जगदगुरु रामानुजाचार्य सुग्रीव किलाधीश विश्वेश प्रपन्नाचार्य जी, कामदगिरी पीठाधीश्वर रामस्वरूपाचार्य महाराज, नरसिंह पीठाधीश्वर नरसिंह दास, स्वामी विद्या चैतन्य महाराज आदि मौजूद रहे।

जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

सीएम योगी के कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला, मिश्रिख सांसद अशोक कुमार रावत, क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, एमएलसी पवन सिंह, सिधौली विधायक मनीष रावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक मौजूद रहे।

ये अधिकारी रहे मौजूद

सीएम योगी के कार्यक्रम के दौरान मंडलायुक्त रोशन जैकब, एडीजी अमरेंद्र कुमार सेंगर, आईजी तरुण गाबा, डीएम अनुज सिंह, एसपी चक्रेश मिश्र, सीडीओ निधि बंसल, सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जगदंबा राजराजेश्वरी नूतन देवालय में पूजन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य लोग। अमृत विचार

सनातन धर्म को बचाना होगा

नैमिषारण्य में देश विदेश से आये श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि देश का नागरिक और सरकार दोनों जब जागरूक होंगे तो भारत दुनिया का सबसे ताकतवर देश होगा। सीएम योगी ने कहा कि शास्त्र कहता है कि धर्म से ही व्यक्ति व पशु में अंतर नहीं है। धर्म अच्छे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जब तक सनातन धर्म है, विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। सीएम ने कहा कि अगर विश्व मानवता को बचाना होगा तो सबसे पहले सनातन धर्म पर खतरा आएगा। इसलिए सनातन को बचाना होगा। सनातन धर्म का मूल यज्ञ है। उन्होंने कहा कि नैमिष क्षेत्र में नई कड़ी और नई मणि जुड़ने जा रही है।

नैमिष में ही मिलेगा लोगों को रोजगार

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान मंच से सीएम योगी ने कहा कि नैमिषारण्य पुरातन वैभव का स्वरूप है इसे फिर से उसी स्वरूप में लाने का प्रयास किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि यहां का पुरातन वैभव पुर्नस्थापित हो जाता है तो स्थानीय हजारों नौजवानों को रोजगार प्राप्त होगा। सीएम ने अयोध्या के विकास कार्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि वह जब राम मंदिर का कार्य चल रहा था तो कुछ व्यापारियों में नकारात्मकता देखने को मिली। सीएम ने कहा कि जब वह प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहले सप्ताह में दो-तीन बार गये, तो व्यापारियों से पूछा कि कुछ लाभ भी हो रहा है या सिर्फ भीड़ ही आ रही है तो उन्होंने बताया कि हमारा व्यापार एक सप्ताह में तीस गुना बढ़ गया है। सीएम ने अयोध्या का उदाहरण देकर नैमिष विकास में बाधा को दूर करने का इशारा किया।

यूपी बोर्ड परीक्षा : 146 केंद्रों पर 92,285 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

- सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षार्थी देंगे परीक्षा, कंट्रोम रूम से होगी निगरानी

सीतापुर, अमृत विचार। यूपी बोर्ड (प्रयागराज) की तरफ से आयोजित हाईस्कूल और इंटरमीडियट की परीक्षा गुरुवार को जिले के 146 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी में शुरू हो रही है। इन परीक्षा केंद्रों में 19 राजकीय, 41 अशासकीय सहायता प्राप्त और 86 वित्तविहीन विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। यूपी बोर्ड परीक्षा में कुल 92285 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिसमें हाईस्कूल के 50980 परीक्षार्थी और इण्टरमीडिएट के 41305 परीक्षार्थी शामिल है।

यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित किया गया है। इस कण्ट्रोल रूम और मॉनिटरिंग सेल से जिले के 146 परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जायेगी। पहले दिन अनिवार्य विषय हिंदी की परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि इन परीक्षा केन्द्रों पर 146 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 07 जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती है। जो समय समय पर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराएँगे। यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर 7 सचल दल का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि सचल दल भ्रमणशील रहते हुए लगातार केंद्रों पर छापेमारी करेंगे। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा गुरुवार से शुरू होकर नौ मार्च तक चलेगी। परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। दो पलियों में आयोजित होने वाली परीक्षा में पहले दिन गुरुवार को सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक हाईस्कूल की हिंदी, प्रारंभिक हिंदी व इंटरमीडिएट की विज्ञान का पेपर होगा। द्वितीय पाली में 2 से 5:15 बजे तक इंटरमीडिएट की हिंदी, सामान्य हिंदी और हाईस्कूल की वाणिज्य विषय की परीक्षा होगी। प्रशासन ने परीक्षा को लेकर मजिस्ट्रेट और अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए है।

डीआईओएस ऑफिस में बनाए गए कंट्रोल रूम में कैमरे चेक करते कर्मचारी।

50,980
हाईस्कूल के परीक्षार्थी

41,305
इण्टरमीडिएट के परीक्षार्थी

फ्रेंचाइजी देने के नाम पर साइबर ठगों ने लिए 1.75 लाख

लहरपुर। नगर के एक बेरोजगार युवक से फ्रेंचाइजी देने के नाम पर साइबर ठगों ने एक लाख 75000 रुपए की जालसाजी की। मोहल्ला बागवानी टोला निवासी शादाब खान पुत्र कामरान खान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर आरोप लगाया है कि, उसने सोशल मीडिया फेसबुक पर अमेजन लॉजिस्टिक्स फ्रेंचाइजी का ऐड देखकर उसे क्लिक किया था, जिस पर विगत 27 जुलाई को काव्या नामक एक महिला का फोन आया था। जिसने फ्रेंचाइजी लेने के बारे में जानकारी ली थी, उसके उपरांत पूजा नामक महिला ने ईमेल के माध्यम से सारी जानकारी भेज दी थी और मेरी व्यक्तिगत जानकारी के साथ-साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के नाम पर 6298 रुपए जमा कराये थे, विगत दो अगस्त को फ्रेंचाइजी लेने के लिए 169700 मुझसे जमा करने के लिए कहा गया। जिसे मेरे द्वारा उधार लेकर उनके द्वारा बताए गए अकाउंट नंबर पर बैंक ओपन बैंक लिमिटेड में जमा कर दिया गया। उसके उपरांत कंपनी के ऑफिसर अभुलेंद्र स्वामी का फोन आया कि आपकी बेंगलुरु में ट्रेनिंग होनी है और आपको फ्लाइट की टिकट भेजे जा रहे हैं, उसके उपरांत सभी के फोन बंद हो गये, कई बार प्रयास करने के बाद भी किसी से कोई संपर्क नहीं हो सका। प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र के आधार पर कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि, पीड़ित नवयुवक की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

ट्रॉली के पहिये के नीचे आने से बच्चे की मौत, दो घायल



हादसे के बाद मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़ व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार। थाना इलाके में ट्रैक्टर ट्रॉली को ओवरटेक करने के दौरान पर सवार मासूम बाइक से गिरने पर ट्रॉली के पहिये के नीचे आ गया। दर्दनाक हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार महिला सहित दो लोग घायल हो गये।

बसेती गांव निवासी तरन्नुम पत्नी मोईन व उनका मासूम बेटा कासिब उम्र करीब डेढ़ वर्ष के साथ अपने रिश्तेदार की बाइक पर सवार होकर अपने गाँव से काजीकमालपुर की तरफ जा रही थी। बताया जाता है कि इस दौरान गांव के ही सबील पुत्र सकील ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना लेकर टिकरा सेंटर पर गन्ना बेंचने जा रहे थे। तभी रास्ते में बसेती गांव के करीब ओवरटेक करते समय बाइक अनियंत्रित हो गयी। जिससे तरन्नुम की गोद मे बैठा मासूम ट्राली के पहिये के नीचे आ गया। दर्दनाक हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे में बाइक सवार तरन्नुम व बाइक चालक को भी चोटें आई हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर भीड़ उमड़ती देखकर ट्रैक्टर चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची इमलिया पुलिस व पीआरवी 112 ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश कुमार ने बताया कि हादसे में शामिल ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है। तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

खेतों में फसल देखने गए व्यक्ति का नहर किनारे मिला शव

घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़ व पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

तालगांव, सीतापुर, अमृत विचार। क्षेत्र के ग्राम पिपरी मजरा कंजा शरीफपुर निवासी नारायण (37) वर्ष पुत्र शत्रोहन का शव बुधवार की सुबह तेंदुआ माइनर नहर किनारे मिला पड़ा देखा गया। परिजनों ने बताया कि नारायण मंगलवार की देर रात मौसम खराब के चलते खेतों में कटी पड़ी सरसों की फसल को देखने गया था। देर रात घर वापसी न करने पर पहुंचने ने खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नही मिला। बुधवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की तरफ काम करने के लिए निकले तो नहर किनारे शव देखकर मामले की सूचना पुलिस और नारायण के परिजनों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम घटनास्थल का मौका मुआयना कर साक्ष्यों को एकत्रित किया। परिजनो ने बताया कि शव पर किसी प्रकार के चोटें के निशान नही मिलें है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाई की जाएगी।

पकौड़ा तलने का सुझाव देता भाजपा नेतृत्व: आनंद भदौरिया

एकदूसरे का हाथ पकड़कर ताकत दिखाते सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया व पूर्व विधायक अनूप गुप्ता। अमृत विचार

इमलिया सुल्तानपुर। धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने आठवें दिन बुधवार को महोली विधानसभा के काजीकमालपुर से शुरू होकर टिकरा, कपूरपुर, रन्नुपुर, सरबतपुर, मस्जिद बाजार, लालपुर, मुड़ा हुसा होते हुए बड़ागांव तक पद यात्रा पूरी की। समाजवादी पीडीए पदयात्रा का टिकरा में हरिहर सिंह यादव, विजयपाल सिंह, मुकेश अवस्थी प्रधान व नरेश प्रधान ने, कपूरपुर में कमल सिंह प्रधान, कुलदीप, राघवेंद्र सिंह व लाली देवी ने, रन्नुपुर एवं सरबतपुर में स्वागत के बाद मस्जिद बाजार में मोहम्मद आसिफ ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ, लालपुर में प्रेमपाल व संतराम भार्गव व कल्लू मिश्रा, शिवम, इदरीश, राम प्रकाश यादव, बड़ागांव में जबरदस्त तरीके से जगन्नाथ सिंह भदौरिया, वारसी बाबा, युसूफ, राम प्रताप सिंह, देवेंद्र सिंह, पप्पू गुप्ता, रामचंद्र सिंह भदोरिया ने स्वागत व अभिनंदन किया। आनंद भदौरिया ने युवा नौजवानों को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार देने के झूठे वादे करने में भाजपा ने हिटलर के बदनाम मंत्री गोएबल्स का भी रिकार्ड तोड़ दिया है। केन्द्र की सत्ता में आते ही दो करोड़ नौकरियां देने का वादा बड़े जोर शोर से किया गया था, आज तक यह वादा पूरा करना तो दूर, अब उसकी चर्चा भी भाजपा नेतृत्व नहीं करता है। रोजगार के नाम पर कभी पकौड़ा तलने का सुझाव आता है तो प्रदेश के मुख्यमंत्रीजी 45 में 56 का आंकड़ा पेश कर देते हैं। अब लोकसभा चुनाव 2024 में युवा भाजपा को केन्द्र की सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने को संकल्पित है।

पड़ताल नैमिषारण्य के वृहद गौशाला ठाकुरगंज का किया आकस्मिक निरीक्षण

गौशाला और राजघाट में अव्यवस्थाएं देखकर नाराज हुईं मंडलायुक्त

राजघाट में किये जा रहे कार्यों का ब्लूप्रिंट देखतीं मंडलायुक्त। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को नैमिषारण्य के वृहद गौशाला ठाकुरगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में गंदगी पाये जाने पर बीडीओ को कड़ी फटकार लगाई। मंडलायुक्त ने सभी व्यवस्थाओं को जल्द दुरूस्त कराने के निर्देश दिये। इसके साथ-साथ राजघाट में व्यवस्थाओं में कमी मिलने पर ईओ मिश्रिख को कड़े निर्देश दिये। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिये कि दोनों जगहों की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए किये जाने वाले कार्यों की मॉनीटरिंग करें।

मंडलायुक्त रोशन जैकब ने कहा कि सभी जानवरों की डॉक्टर से जांच करवा लें, ताकि कोई भी जानवर बीमार न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां काम करने वाले कर्मचारियों से वार्ता की। आयुक्त ने निर्माणाधीन हेलीपैड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि हेलीपैड ससमय पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने हेलीपैड में व्यय होने वाली धनराशि की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्माणाधीन इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग बस स्टेशन का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्था को भेजकर यहां पर चार्जिंग प्वाइंट स्थापित कराया जाये। आयुक्त ने उच्च स्तर से टेलीफोनिक वार्ता कर लखनऊ से नैमिष तक चलने वाली इलेक्ट्रिक बसों की मांग की। उन्होंने श्री गोपाल गौशाला का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने आश्रित पशुओं की जानकारी करते हुये कहा कि पशुओं को मूलभूत सुविधाएं मुहैय्या करायी जायें तथा समय-समय पर चिकित्सक द्वारा जांच भी करायी जाये। अपर जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि नैमिष में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये।

जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने श्री गोपाल गौशाला में आश्रित पशुओं को गुड़ व केला भी खिलाया। इसके पश्चात आयुक्त ने राजघाट के निरीक्षण में कार्यदायी संस्था कराये जा रहे कार्य का ब्लू प्रिंट का अवलोकन किया। उन्होंने वहां पर बनने वाले मण्डप कैफेटेरिया, शौचालय आदि की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि राजघाट में प्रकाश हेतु हाईमास्क लाईटें लगवायी जायें तथा जो भी सीढ़ी व रेलिंग हैं उनको ठीक कर दिया जाये। साथ-साथ मंदिर कॉरीडोर के विकास में भी गति लायी जाये, जिसमें सड़क चैड़ी हो, चैराहे चैड़े हों और रास्तों में कई भाषाओं के साईन बोर्ड भी स्थापित किये जायें, ताकि आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पंच यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए।

संपादकीय

पाकिस्तान में चुनौतियां

पड़ोसी देश पाकिस्तान की राजनीति में दो पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी दलों ने गठबंधन सरकार बनाने की घोषणा की है। पाकिस्तान में 2024 चुनाव के नतीजे राजनीति में अस्थिरता के साथ आर्थिक परेशानी और आतंकवाद बढ़ाने की ओर इशारा कर रहे थे। परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र में सरकार बनाने में देरी चिंता का कारण बन रही थी। क्योंकि पाकिस्तान में धीमी वृद्धि और रिकॉर्ड मुद्रास्फीति, बढ़ती आतंकवादी हिंसा के बीच निर्णय लेने के लिए अधिकार संपन्न के साथ एक स्थिर प्रशासन की आवश्यकता हमेशा रही है। आखिरकार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे। पीएमएल-एन 79 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है और पीपीपी 54 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है। कहा जा रहा है 8 फरवरी को घोषित चुनाव परिणामों के बाद पाकिस्तान जिस राजनीतिक गतिरोध का सामना कर रहा था, उन पर फिलहाल विराम लगा है।

हालांकि देश में बनने वाली नई सरकार को गंभीर आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ेगा, जिसमें देश का खराब आर्थिक विकास, महंगाई, बेरोजगारी के साथ-साथ एक बड़ी चुनौती है। देश का आंतरिक और बाह्य कर्ज का बोझ है, जो पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती उसके विदेशी मुद्रा भंडार में आई कमी है। 2023 की शुरुआत में उसका विदेशी मुद्रा भंडार ऐतिहासिक रूप से गिरकर केवल 3.19 अरब डॉलर रह गया था। ये रकम केवल दो सप्ताह के लिए पाकिस्तान के आयात का बिल अदा कर सकने लायक़ थी और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा सुझाए गए न्यूनतम तीन महीने के भंडार के भी नीचे चली गई थी। पाकिस्तान द्वारा लिए गए तमाम क़र्ज़ों में से 73 अरब डॉलर को 2025 तक चुकाने की चुनौती से ये नाजुक हालात और भी बिगड़ गए। पाकिस्तान पर लदे कर्ज के बोझ में से ज्यादातर हिस्सा चीन और सऊदी अरब का है। पिछले 60 वर्षों के दौरान पाकिस्तान, खुद को संकट से उबारने के लिए आईएमएफ से 22 बार मदद की गुहार लगा चुका है। अब देखना होगा कि सरकार किस तरह सबसे बड़ी चुनौती से निपटती है। अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि गठबंधन सरकार, अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए कठिन निर्णय लेने में अन्य सहयोगी दलों का समर्थन जुटा पाएगी या नहीं।

सबसे बड़ा मुद्दा बन गया राज्य बहाली का दर्जा

प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं।

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में जनप्रतिनिधियों और जनता की जब-तब की जाने वाली राज्य के दर्जे की मांग लद्दाख में भी मुद्दा बन गई है। एक महीने से ज्यादा समय से लेह और कारगिल के लोग खुद को छठी अनुसूची में शामिल करते हुए विशेष दर्जे के की मांग के साथ अपनी विधानसभा, लोकसभा सीटें दो करने और पृथक लोकसेवा आयोग के लिए आंदोलित हैं। लद्दाख अपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रतिनिधियों ने 19 फरवरी को दिल्ली में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय से इस बारे में बैठकर बात की। इस बावत दोनों पक्ष कुछ बता नहीं रहे है,लेकिन विचार-विमर्श आगे भी जारी रहना तय हो गया है।

लोकसभा चुनाव से पहले किसी भी मांग पर फैसला होने के आसार नहीं हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में छह लोकसभा सीटें हैं और राज्य बहाली की मांग चुनाव पर असर डालेगी। हालांकि केंद्र में सरकार बनने-बिगड़ने पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा फिर भी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति अछूती नहीं रहेगी। 2014 से जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं हुए है, वहीं लद्दाख में विधानसभा खत्म ही कर दी गई है। पांच अगस्त 2019 से पहले जम्मू-कश्मीर स्वायत्तशासी और पूर्ण राज्य था और लद्दाख इसका हिस्सा था।

विपक्ष से जुड़े जनप्रतिनिधियों के लिए केंद्र शासित प्रदेशों को फिर से राज्य बनाने की मांग महज चुनावी मुद्दा नहीं है। संस्कृति की रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना भी इससे जुड़ी है। लद्दाख के लोग नवंबर 2022 में भी अपनी मांगें मनवाने के लिए दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। गौरतलब है कि लेह के बौद्ध लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिलाने के लिए 30 साल तक आंदोलन कर चुके हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में भाजपा के अलावा अन्य सभी दल राज्य के दर्जा हासिल करने के लिए किसी ने किसी रूप में एकजुटता जताते रहते हैं। जनता के बीच राज्य के मुद्दे पर जद्दोजहद नहीं है। साफ मांग भाजपा के लिए बड़ी चुनावी चुनौती है। जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली का आश्वासन अनुच्छेद-370 हटाने के तुरंत बाद से लगातार दिया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कहते रहे हैं कि विधानसभा चुनाव के बाद राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा।

छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है।

अनुच्छेद-370 हटाने को जायज ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के थोड़े समय बाद पूर्व प्रशासनिक अधिकारी आरके माथुर के बाद लद्दाख में पूर्व सेनाधिकारी बीडी मिश्र को जिम्मेदारी सौंपना हो या फिर नौकरशाह गिरीश चंद्र मुर्मू के हाथ से कमान लेकर राजनीतिज्ञ मनोज सिन्हा को दिया जाना रणनीतिक पहल रहा है। इसके अलावा सियासी समीकरण साधने के लिए केंद्र सरकार समय-समय पर कदम उठाती रही है। स्थानीय निकाय चुनाव में अति पिछड़ों और विधानसभा में और पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जातियों में आरक्षण देना भी इसी का हिस्सा है। चूंकि लद्दाख में विधानसभा नहीं है, इसलिए राजनीतिक दृष्टि से उसकी चिंता नहीं की जाती है। तीन फरवरी को लद्दाख में बड़ा प्रदर्शन तब हुआ था,जब 16 जनवरी को केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपे गए मांग पत्र पर ध्यान नहीं दिया गया था। इस पर लद्दाख के भाजपा सांसद जामयांगा त्सेरिंग नामग्याल, भाजपा के ही पूर्व सांसद थुपस्तान छेवांग और शिक्षा व पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के कड़े रूख अपनाए जाने के बाद दिल्ली में वार्ता की सहमति बनी। कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने पर केंद्र सरकार ने जितने भी वार्ताकार नियुक्त किए,उनका कार्यक्षेत्र मुख्यतः कश्मीर ही रहा। एनएन वोहरा को जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को इसमें शामिल कर लिया था,लेकिन शांतपूर्ण-अपराधमुक्त और पर्यटन के लिए विख्यात लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया।

वोहरा 2003 में वार्ताकार बनाए गए और 2008 में राज्यपाल नियुक्त किया गया था। तिब्बत, चीन और पाकिस्तान से घिरे सामरिक महत्व के लद्दाख के लोग पूरी शिद्दत से चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। जब तक यह संभव न हो,संविधान की छठी अनुसूची के तहत उनके हित सुरक्षित किए जाएं। दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजन के समय लद्दाख के लोग बहुत खुश थे। कारण, कश्मीरी हुक्मरानों से आजादी की उनकी मांग पूरी हो गई थी। खुशी के आलम में उन्होंने यह सोचना भी मुनासिब नहीं समझा कि दिल्ली ने उन्हें विधानसभा न देकर नौकरशाहों की नीतियों और नीयत पर छोड़ दिया है। पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर की 87 सदस्यीय विधानसभा में लद्दाख के दो जिले लेह और कारगिल से चार विधायक चुने जाते थे। सरकार किसी भी पार्टी की हो, एक मंत्री अनिवार्य तौर पर रहता था। यहां के लोगों के हक-हकूक के लिए नए सिरे से एकजुट होने से नहीं लगता कि ये सिलसिला कुछ हासिल किए बिना खत्म होगा।

पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के कार्यकाल में लद्दाख को अलग मंडल बनाया गया था। इससे पहले लेह और कारगिल के लोगों को श्रीनगर के चक्कर काटने पड़ते थे। यही नहीं,पहली बार हुए आंदोलन के बीच केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के मनाली और लद्दाख के कारगिल को जोड़ने वाली शिंकूला सुरंग के निर्माण की मंजूरी दी। अभी तक हिमाचल प्रदेश से अटल टनल के जरिए ही लद्दाख पहुंचा जा सकता है। श्रीनगर-लेह के बीच जोजिला पर भी सुरंग बनाई जा रही है। छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि,रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है। 5,40,493 आबादी वाले सिक्किम में 32 सीटें हैं। लद्दाख की जनसंख्या सवा तीन लाख है। आंदोलनकारी चाहते हैं कि क्षेत्र में सरकारी नौकरियों में सिर्फ लद्दाख के युवाओं को ही नियुक्ति देने के अलावा लद्दाख के अलावा लेह और कारगिल को अलग-अलग संसदीय सीट बनाना भी उनकी मांग है। बीते दिनों उन्होंने संसदीय सीटों की मांग को विस्तार देते हुए गिलगित-बाल्टिस्तान को भारत में शामिल कर लोकसभा की सीटें दो करने का सुझाव दिया है। 2019 में लद्दाख में बौद्ध अनुयायी 45.87 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 47 फीसदी थी। बौद्धों की बहुतायत लेह में है,जबकि कारगिल में शिया मुस्लिम ज्यादा हैं। संभावना है कि आने वाले दिनों में लेह और कारगिल के अलावा नुब्रा और जांस्कार को भी जिला बनाया जा सकता है। नुब्रा और जांस्कार पहले विधानसभा सीटें थीं।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं। इस बीच लद्दाख की लगातार लड़ाई ने जम्मू-कश्मीर के अवाम को ही नहीं,नेताओं को भी अहसास करा दिया है कि राज्य के अपने अधिकार के प्रति उनकी थोड़ी सी अनदेखी वर्षों तक उनके वजूद को बदनीयती के दायरे में ले आएगा। बुनियाद की मजबूती के लिए वोट भी बड़ा हथियार है। लग रहा है कि चुनाव में मतदाता सबसे पहले अपनी मंशा पर ही मुहर लगाएंगे।

प्रसंगवश

न अदालत की परवाह और न ही जनता की चिंता

20 फरवरी को पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय ने धरना-प्रदर्शन को नागरिक का अधिकार तो कहा, लेकिन ट्रेक्टर लेकर राजमार्ग पर आने को गलत बताया। इसके बावजूद 21 फरवरी को हरियाणा-पंजाब की सीमाओं पर कई जगह किसानों के मोर्चे हजारों ट्रकों के साथ लगे थे।

हालांकि किसानों का धरना दिल्ली से कोई 247 किलोमीटर दूर हरियाणा-पंजाब की सीमा पर है,लेकिन पिछले कड़वे अनुभवों से सीख लेकर सरकार ने दिल्ली की जो किलेबंदी की है,उससे आम लोग बहुत परेशान हैं। हर दिन दफ्तर जाने वाले हों या रेल,हवाई जहाज से यात्रा करने वाले या बोर्ड के इम्तहान के लिए जा रहे बच्चे या अस्पताल जा रहे बीमार,तीमारदार एहतीयतन उठाए गए कदमों से सड़कों पर लग रहे जाम ने आवागमन का समय और परेशानी दोनों बढ़ा दी है। हालांकि भारत के कानून में दर्ज की ऐसे प्रावधान हैं जिनके अंतर्गत सड़क या रेल को रोकना दंडनीय अपराध है,लेकिन भीड़ को किसी कानून की परवाह होती ही कहां है। हाल ही में देश भर की सड़कों,राज्यों के राजमार्ग को लंबे समय तक धरना प्रदर्शन या किसी अन्य तरीकों से बाधित किए जाने की घटना से निपटने के लिए विधि आयोग ने केंद्र सरकार के समुचित कानून बनाने की सिफारिश की है। समझना होगा कि परिवहन और संचार में किसी भी तरह का व्यवधान देश की विकास गति में अवरोध होता है।

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

आयोग ने केंद्र सरकार को भेजी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सड़कों को बाधित करने वालों से निपटने के लिए समुचित कानून या फिर भारतीय दंड विधान या हाल ही में बनाए गए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में संशोधन करके प्रावधान करने की जरूरत है। विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ऋतु राज अवस्थी की अगुवाई वाली समिति ने अपनी 284 वीं रिपोर्ट में सरकार से कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों को बाधित किया जाता है तो इससे निपटने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 है और रेलवे लाइनों को बाधित करने पर रेलवे अधिनियम 1989 है और इसमें दंडात्मक प्रावधान पहले से है,लेकिन समय की मांग है कि ऐसे कानून और कड़े बनाए जाएं। लोकतंत्र में निर्णय जनता के हाथों होता है। इसका यह मतलब कतई नहीं है कि लोकतंत्र जनता के हाथों में खेलता है। चुनाव वह समय होता है जब जनता अपनी अपेक्षाओं पर खरा न उतरने वालों को कुर्सी से नीचे उतार फेंकती है,लेकिन आज हालात तो अराजकता की ओर इशारा कर रहे हैं। अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए सड़क पर आ जाओ, जाम कर दो, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाओ, प्रशासन तंत्र को बंधक बनाओ।

सरकारी आंकड़े गवाह हैं कि हमारे देश में हर साल सड़कों पर हंगामें की 56 हजार छोटी-बड़ी घटनाएं होती हैं। इनकी चपेट में आकर कोई पचास हजार वाहन बर्बाद हो जाते हैं जिनमें 10 हजार बस या ट्रक होते हैं। इस प्रकार के रोज-रोज के बंद, धरने, प्रदर्शन, जाम से आम आदमी आजिज आ चुका है। इन अराजकताओं के कारण समय पर इलाज न मिल पाने के कारण मौत होने,परीक्षा छूट जाने, नौकरी का इंटरव्यू न दे पाने जैसे किस्से अब आम हो चुके हैं और सरकार इतने गंभीर विषय पर संवेदनहीन बनी हुई है।

पुलिस का काम कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस का काम सुचारु यातायात बनाए रखना है, लेकिन जब पच्चीस,पचास लोग नारे लगाते हुए चौराहों पर लेट जाते हैं तो पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है,इंतजार करती है,लंबे ट्रैफिक जाम का या फिर स्थिति बिगड़ने का और उसके बाद अपनी चरम कार्यवाही यानी बल प्रयोग पर उतारू हो जाती है। साफ दिखता है कि पुलिस का प्रशिक्षण ऐसे हालातों से निपटने के नाम पर शून्य है। अब समय आ गया है कि विधि आयोग की सिफारिशों के अनुरूप नई बन रही भारतीय न्याय संहिता में देश के विकास में व्यवधान बनी ऐसी हरकतों को सख्ती से रोकने के लिए प्रावधान किए जाएं और इसमें संबंधित अधिकारियों को अधिक जिम्मेदार बनाया जाए। इस तरह की हरकतों में शामिल राजनेताओं पर भी कुछ पाबंदियां हों।

भू-माफिया कीट चट कर रहे खेती की जमीन

असलम कोहरा
वरिष्ठ पत्रकार, रुद्रपुर

नाबार्ड की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है।

मौजूदा वक्त में उपजाऊ कृषि भूमि के रकबे का घटते जाना बढ़ती आबादी के लिए खाद्य आपूर्ति के मार्ग में खतरे की घंटी है। पिछले साल के मुकाबले में इस साल सरकारी भंडार में 1.38 करोड़ कम गेहूं हैं। यही नहीं 2023-24 में गेहूं का उत्पादन 10.64 करोड़ टन कम रहने का अनुमान है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के मुताबिक गेहूं बुआई के रकबे में पिछले साल के मुकाबले 4.7 लाख हेक्टेयर की गिरावट आई है। पिछले साल 91.02 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस साल घटकर 86.02 लाख हेक्टेयर रह गया है। पानी की कमी के कारण किसानों ने गेहूं की खेती कम कर दी है। केवल गेहूं का ही नहीं,धान और दालों की बुवाई का भी रकबा कम हुआ है। चिंता की बात यह भी है कि जनसंख्या के मुकाबले में खाद्यान्न उत्पादन की वृद्धि दर कम है।

आजादी के बाद देश की जनता को भरपेट भोजन मुहैय्या कराने की ज्वलंत चुनौती थी। देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाने की चुनौती को स्वीकारते हुए महान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन ने 1960 में हरित क्रांति नारा दिया। इसका आगाज तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान में उत्तराखंड) के नैनीताल जिले (वर्तमान में उधम सिंह नगर) के तराई भूभाग में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के रूप में हुआ। इसके साथ ही बांध बनाए गए,उत्तम गुणवत्ता के बीच एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई और बीज निगमों की स्थापना की गई। इन बहुआयामी प्रयासों से न केवल देश खाद्य आपूर्ति में आत्मनिर्भर बन गया,बल्कि दूसरे देशों को निर्यात करने की स्थिति में आ गया। 1991 में नई आर्थिक नीतियां लागू होने के बाद औद्योगिक क्रांति ने कृषि क्रांति को निगलना शुरू कर दिया। भू माफियाओं एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अंधाधुंध कमाई चक्कर में खादों के असंतुलित प्रयोग एवं अन्य माध्यमों से जमीन,पानी और हवा को प्रदूषित करने के साथ ही उपजाऊ कृषि भूमि की प्लॉटिग कर भूखंड और कुकुरमुत्तों की तरह आवासीय कॉलोनियां उगाकर करोड़ों की धंधेबाजी शुरू कर दी। उधर पारिवारिक बंटवारे के बाद छोटी होती जोतों, कर्ज और खेती में घाटे के दबाव में आत्महत्या का ग्राफ बढ़ने लगा।

इससे मुक्ति पाने के लिए विवश होकर किसान भूमाफियाओं को खेत बेचने लगे। वर्तमान में पूरे देश में कॉलोनाइजर्स द्वारा बनाई जा रही कॉलोनियां हर साल हजारों हेक्टेयर कृषि उपजाऊ भूमि लीलती जा रही है। शायद ही कोई प्रांत,कोई शहर और कोई गांव इस त्रासदी से अछूता हो। इस संबंध में एक लचर दलील यह दी जाती है कि भूमि की खरीद-फरोख्त से रेवेन्यू जेनेरेट होता है। सवाल है,क्या खाद्यान्न के स्थान पर नोट खाए जा सकते हैं? विकास तो होना ही चाहिए,लेकिन खेती भी बचना चाहिए। आवासों, कारखानों एवं सड़कों के लिए उपजाऊ कृषि भूमि के बजाए बंजर भूमि को उपयोग में लाया जा सकता है। भला हो वैज्ञानिकों एवं किसानों का जोकि अपने शोध एवं तकनीकों और परिश्रम से बढ़ती आबादी का पेट भर रहे हैं,लेकिन आखिर कब तक? कृषि उपज पर अब चौतरफा मार पड़ने के संकेत मिलने लगे हैं। स्थिति ये है कि एक ओर दिनोंदिन खेती की जमीन सिकुड़ती रही है और उधर आबादी थमने का नाम नहीं ले रही। 2015 में 60.43 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि का रकबा आज घट कर 51.43 प्रतिशत रह गया है और जो कृषि भूमि बची भी है,उसकी उपजाऊ शक्ति कम होती जा रही है, साथ ही बहुरुपिए मौसम की धोखेबाजी भी एक बड़े दुश्मन के रूप में सामने आ रही है और प्रदूषण की मार अलग से है।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है। नेशनल सैंपल सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक एक किसान परिवार को खेती से केवल 3798 रुपये मासिक आय होती है। बहुत कम आमदनी होने के कारण लोग खेती ही नहीं,वरन् रोजगार के लिए गांव भी छोड़ रहे हैं। 1962 में गांवों में जो आबादी 82 प्रतिशत थी,आज घटकर 64 प्रतिशत रह गई है। कृषि पर निर्भर रहने वालों का प्रतिशत 70 से घटकर 47 रह गया है। नतीजतन जीडीपी में भी कृषि का योगदान आजादी के समय के 50 प्रतिशत से घटकर मात्र 15 प्रतिशत रह गया है। उनकी जमीनों पर भूमाफियाओं एवं भवन निर्माण व्यक्तियों एवं कंपनियों का कब्जा होता जा रहा है। ऐसे में अगर उपजाऊ कृषि भूमि यूं ही इनकी भेंट चढ़ती रही तो वह दिन दूर नहीं कि फिर से देश की जनता का पेट भरने के लिए दूसरे देशों की मोहताजी पर निर्भर रहना पड़ सकता है। सरकार को इस समस्या पर गंभीरता से मंथन करना होगा।

सोशल फोरम

गुलजार और ज्ञानपीठ

आदमी परंपरा से ग्रहण करता है और उसमें अपनी तरफ से कुछ जोड़ता भी है,जो वह जोड़ता है,वह उसकी देन है। इसकी कद्र होनी चाहिए। मिसाल हैं शेक्सपियर,जिन्होंने अपनी सारी कहानियां अपने पूर्ववर्ती रचनाकारों से लीं,लेकिन उन कहानियों के माध्यम से मानव मनोविज्ञान का और जीवन तथा जगत की समस्याओं का इतना गहन और सम्यक विश्लेषण किया कि वे आज अंग्रेजी साहित्य के, बल्कि विश्व साहित्य के, महानतम नाटककार के रूप में समादृत हैं।

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इसी तरह से, वाल्मीकि ने अपनी रामायण लिखी,बाद में इस रामायण को और राम कथा को आधार बनाकर दर्जनों कृतियों की रचना हुई और उन सभी कृतियों का अपने आप में महत्व है। इधर चर्चा चल पड़ी है कि गुलजार ने अपने बहुतेरे गीतों की पंक्तियों को यहां वहां से लिया है,(कुछ लोगों के अनुसार 'चुराया' है)। दूसरे लेखकों के विचारों या पंक्तियों को अपनी रचना में स्थान देना या प्रयोग करना एक सुनियोजित सिद्धांत और सोच के चलते भी होता है। इसमें कोई बुरी बात भी नहीं है। असली बात यह देखना है कि रचनाकार ने अपनी तरफ से इसमें क्या जोड़ा? गुलजार ने अगर अपनी रचनाओं में यहां वहां से पंक्तियां ली हैं तो यह साहित्यिक रचना-प्रक्रिया का स्वाभाविक अंग माना जाना चाहिए, न कि इसे नकल या चोरी कहना चाहिए। इस तरह की बातें उनके ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने के बाद ही इधर शुरू हुई हैं, पहले मैंने कभी नहीं सुना। भाजपा की नीतियों के प्रति अपनी असहमति और विरोध को किसी सम्मानित लेखक के खिलाफ ले जाना कहां तक वांछित है।

चर्चा को यही तक सीमित रख रहा हूं,क्योंकि गुलजार को मैंने लगभग नहीं के बराबर पढ़ा है। विशेष परिचय तो उनको पढ़ने वाले ही दे सकते हैं। बॉब डायलन को अगर नोबेल प्राइज मिल सकता है तो गुलजार को ज्ञानपीठ क्यों नहीं? वैसे भी चुनावों का मौसम है। इस साल इतने सारे भारत रत्न पैदा हुए हैं तो बहुत सारे ज्ञानपीठ लेखक भी पैदा हो सकते हैं। कौन जाने दो चार दिन बाद कुछ और लोगों के नाम घोषित हो जाए। शैलेंद्र और साहिर दो इसके सबसे बड़े हकदार हैं।

-फेसबुक वॉल से

क्या थे वे दिन, गीतमाला वाले

उन दिनों अमूमन अखबारों के दफ्तर में देर शाम फोन की घंटी बजती थी (तब मोबाइल नहीं जन्मा था), तो अंदेशा होता था कि 'कुछ तो हुआ होग'। मसलन ताशकंद में लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु (तड़के तीन बजे), जान कैनेडी की हत्या (आधी रात), याहया खान द्वारा भारतीय वायुसेना स्थलों पर बांग्लादेश युद्ध पर प्रथम रात वाला हवाई हमला, इत्यादि।

उस रात (दिसंबर,1966) दफ्तर में अचानक फोन की घंटी बजी। तीसरी मंजिल के रिपोर्टर कक्ष में बैठा,मैंने फोन उठाया। कोई पूछ रहा था : 'सिटी डायरी' के लिए फलां कार्यक्रम भेजा था छाप दीजिएगा'। खोजकर मैंने उन्हें बताया कि आइटम दे दिया है। उधर से वह व्यक्ति अपना नाम बताने ही वाला था कि बीच में मैंने टोका। कह दिया : 'आपको कौन नहीं पहचानता? आपकी आवाज ही आपकी पहचान है'। वे थे अमीन सयानी। उनकी दिलकश वाणी सुनकर ही मेरी स्कूली पीढ़ी वयस्क हुई थी। तभी रेडियो सीलोन पर बिनाका गीतमाला शुरू हो गई थी। बुधवार की शाम हुई कि आठ बजते-बजते रेडियो से सभी कान सटाकर बैठते थे। 'भाइयों और बहनों,'अमीन सयानी...।' उनकी उद्घोषणा का अंदाज भी निराला था। मानो श्रोता के सामने बैठकर संवाद कर रहे हों। बीन बजा रहे हों! एकदा बॉलीवुड में किस्मत आजमाने से पहले अमिताभ बच्चन रेडियो उद्घोषक बनना चाहते थे। इसके लिए वह 'ऑल इंडिया रेडियो' के मुंबई के स्टूडियो में अमीन सयानी के पास ऑडिशन देने भी गए थे। तब अमिताभ से मिलने का समय उनके पास नहीं था,क्योंकि इस युवक ने अमीन सयानी जी से वॉयस ऑडिशन के लिए पहले से समय नहीं लिया था। अमीन सयानी को याद कभी हुआ कि 'जब मैं एक हफ्ते में 20 कार्यक्रम करता था तो हर दिन मेरा अधिकतर समय साउंड स्टूडियो में गुजरता था। मैं रेडियो प्रोग्रामिंग की हर प्रक्रिया में शामिल रहता था।'



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

सयानी याद करते हैं कि एक दिन अमिताभ बच्चन नाम का एक युवक बिना समय लिए वॉयस ऑडिशन देने आया। मेरे पास उस पतले-दुबले व्यक्ति के लिए बिल्कुल समय नहीं था। उसने इंतजार किया और लौट गया। इसके बाद भी वह कई बार आया,लेकिन मैं उससे नहीं मिल पाया और रिसेप्शनिस्ट के माध्यम से यह कहता रहा कि वह पहले समय लें,फिर आएं।' हालांकि 1970 के दशक में निजी टीवी चैनलों के आने और फिल्मी गीतों की गुणवत्ता में लगातार गिरावट के कारण गीतमाला ने अपनी चमक खोनी शुरू कर दी थी। विविध भारती की जो चमक रही है,उसमें भी अमीन सयानी को ही श्रेय देना चाहिए। आकाशवाणी के संचालक समझ गए कि फिल्मी गीत धनोपार्जन का अजेय स्रोत हैं। उसे परिमार्जित कर चलाया गया। आज वह शीर्ष पर है।

अब संकल्प दिवस की आस

पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को भारत रत्न देने के बाद संसदीय संकल्प पूरा होने की आस बढ़ गई है। भारत की जम्मू-कश्मीर और लद्दाख नीति के संदर्भ में भारतीय संसद द्वारा 22 फरवरी 1994 को पारित प्रस्ताव एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक दस्तावेज है।

इसके अनुसार पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा,जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। सदन का मानना है कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकियों को हथियारों और धन की आपूर्ति के साथ-साथ आतंकियों को भारत में घुसपैठ करने में मदद दी जा रही है। सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हर संभव प्रयास करेगा। भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता और संकल्प है कि वह उन नापाक इरादों का मुंहतोड़ जवाब दे,जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हो और मांग करता है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों को खाली करे, जिसे उसने कब्जाया हुआ है। 22 फरवरी के संकल्प की भारतीय संसद को आवश्यकता क्यों पड़ी,इसके लिए पाकिस्तान अधिक्रांत भूभाग की स्थिति को समझना आवश्यक है। पाक अधिकृत भूभाग के लोग बार-बार अपने साथ उत्पीड़न की घटनाओं को विभिन्न माध्यमों से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष रखते रहे थे। पाकिस्तान की सेना पश्चिमी ताकतों के इशारे पर वहां के खनिज और प्राकृतिक संपदा का निरंतर दोहन कर रही है। वहां न सिर्फ भौगोलिक स्थिति से छेड़छाड़ की जा रही है,बल्कि सामाजिक संरचना को भी अस्त व्यस्त किया जा रहा है। यदि इतिहास में लौटें तो द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद कमजोर हो चुके ब्रिटिश अब ज्यादा समय भारत को अपने आधीन रखने की स्थिति में नहीं थे। ब्रिटेन के साथ उसका सहयोगी अमेरिका अपनी जर्जर हो चुकी आर्थिक व्यवस्था के बीच एशिया में ऐसे ठिकानों की तलाश में थे,जहां से वह अपने दुश्मन सोवियत संघ और चीन पर काबू रख सकें। जम्मू कश्मीर भूभाग उनकी इन दोनों जरूरतों पर खरा उतरता था। तत्कालीन परिस्थिति, षड्यंत्रकारी ब्रिटिश सोच और अमेरिका के आर्थिक हितों के बीच पाकिस्तान उन्हें एक मोहरे की तरह मिल गया। यदि समग्रता के साथ देखें 1947 में इस भारतीय भूभाग का ब्रिटिश और अमेरिका द्वारा तत्कालीन सोवियत संघ और चीन को नियंत्रित करने के लिए विवाद बताकर इसका अंतर्राष्ट्रीयकरण किया गया,अब वर्तमान में चीन और पाकिस्तान मिलकर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस भारतीय क्षेत्र का दोहन कर रहे हैं।

अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

घर से निकला छात्र लापता पिता को दोस्तों पर शक

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार : पिछले कुछ माह पहले थाना क्षेत्र में युवक और तांत्रिक के अपहरण की गुत्थी महमूदाबाद पुलिस सुलझा भी नहीं पाई थी, कि अब एक और किशोर के गायब होने से पुलिस बुरी तरह उलझ गई है। पुलिस की सांस पिछली गुत्थी सुलझाने में ही अभी तक फूल रही है। ऐसे अब एक और गुमशुदा किशोर को तलाशने की चुनौती भी पुलिस के सामने आ गई है। मंगलवार देर शाम से कोतवाली क्षेत्र के मोतीपुर चैराहा स्थित अस्थाई रूप से किराए पर रह रहे सुनील कुमार का 12 वर्षीय पुत्र सुधाकर सिंह यादव घर शाम चार बजे के करीब दोस्तों संग निकला था। वह बुधवार सुबह तक घर वापस नही पहुंचा। घर वालों ने फोन किया तो फोन भी बंद आ रहा था। किशोर की काफी तलाश की गई मगर किशोर मिल न सका। बुधवार दोपहर किशोर के पिता सुनील ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर किशोर को ढूंढे जाने की गुहार लगाई। पीड़ित पिता ने बताया कि उसका लापता पुत्र सुधाकर महमूदाबाद कस्बा स्थित यूनाइटेड अवध इंटर कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र है। सचिन वर्मा निवासी रेवान द्वारा किशोर के दोस्त शशांक वर्मा और सुरेंद्र को सूचना दी कि उसके पुत्र को ललित उठा ले गया है। हालांकि, पुलिस ने जब किशोर के दोस्तों से पूछताछ की तो शशांक वर्मा का नाम सामने निकल कर आया जो किशोर का दोस्त है।

अपहरण व दुराचार के दोषी को 10 साल की सजा

अमेठी के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र में 14 वर्ष पूर्व किशोरी के साथ हुई थी घटना, दोषी पर 35 हजार अर्थदंड भी लगाया

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: अमेठी जिले के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र एक गांव में 14 साल पूर्व नाबालिग किशोरी के अपहरण दुराचार करने के दोषी दिनेश उर्फ गिन्नी को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने बुधवार को 10 साल की कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 35 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। एडीजीसी दानबहादुर वर्मा के मुताबिक शौच के लिए गई किशोरी का अपहरण व दुष्कर्म आरोपी ने 11 दिसंबर 2009 को किया था। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट में अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये छह गवाहो के साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने मुकदमे का फैसला कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया।

छेड़छाड़ के आरोपी ने किया सरेंडर

थाना क्षेत्र बंधुआ कला थाना क्षेत्र में बीते साल किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोपी इमरान ने पॉक्सो कोर्ट की विशेष अदालत में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने आरोपी को राहत देते हुए जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया आरोपी को कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली थी जिसकी नियमित जमानत पर सुनवाई हुई। बीते साल इमरान, आशीष पांडेय और शिवम पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज हुआ था। इमरान की नियमित जमानत पर सुनवाई में कोर्ट ने जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है।

साक्ष्य के अभाव में आरोपी बरी

गोसाईगंज थानाक्षेत्र के आरोपियो पर चार साल पूर्व किशोरी के साथ दिल्ली में छेड़छाड़, मारपीट व धमकी देने केस में अभियोजन आरोपों को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा। सुप्रीम कोर्ट के वकील मारूफ खान के पिता एडवोकेट प्यारे अहमद खान ने बताया साकेत कोर्ट के पॉक्सो जज ने आरोपी मो इमरान, रियाज और अफ्सैन को आरोपों से बरी कर दिया है।

दीवानी न्यायालय का मुख्य गेट।

पूर्व भाजपा विधायक गरिमा सिंह के मामले में दरोगा तलब

सुलतानपुर, अमृत विचार : भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में वादी गवाह तत्कालीन दरोगा आरपी शाही को साक्ष्य के लिए जरिए एसपी एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने 28 फरवरी को तलब किया है। बचाव पक्ष के वकील राजेश सिंह ने बताया साक्ष्य के लिए न आने पर दरोगा शाही को कोर्ट ने एसपी के जरिए तलब किया है। अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।

पांच हत्यारोपियों की जमानत सेशन कोर्ट से खारिज

सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के सोनबरसा में बीती दिसंबर को पुरानी रंजिशन घर मे घुसकर मारपीट गाली-गलौज कर पीटकर जितेन्द्र यादव की हत्या करने के पांच आरोपियों की जमानत जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दिया। सोनबरसा गांव में बीती 13 दिसंबर को खेती के विवाद को लेकर गांव के संदीप वर्मा, अजय, अलोक, जीतलाल और संदीप वर्मा ने एकराय होकर गांव के वादी हृदय राम यादव के घर मे घुसकर गाली गलौज कर लाठी, डंडा कुल्हाड़ी, फावड़े से हमला कर दिया। बचाने दौड़ी वादी की पत्नी शांति देवी, पुत्र जितेंद्र व विकास यादव पर भी हमलावर हो गए जिसमें सभी को गंभीर चोटें आई। हमले में जितेंद्र यादव बेहोश होकर गिर गया जिसे गंभीर हालत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भदैया ले जाया गया जिसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती भेजा गया जहां जितेन्द्र यादव की मौत हो गई। आरोपियों संदीप वर्मा, अजय वर्मा, अलोक वर्मा, जीतलाल वर्मा और रामनारायण की जमानत पर सुनवाई करते हुए जिला जज ने आरोपों को गंभीर पाते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

पिता-पुत्रों समेत चार की गिरफ्तारी पर कोर्ट ने लगाई रोक

सुलतानपुर, अमृत विचार : कूटरचित दस्तावेज दिखाकर शादी करने व दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने के चार आरोपियों की गिरफ्तारी पर न्यायाधीश जेपी पांडेय ने रोक लगा दी है। आरोपियों के अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने बताया शिवगढ थानाक्षेत्र के मो रियाज ने अपनी बहन नाजरीन का विवाह 2018 को प्रतापगढ़ कोतवाली नगर के सिराजुद्दीन के पुत्र एजाज से किया था। आरोप है कि फर्जी दस्तावेज में पति की नौकरी दिखाई गई जबकि पति टैक्सी चालक का काम करता था फिर निकाह के बाद कम दान दहेज को लेकर उत्पीड़न का आरोप भाई फैय्याज, तबरेज, बहन नजरीन व सन्नो पर लगाया गया था। विवेचना में सहयोग व मामला मजिस्ट्रेट कोर्ट के परीक्षण होने के आधार पर कोर्ट ने अग्रिम जमानत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

प्रतापगढ़ के इनामी बदमाश को एसटीएफ ने दबोचा

संवाददाता, सुलतानपुर

कामयाबी

▸▸ **पुलिस ने अभियुक्त पर रखा था 25 हजार रुपए का इनाम, कई दिनों से था फरार**

अमृत विचार: प्रतापगढ़ जिले के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सौराई गांव निवासी आनन्द मिश्रा आखिरकार एसटीएफ के हाथ लग गया। एसटीएफ ने अभियुक्त को प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा थाने भेज दिया है। गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित चल रहा आनन्द मिश्रा काफी दिनों से फरार चल रहा था। पकड़ने में सफलता नहीं मिलने पर अभियुक्त पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था।

शातिर आनंद मिश्रा।

अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ संजीव कुमार दीक्षित के पर्यवेक्षण में उपनिरीक्षक आशुतोष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक प्रताप नारायण सिंह, विनोद कुमार सिंह, दिलीप कुमार, शिवभोला शुक्ला की एक टीम सुलतानपुर में मौजूद थी। टीम को पता चला कि प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा थाने का वांछित इनामिया आनन्द लम्भुआ बाजार आने वाला है। एसटीएफ टीम ने मंगलवार की शाम साढ़े सात बजे लम्भुआ थाना क्षेत्र के नरसरपुर, रेलवे अण्डर बाईपास के पास से अभियुक्त आनन्द मिश्रा को दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्त के पास से एक आधार कार्ड, दो सौ रुपए नगद बरामद हुआ।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि अजय गौतम के साथ कुछ लोगों ने मारपीट किया था। जिसके संबंध में थाना आसपुर देवसरा जिला प्रतापगढ़ में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। पुलिस की विवेचना में मेरा नाम आया तो धर्मेन्द्र कुमार शुक्ला पर शक हुआ था। इस बात को लेकर आनन्द मिश्र अपने तीन साथियों के साथ मिलकर धर्मेन्द्र शुक्ला के साथ मारपीट की थी। इस घटना में धर्मेन्द्र गम्भीर रूप से घायल हो गया और उसका इलाज चलता रहा। इलाज के दौरान धर्मेन्द्र शुक्ल की मृत्यु हो गयी।

बेकार पड़ी चीजों से बनाया पुनर्जीवन पार्क

सिधौली, सीतापुर

अमृत विचार : घरों में बेकार पड़ी चीजों का अगर सही से इस्तेमाल हो तो वो भी खूबसूरत नजर आ सकती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है सिधौली आदर्श नगर पंचायत के कर्मचारियों व सभासदों ने। सिधौली आदर्श नगर पंचायत के मोहल्ला बहादुरपुर में कमर्चारियों व सभासदों ने बेकार पड़ी चीजों का इस्तेमाल कर एक पार्क विकसित किया गया जिसका नाम पुनर्जीवन है।

पार्क के सुंदरीकरण में वेस्ट (कचरे) से बनीं शीट के गमलों में मिट्टी भरकर उसमें पौधे भी लगाए हैं। पुराने कबाड़ की सामग्री को उपयोग के काबिल बनाकर उन पर रंग रोगन कर सजाया गया है। जिसका उद्घाटन मंगलवार को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा मीना राजपूत व अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव ने किया।इस दौरान पार्क में क्यारिंया बनाने में अपना योगदान देने वाले छोटे बच्चे को अधिशाषी अधिकारी रेणुका यादव ने पेन व कापी देकर सम्मानित किया। इस पार्क को तैयार करने में लगभग डेढ़ महीने लग है। पार्क में श्रमदान करने वाले में राजेश (गुरु), श्रीमती शिवरानी, दिनेश कुमार, रामसेवक, प्रशान्त कुमार, पवन कुमार सहित अन्य एक दर्जन कर्मचारियों ने भी श्रमदान किया है।

पार्क का उदघाटन करतीं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा मीना राजपूत व ईओ रेणुका यादव।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का किया गया स्वागत

कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार : कमलापुर कस्बे के निवासी संदीप कश्यप को समाजवादी पार्टी के युवजन सभा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। अखिलेश के भरोसेमंद युवा चेहरा संदीप कश्यप ने जिले में समाजवादी पार्टी के प्रति समर्पित भाव से पार्टी का काम लगातार करते दिखाई देते है। जिलाध्यक्ष बनने के बाद जनपद में प्रथम आगमन पर संदीप कश्यप के साथ प्रदेश महासचिव युवजन सभा रोबिन सिंह, प्रदीप सिंह पन्नू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का पार्टी कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। संदीप कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद आगमन पर कुंवरपुर, अटरिया, सिधौली, खैराबाद, सीतापुर पार्टी कार्यालय पर माल्यार्पण कर स्वागत किया। धीरेंद्र कश्यप, संजय चैधरी, समीर, सुरदीप यादव, जैनेंद्र यादव, रवि, तौकीर खान, आजाद टेलर, त्रिपुरेश बघेल, हर्षित तिवारी, सचिन आदि रहे।

महमूदाबाद जाने को सहारा बने डग्गामार वाहन

रामपुर मथुरा, सीतापुर

अमृत विचार : रामपुर मथुरा से महमूदाबाद जाने के लिए यात्रियों को डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता है, क्योंकि रामपुर मथुरा से तहसील महमूदाबाद जाने के लिए परिवहन विभाग द्वारा कोई भी बस नहीं चलाई जाती है। जबकि हजारों की तादाद में रामपुर मथुरा, क्षेत्र के आसपास व रास्ते में पड़ने वाले बहुत से गांव के लोगों का आना-जाना तहसील महमूदाबाद लगा रहता है। साथ ही रामपुर मथुरा क्षेत्र के लोगों का व्यापारिक बाजार भी महमूदाबाद है। सैकड़ो की संख्या में छात्र व छात्राएं शिक्षा के लिए आते-जाते हैं। विदित हो की महमूदाबाद जाने के लिए सुबह पांच बजे कैसरबाग डिपो की एक बस महमूदाबाद होकर लखनऊ जाती है और गोंडा देवरिया से चलकर रामपुर मथुरा वाया महमूदाबाद सुबह एक बस महमूदाबाद जाने के लिए संचालित है। उसके बाद लोगों को पूरे दिन ई-रिक्शा व अवैध रूप से संचालित टेंपो का ही सहारा लेना पड़ता है। रामपुर मथुरा निवासी प्रधान पुत्तन दीक्षित ने बताया कि समस्या को जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की जानकारी में होने के बावजूद आज तक निराकरण नहीं किया गया है। राममिलन मिश्रा ने बताया कि इसके दशकों पूर्व प्राइवेट बसों का संचालन प्रत्येक घंटे रामपुर मथुरा व महमूदाबाद से होता था। उसके बाद से टेंपो का संचालन होता चला आ रहा है। सरकार के आदेश के बाद अवैध रूप से संचालित टेंपो बंद हो गए कुछ टेंपो जब तब चलते हुए दिखाई पड़ जाते हैं, जिससे परिवहन विभाग का भी लाखों का नुकसान हो रहा है। कस्बा निवासी अवधेश सिंह, रामपुर मथुरा प्रधान रवि कुमार, सुरजनपुर प्रधान अमित कुमार यादव, जगदंबा प्रसाद तिवारी, अरविंद कुमार, संगम, संजय राठौर, व्यापारी विकास गुप्ता, संजय गुप्ता आदि ने रामपुर मथुरा महमूदाबाद सिधौली परिवहन सेवा संचालित करने की मांग की है।

महमूदाबाद जाने के लिए चैराहे पर खड़े ई-रिक्शे। अमृत विचार

सर्वे कराकर समस्या का कराया जायेगा समाधान

जब इस संबध में एआरएम राकेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया के इंस्पेक्टर से सर्वे कराकर समस्या का समाधान कराया जायेगा।

भाजपा की लाभार्थी संपर्क अभियान की बैठक हुई

सीतापुर, अमृत विचार : भाजपा नगर दो ने लाभार्थी संपर्क अभियान की बैठक तरीनपुर कार्यालय पर आयोजित की। जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष रामनरेश मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, योजना संयोजक विनोद त्रिपाठी अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान शशिकान्ति तिवारी को नगर मंत्री मनोनीत किया गया। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह व संचालन नगर महामंत्री अनीत मिश्रा ने किया। पूर्व जिला अध्यक्ष रामनरेश मिश्रा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर जाकर लाभार्थियों से संपर्क करके अभियान को सफल बनाए। बैठक में अशोक राठौर, राकेश गुप्ता पिंकू, विजय शुक्ला, मनीष पांडेय, संदीप अवस्थी, संतोष शुक्ला, सत्यम त्रिवेदी, ऋषभ त्रिवेदी, ममता डोडेजा, अनिल निषाद, आकाश मिश्रा, आकाश राय, उर्मिला राजवंशी, संगीता राजवंशी, शशि सिंह नीलम सिंह, धनंजय मिश्रा, आशुतोष दीश्रित, संजय शुक्ला, संतोष जायसवाल, रामकुमार जायसवाल, लालता शाह, संजय शुक्ला, अनुराग आदि मौजूद रहे।

बैठक में शिक्षकों ने की चर्चा

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : धरैंचा संकुल शिक्षक की फरवरी माह की मासिक बैठक प्राथमिक विद्यालय कैथाभारी में सम्पन्न हुई। इसमें संकुल के सभी 23 विद्यालयों के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। बैठक में मुख्य रूप से एआरपी अनुपम दीक्षित उपस्थित रहे। संकुल शिक्षक काजिम हुसैन ने कहा कि हमारे संकुल के सभी शिक्षक अपने सभी कार्य नियत समय के अंतर्गत करते हैं, इसीलिए संकुल धरैंचा निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।

बैठक में उपस्थित अकादमिक रिसोर्स पर्सन एआरपी अनुपम दीक्षित ने विस्तार से एजेंडा के सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि हम सब एक परिवार के हैं, बस जिम्मेदारियां बंटी हुई हैं, कोई बड़ा-छोटा पद नहीं होता। इसी तरह एआरपी और एसआरजी आप के बीच का माध्यम है। उन्होंने कहा कि संकुल धरैंचा की अपनी अलग पहचान है। सभी विद्यालयों में बहुत ही अच्छे ढंग से कार्य किया जा रहा है। अंत में बैठक आयोजक एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जसविंदर कौर ने सभी का आभार व्यक्त किया। सहायक अध्यापक हसन जमाल रिजवी ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व संकुल शिक्षक मोहित पांडेय के स्थानांतरण हो जाने से रिक्त पड़े पद पर चयन के लिए काजिम हुसैन ने एआरपी से सहमति लेते हुए कैथाभारी के कर्मठ और तकनीकी सहायक हसन जमाल रिजवी के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे संकुल के उपस्थित सभी शिक्षकों ने सर्व सम्मति से सहमति प्रदान कर दी और हसन जमाल रिजवी ने भी अपनी सहमति प्रदान कर दी। इस दौरान कई शिक्षक मौजूद रहे।

मासिक बैठक के दौरान मौजूद धरैंचा संकुल शिक्षक

अकारण ही कार्रवाई का लगाया आरोप

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार: थाना संदना अन्तर्गत ग्राम हिण्डौरा के दर्जनों ग्रामीणों ने थाना संदना पुलिस पर उन्हें अकारण धारा 107/16 में सामूहिक रूप से निरुद्ध करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि अपने परिवार को चलाने के लिए वे अक्सर बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। तीज- त्योहार पर ही घर आते हैं। उनका असामाजिक तत्वों से कोई कभी भी संबंध नहीं रहा है। गांव के कुछ प्रभावशाली व शरारती तत्वों ने थाना संदना से पुलिस से मिलकर शांतिभंग के आरोप में उन लोगों को सामूहिक रूप से आरोपित करा दिया है। उन्होंने आज तक कोई शांति भंग नहीं की और न ही किसी कानून को तोड़ा है। ग्रामीणों ने कार्रवाई निरस्त करने की मांग की है।

पुलिया से टकराकर नाली में फंस गया पिकअप

पैंतेपुर सीतापुर, अमृत विचार : आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर से फतेहपुर मुख्य मार्ग पर एक अनियंत्रित पिकअप का पहिया एक पुलिया से टकराकर सड़क के किनारे बनी नाली में चला गया। 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन के पोल से टकराने से पोल भी टूट गया। नागरिकों ने पुलिया को दुरुस्त करवाए जाने की मांग नगर पंचायत प्रशासन से की है।

कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सीतापुर

पत्रांकः 5859/प्रो0बे0का0/जि0बा0सं0इ0/विज्ञापन/2023–24 दिनांकः 20.02.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है दिनांक 13.02.2024 को थाना मानपुर क्षेत्रान्तर्गत एक नवजात शिशु (बालिका) रौव्वापुर मजरा उलरा में इस्लामुद्दीन के गेहू के खेत में लावारिस अवस्था में पायी गयी है, जिसको स्वस्थ्य होने के उपरांत मां काली सेवा संस्थान विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण गोला रोड लखीमपुर खीरी में आवासित कराया गया।

उपर्युक्त लावारिस नवजात शिशु (बालिका) के माता–पिता अथवा कोई रिस्तेदार विज्ञापन प्रकाशन पुनर्विचार की अवधि 30 दिन के अन्दर अपनी दावेदारी ठोस साक्ष्यों सहित जिला प्रोबेशन कार्यालय / जिला बाल संरक्षण इकाई सीतापुर अथवा अध्यक्ष / सदस्य बाल कल्याण समिति, सीतापुर के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्तानुसार निर्धारित पुनर्विचार अवधि व्यतीत हो जाने के उपरांत बाल कल्याण समिति, सीतापुर के द्वारा उक्त नवजात शिशु (बालिका) को दत्तक ग्रहण हेतु स्वतन्त्र घोषित कर अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी और उक्त नवजात शिशु (बालिका) के संबंध में किसी भी व्यक्ति की कोई भी दावेदारी मान्य नही होगी।

(प्रिया पटेल)
जिला प्रोबेशन अधिकारी सीतापुर।

हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार व वीर रस की कविताओं से किया आनंदित

पैंतेपुर, सीतापुर

अमृत विचार : स्वर्गीय नत्था राम सांस्कृतिक एवं सामाजिक सेवा समिति मितौरा के कुशल दिशा निर्देशन में राम जानकी मंदिर बजरंग धाम गुडियापुर में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजित कवि सम्मेलन में हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार और वीर रस के कवियों ने अपनी-अपनी विधा से जुड़ी रचनाओं को प्रस्तुत कर आम जनता को आनंदित किया।

कवि सम्मेलन की अध्यक्षता बाल ब्रह्मचारी बाबा तपसी दास एवम संचालन अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने किया। राम जानकी मंदिर बाबा बजरंगबली धाम में आयोजित कवि सम्मेलन का शुभारंभ डॉ. ओपी वर्मा ओम ने सरस्वती वंदना से करने के साथ ही हल लिए खेत में किसान वंदे मातरम, सीमा पर देश की जवान वंदे मातरम से किया गया। हैदरगढ़ बाराबंकी से आए यदुनाथ द्विवेदी राष्ट्रप्रेमी ने अटल बिहारी के सपनों को मोदी ने साकार किया है, जन्मभूमि के मंदिर का भी मोदी ने उद्धार किया है आम जनमानस को मंत्रमुग्ध किया। डॉ. रामकृष्ण बाली ने सुर नर मुनि हरसाएं हैं, राम पुनः घर आएं हैं, बेटा राम गरीब तुम पियो जाम पर जाम, खेत तुम्हारा हो गया मुखिया जी के नाम, बाराबंकी से आई लता श्रीवास्तव लता ने बोलो राम राम राम, बोलो राम राम राम, इसी नाम से बनते है सारे बिगड़े काम, रामनगर बाराबंकी से आए साहब नारायण शर्मा ने राम मंदिर में ऐसी लागी लगन, देखो सारा जगत राममय हो गया, कानपुर से आई श्रृंगार रस की कवियित्री डॉक्टर अंजना ने बैठे हैं अनकहा सा दर्द लेकर आंखों में, मत पूछ जख्म हैं या छाले हैं, रायबरेली से आए अनिल कुमार लल्लू ने घर कै फुलवारी महक उठे तो समझव बिटिया आई है, सुनाकर सभी श्रोताओं को आनंदित किया। सभी कवियों का स्वागत मंदिर के पुजारी बाबा तपसी दास द्वारा माल्यार्पण एवम अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कैप्टन विजय श्रीवास्तव, लल्लन कुमार, श्याम बिहारी सहित अन्य मौजूद रहे।

कवि सम्मेलन में अपनी रचनाएं प्रस्तुत करते कवि। अमृत विचार

सभासदों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के सभासदों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय जिम्मेदारों से निष्पक्ष जांच और न्यायोचित कार्रवाई की मांग की। महमूदाबाद नगर पालिका परिषद के करीब डेढ़ डेढ़ दर्जन सभासदों ने एसडीएम शिखा शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय जिम्मेदारों से निष्पक्ष जांच एवं न्यायोचित कार्रवाई की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में सभासदों द्वारा मांग की गई है कि पालिका के सफाई कर्मी संतोष द्वारा कोतवाली महूदाबाद में प्रार्थना पत्र देकर वार्ड बीबीपुर कटरा के सभासद मुहम्मद इस्लाम के विरुद्ध दर्ज कराए गए मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराकर उसे समाप्त किया जाए। जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, नगर विकास मंत्री, जिलाधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष को भेजी गई। ज्ञापन में सुनील मौर्या, प्रेम चंद, शन्नो राना, बेबी नाज, कमर अली, नूर जहां, मोहनी श्रीवास्तव, शमा बानो, रिजवाना, शीबा खातून सहित लगभग डेढ़ दर्जन सभासद मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पंचायत महोली–सीतापुर

पत्रांक–2210/न0पं0म0/सार्व0सूचना/2023–24 दिनांक – 21.02.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित प्रार्थना पत्र दाखिल–खारिज हेतु कार्यालय नगर पंचायत महोली को प्राप्त हुए है, जिसके सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्तियों लिखित रूप से कार्यालय नगर पंचायत महोली में दे सकते हैं। बाद मियाद यह समझा जायेगा कि उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति नही है और दाखिल–खारिज की कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र. सं.	वार्ड संख्या	मोहल्ला/वार्ड का नाम	मकान संख्या/ गाटा संख्या	प्रार्थना पत्र देने वाले का नाम	आधार	किससे प्राप्त किया	मकान/ प्लाट
1		मो0 शक्ति नगर (भट्ठा)	429,431	अनिल पुत्र बुद्धा	बैनामा	अजय कुमार पुत्र गुरमुखदास दीनानाथ पुत्र तिलकराम	प्लाट
2		मो0 मास्टर कालोनी पश्चिमी	380	कु0 नेहा वर्मा पुत्री दाताराम	बैनामा	शत्रोहन सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह	प्लाट
3		मो0 मास्टर कालोनी पश्चिमी	201	त्रिभुवन पुत्र रामचन्द्र	वशीहत	छोटकन्नी पत्नी स्व0 जगदीश	प्लाट
4		मो0 मास्टर कालोनी पश्चिमी	380	श्रीमती कामिनी रस्तोगी पत्नी विनोद कुमार रस्तोगी	बैनामा	शत्रोहन सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह	प्लाट
5		मो0 मास्टर कालोनी पूर्वी	99	श्रीमती प्रेम कुमारी पत्नी श्रीराम	बैनामा	देवेन्द्र पुत्र लछिमन	प्लाट
6		मो0 मास्टर कालोनी पूर्वी	15	नीतू देवी पत्नी दिलीप कुमार	बैनामा	सर्वेश गुप्ता उर्फ रामगुलाम पुत्र मनोहरलाल	प्लाट
7		मो0 मास्टर कालोनी पूर्वी	15	कमलेशवरी पत्नी सुधीर कुमार मिश्रा	बैनामा	सर्वेश गुप्ता उर्फ रामगुलाम पुत्र मनोहरलाल	प्लाट
8		मो0 मास्टर कालोनी पूर्वी	49	सन्तोष कुमार पुत्र जुगुल किशोर	बैनामा	चन्द्र शेखर पुत्र राम लाल	प्लाट
9		मो0 आजाद नगर	125	मुन्नी देवी पत्नी पूरन	बैनामा	गौरव शुक्ला पुत्र रमेश चन्द्र शुक्ला	प्लाट
10		मो0 आजाद नगर	–	श्राजरानी पत्नी अखिलेश	बैनामा	उमाकान्त मिश्रा पुत्र दुर्गा प्रसाद	प्लाट

आदित्य प्रकाश
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत महोली
सीतापुर

मॉनिटरिंग सेल, कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम का डीएम ने किया निरीक्षण

मॉनिटरिंग सेल से परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के दिए निर्देश

अमेठी

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2024 को नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में बनाए गए मॉनिटरिंग सेल, कंट्रोल रूम तथा स्ट्रांग रूम का बुधवार को जिलाधिकारी निशा अनंत ने स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों को मॉनिटरिंग सेल से जुड़ने के संबंध में जानकारी ली जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह ने बताया कि जनपद के सभी परीक्षा केंद्र मॉनिटरिंग से जुड़े हुए हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने मॉनिटरिंग सेल के माध्यम से कई परीक्षा केंद्रों के कक्ष तथा स्ट्रांग रूम को भी ऑनलाइन माध्यम से देखा।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मॉनिटरिंग सेल के माध्यम से जनपद के सभी केंद्रों पर परीक्षा के दौरान सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से भी लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था रहे। इसके उपरांत उन्होंने स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बताते चलें कि बोर्ड परीक्षा 9 मार्च तक 83 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। जिसमें हाईस्कूल में 28127 एवं इंटरमीडिएट में 20953 तथा कुल 49080 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में पूर्वाह्न 8:30 बजे से पूर्वाह्न 11:45 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपराह्न 2:00 से अपराह्न 5:15 बजे तक आयोजित होगी।

यूपी बोर्ड

- **9 मार्च तक 83 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा**
- **हाईस्कूल में 28127 व इंटर में 20953 छात्र-छात्राएं परीक्षा में होंगे शामिल**

अमेठी तहसील का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को तहसील अमेठी का औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम प्रदर्शन केंद्र, बीआरसी सेंटर, भूलेख अनुभाग, अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग आदि का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पुनरीक्षण अभियान के दौरान फॉर्म 6, 7 व 8 के ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों तथा अब तक फीडिंग की स्थिति के संबंध में जानकारी ली एवं लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र फीड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता वोटर बनने से छूटने न पाए। इसके अलावा उन्होंने 100 वर्ष की आयु से ऊपर के मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन की स्थिति, सेक्टर मजिस्ट्रेटरों द्वारा मतदान केंद्रों के निरीक्षण की स्थिति आदि की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने अभिलेखागार का निरीक्षण कर पत्रावलियों के रखरखाव आदि का जायजा लिया, संग्रह अनुभाग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वसूली की स्थिति की जानकारी ली तथा अमीनों के माध्यम से समयांतर्गत वसूली सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। चकबंदी कार्यालय का निरीक्षण कर चकबंदी प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी अमेठी प्रीति तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकार अमेठी लल्लन, तहसीलदार अमेठी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

तहसील का औचक निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी निशा अनंत। अमृत विचार

एक नजर

मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर। जिले के स्वशासी राजकीय मेडिकल कालेज में अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा के नेतृत्व में कांग्रेसियों राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम प्रशासन को सौपा। कांग्रेसियों का आरोप है कि जब से जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज बना है। तब से चिकित्सा अधिकारियों और चिकित्सा प्रशासन की लापरवाही से आये दिन मौतें होती रहती है। कई मौतों का हवाला देते हुए बताया कि मेडिकल कालेज में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। इस मौके पर मोहसिन सलीम, राम कुमार यादव, मोहम्मद हामिद रायनी, इमरान अहमद, राहुल मिश्रा मोहम्मद ऐश प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

18 लाख की स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार, गया जेल

गोसाईगंज, सुलतानपुर। नशे के सौदागरों पर अंकुश लगाने के क्रम में मंगलवार की देर रात पुलिस 160 ग्राम स्मैक के साथ युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भटमई चौकी इंचार्ज कन्हैया कुमार पांडेय हमराहियो के साथ सैफुल्लागंज में मौजूद थे। देर रात जानकारी मिली कि टाटियानगर में एक युवक स्मैक के साथ खड़ा है। जिसकी जानकारी सीओ जयसिंहपुर प्रशांत को दी। सूचना पर सीओ ने मौक़े पर पहुंचने की बात कह उपनिरीक्षक को मौके पर भेजे दिया। मौक़े पर पहुंचे दारोगा को पयागीपुर वाईपास रोड की दाहिनी पटरी पर एक व्यक्ति खड़ा दिखायी दिया। पुलिस को रूकता देख युवक भागने लगा तो पुलिस ने युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। भागने का कारण पूछने पर युवक ने बताया कि उसके पास स्मैक है। तभी सीओ जयसिंहपुर प्रशांत सिंह भी पहुंच गए। तलाशी के दौरान उसके जैकेट के दाहिने जेब से काली पन्नी में स्मैक बरामद हुआ।

भाजपा नेता पर लगाया दबंगई का आरोप, वीडियो हुआ वायरल

अमेठी

अमृत विचार। फुरसतगंज थाना क्षेत्र के क़स्बा निवासी एक युवक ने भाजपा के एक नेता व उनके दो दर्जन सहित अन्य गुर्गों पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है कि मंगलवार की देर रात घर के सामने बनी नवनिर्मित सीढ़ी को तोड़ दिया और उसमें लगे लोहे की सरिया के जाल को उठा ले गए। विरोध करने पर घर पर मौजूद उसकी पत्नी व बेटी को असलहे की दम पर धमकाते हुए घर जला देने की धमकी भी देने का आरोप है।

एक तरफ जहां चार दिवसीय दौरे पर आई सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी जगह-जगह जन संवाद विकास यात्रा के जरिये जनता से मिली समस्याओं को सुन रही हैं, बल्कि उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित को निर्धारित समय में निस्तारण के निर्देश भी दे रहीं हैं। वहीं भाजपा के कुछ नेता अपने निजी स्वार्थ के लिए सत्ता की हनक के आगे केंद्रीय मंत्री व सरकार की छवि को पलीता लगा रहे हैं।

फुरसतगंज कस्बा निवासी राजेश कुमार जायसवाल पुत्र बराती लाल जायसवाल ने बुधवार की सुबह पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसने घर में आने जाने के लिए सामने सीढ़ी का निर्माण किया था। मंगलवार की देर रात करीब साढ़े 9 बजे भाजपा के जिला मंत्री मनोज जायसवाल अपने गुर्गे शशि जायसवाल, रजत जायसवाल व दो दर्जन अन्य के साथ घर पर आ धमके और घर के सामने बनी सीढ़ी को तोड़ दिए। पुलिस को दी तहरीर में राजेश ने लिखा है कि सीढ़ी में लगी लोहे की सरिया के जाल को भी उठा ले गए हैं। इन सब करतूतों का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। राजेश ने बताया कि इन सबका विरोध करने पर पत्नी व बेटी को असलहे की दम पर घर जला देने की धमकी भी दी है। वहीं भाजपा जिला मंत्री पर आरोप है कि राजेश के पड़ोस में रहने वाली दलित महिला को ढाई लाख रुपये देकर उसे मोहरा बनाकर एससीएसटी की धारा में फर्जी केस दर्ज कराकर जेल भिजवाने की धमकी दी है।

स्मृति के नवनिर्मित आवास पर शुरू हुई गृह प्रवेश पूजा

अमेठी। केंद्रीय मंत्री व सांसद दीदी स्मृति इरानी के मेदन मवई गांव में नवनिर्मित आवास पर बुधवार से गृह प्रवेश की पूजा शुरू हो गई है। पहले दिन केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने परिवार के साथ हवन-पूजन किया।

गुरुवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक दीदी स्मृति जुबिन ईरानी परिवार के साथ पूजन करेंगी। अपरान्ह दो बजे से प्रीतिभोज का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संसदीय क्षेत्र के हजारों लोगों को आमंत्रित किया गया है। प्रीतिभोज को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। आने वाले लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न होने पाए, इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

नेतृत्व क्षमता विकास को लेकर हुआ प्रशिक्षण

गौरीगंज, अमेठी

अमृत विचार। बुधवार को पावर एंजेल सशक्तिकरण हेतु कम्पोजिट विद्यालय पचहरी में सुगम कर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्यनरत बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता विकास के गुर सिखाए गए। प्रगति के पंख को मिली उड़ान की राह स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजेल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता विकास हेतु विकास खंड गौरीगंज के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सुगम कर्ताओ को 19 से 21 तक कंपोजिट स्कूल पचेहरी के प्रशिक्षण कक्ष में प्रशिक्षित किया गया।

यह सुगमकर्ता के रुप मे प्रत्येक विद्यालय से तीन-तीन किशोरियों (कक्षा-6, 7, 8 से एक-एक) का चयन कर उनके माध्यम से विद्यालय की अनेक समस्याओं को हल करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगी।

इस प्रशिक्षण में बच्चों की नियमित उपस्थिति, व्यक्तिगत, परिवेशीय, सामाजिक स्वच्छता एवं साफ सफाई, किशोरियों में अनावश्यक संकोच, झिझक को तोड़ना, आत्मसम्मान, आत्म विश्वास, आत्म निर्माण, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव, खतरों की पहचान, स्वस्थ खान-पान, मानसिक विकास, चाइल्ड हेल्पलाइन, स्वस्थ जीवन की कुंजी जैसे बिंदुओं पर गहन चर्चा परिचर्चा की गई। जिसका उद्देश्य किशोरियों को पावर एंजेल (शक्ति परी) के रुप में तैयार करना था। जिससे वे शिक्षा एवं समाज के विकास में नेतृत्व कौशल के साथ अपना समुचित योगदान दे सकें। साथ ही साथ हर किशोरी व नारी को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सके।

इस प्रशिक्षण में कुल 36 प्रतिभागियों को सुगम कर्ता के रुप में तैयार किया गया। प्रशिक्षक द्वय बच्चा राम वर्मा एवं गरिमा यादव ने प्रतिभागियों के साथ चर्चा-परिचर्चा कर उन्हें नारी सशक्तिकरण के लिये प्रेरित किया। सत्र का समापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी एवं समन्वयक बालिका शिक्षा श्याम सुंदर श्रीवास्तव के कर कमलों द्वारा केक काटकर पावर एंजेल को प्रोत्साहित किया गया। सत्र का संचालन प्रशिक्षक गरिमा यादव द्वारा किया गया।

बीएसए द्वारा खुशी जाहिर करते हुए सभी प्रशिक्षुयों को मीना मंच का गठन विद्यालय स्तर पर करने के लिये प्रोत्साहित किया गया।

- **बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता विकास के गुर सिखाए गए**

बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान

सिंहपुर, अमेठी

अमृत विचार। बारिश और ओलो के साथ मौसम ने पलटवार किया। अमेठी जिले सेमरौता क्षेत्र में किसानों को काफी नुकसान देखने को मिला। मंगलवर को दिन में तेज धूप के बाद रात मे कारिब 11:30 बजे अचानक मौसम खराब हो गया।

गांवों के कई इलाकों गरज चमक के बाद तूफानी बारिश हुयी। रात करिब एक बजे तक यह सिलसिला जारी रहा। कई इलाकों मे आकाशीय बिजली कड़काने से लोग सहम गये। आंधी पानी के दौरान कई इलाकों में बिजली गुल हो गयी। आसपास के गांवों मे रात से शुरू हुयी बारिश और मौसम के इस मिजाज से किसानों की चिन्ता बढ़ी हुयी है। उनका कहना है तेज बारिश और ओलावृष्टि से गेहू और सरसों की फसल को बढ़ा नुकशान हो सकता है।

- **रात मे कारिब 11:30 बजे अचानक मौसम खराब**
- **तेज बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं और सरसों की फसल को हुआ बढ़ा नुकशान**

प्रमुख स्थानों पर लगाए गए हैंडपंप खराब, लोग परेशान

जायस, अमेठी

अमृत विचार। अगर आप बहादुरपुर चौराहे आ रहे हैं, तो पेयजल का इंतजाम करके ही आएं। अन्यथा 10 से 20 रुपये प्रति बोतल बंद या दो रुपये का पानी पाउच खरीदने के लिए तैयार रहें, क्योंकि राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए चौराहे के प्रमुख स्थानों पर लगाए गए हैंडपंप खराब हो चुके हैं। साथ ही करीब आधा सैकड़ा सरकारी हैंडपंप रिबोर होने का इंतजार कर रहे हैं। अब लोगों के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि खूद-सूखे हलक वाले हैंडपंप राहगीरों की प्यास कैसे बुझा पाएंगे?

ऐसे में बहादुरपुर चौराहे पर आने वाले अधिकांश लोगों को प्यास बुझाने की कीमत अदा करनी पड़ रही है। गर्मी में लोगों के सामने पेयजल का संकट गहरा रहा है। शुक्रवार को टीम ने पड़ताल की तो कई हैंडपंप शोपीस बने नजर आए।

बहादुरपुर चौराहे पर हिन्दुस्तान धर्मकांटा पर खराब पड़ा हैंडपम्प।

नेशनल हाइवे पर लगा हैंडपंप बना शोपीस

बहादुरपुर में नेशनल हाइवे पर स्थित पूरे दिखित मोड़ पर खराब पड़ा हैंडपंप जायस क़स्बा को आने जाने वाले लोगों लेकर आमजनों का आवागमन रहता है। लेकिन हैंडपंप खराब होने की वजह से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हिंदुस्तान धर्म कांटा के पीछे बदहाल पड़ा हैंडपंप

इलाके में व्यस्ततम चौराहों की गिनती बहादुरपुर चौराहा का नाम शुमार किए बिना पूरी नहीं हो सकती है। यहां पर रायबरेली, लखनऊ, मोहंगनज, तिलोई, सुल्तानपुर आदि रूटों के साथ स्थानीय रूटों के लिए भी सवारियां मिलती हैं। यहां पेयजल के लिए लगा एकमात्र हैंडपंप खराब होने की वजह से यात्री पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं।

पुलिस चौकी बहादुरपुर के सामने मुंह चिढ़ा रहा हैंडपंप

बहादुरपुर चौराहा के बारे में बताने की जरूरत नहीं है, चहुंओर जोड़ने वाले इस चौराहा पर चौकी बहादुरपुर के सामने लगा हैंडपंप लोगों को चिढ़ा रहा है। रेलवे स्टेशन जायस जाने वाले यात्रियों व चौराहे के स्टेशन रोड़ पर दो दर्जन से अधिक दुकानदारों की प्यास बुझाने का एक मात्र हैण्डपम्प है, पानी तो उगल रहा है, लेकिन पीने बदबूदार पानी पीने से लोग पहरेज कर रहे हैं। इससे प्यासे लोग मजबूरी में खरीद कर पानी पी रहे हैं।

सार-संक्षेप

चोरों के हौसले बुलंद, सोने-चांदी के आभूषण पर फेरा हांथ

घटना स्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

अमेठी। रामगंज थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। चोर आए दिन किसी न किसी घर को निशाना बनाकर नगदी सहित लाखों के जेवरात पर हाथ साफ करके फरार हो जाते हैं। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस कार्यवाही व घटना के खुलासे के बजाय जांच व खानापूर्ति करती नजर आती है। थाना क्षेत्र के विशुन दासपुर निवासी रत्नेश भीम के मकान में चोरों ने दरवाजा की कुंडी तोड़कर घर में घुसकर नगदी सहित लाखों के जेवरात उठा ले गए। पीड़ित द्वारा रामगंज थाने में दिए गए तहरीर के अनुसार वह अपने भाभी के इलाज के लिए 18 व 19 फरवरी को लखनऊ के बलरामपुर हॉस्पिटल गया था। 20 फरवरी को जब वह लखनऊ से इलाज कराकर घर वापस आया तो देखा घर के बाहर गेट का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर के सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे। घर का सभी सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। कमरों में रखा कीमती सोने चांदी के लाखों के आभूषण व एक लाख रुपये नगद चोर उठा ले गये। इतना ही नहीं अज्ञात चोरों ने घर में लगा सीसीटीवी कैमरे का वायर काटकर डीबीआर को भी अपने साथ लेकर फरार हो गए है। पीड़ित के सूचना पर मौके पर पहुंचकर अमेठी सीओ लल्लन सिंह और रामगंज थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज द्विवेदी मय फॉरेंसिक टीम के साथ घटना की जांच पड़ताल की है। अमेठी सीओ लल्लन सिंह ने कहा कि खुलासे के लिए टीमें लगाई गई है, जल्द ही चोरों को पड़कर माल बरामद किया जाएगा।

- **डीबीआर समेत सीसीटीवी कैमरा का वायर काटकर उठा ले गए चोर**

पुलिस परीक्षा के अभ्यर्थियों ने कलेक्ट्रेट का किया घेराव

संवाददाता, सुलतानपुर। बीती 17 व 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने की बात कहते हुए अभ्यर्थियों ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया। सूचना पर पहुंचे एसडीएम ने अभ्यर्थियों को समझा बुझा कर शांत कराया। बुधवार दोपहर पुलिस भर्ती परीक्षा के सैकड़ों अभ्यर्थियों ने नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट का घेराव किया। अभ्यर्थियों का आरोप है कि बीते दिनों हुई पुलिस भर्ती परीक्षा का साल्व पेपर परीक्षा से पहले ही सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे थे। जिसको छात्रों ने सोशल मीडिया के माध्यम से कैंपेन भी किया। आरोप है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती आयोग उस पर कार्यवाही के बजाय उसे फर्जी बता रहा है। अभ्यर्थियों की मांग है कि छात्राओं के उज्जवल भविष्य को देखते हुए उचित कार्रवाई की जाए। अभ्यर्थियों द्वारा घेराव की सूचना मिलते ही एसडीएम संजीव कुमार यादव अभ्यर्थियों को समझा कर शांत कराया। अभ्यर्थियों ने एक ज्ञापन भी एसडीएम को सौंपा है।

खेल में योगदान के लिए टीम प्रभारियों का सम्मान

सुलतानपुर, अमृत विचार। जिले से मंडल व राज्य स्तर पर परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में कई टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। साथ ही मंडल में उपविजेता होने का गौरव दिलाया और राज्य स्तर पर अयोध्या मंडल से मजबूत स्थिति दर्ज की। टीम प्रभारियों द्वारा खिलाडियों के साथ लगकर उन्हें राज्य स्तर पर पहुंचाने वाले शिक्षकों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी ने सम्मानित किया। जिसमें आलोक पाठक, अन्नपूर्णा शुक्ला, जय कुमार, कविता कनौजिया, रितेश त्रिपाठी, अनीता देवी, मुनेन्द्र मिश्रा, अनिल सोनी मौजूद रहे। इसके अलावा अन्य कई शिक्षक, प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, जिला व्यायाम शिक्षिका श्रद्धा सिंह, जिला गाइड कैप्टन ज्योति सिंह, खेल प्रभारी बीईओ अरविंद सिंह आदि रहे।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

सुलतानपुर। कुड़वार थाना क्षेत्र के मिठनेपुर गांव निवासी राहुल गिरी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार शाम को उसका छोटा भाई अंगद गिरी अपने साथी अर्जुन गिरी के साथ बाइक से राजापुर बाजार गए थे। घर आते समय देर शाम बेला तिराहे के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां अर्जुन गिरी का इलाज चल रहा है। दूसरे घायल युवक का लखनऊ जाते समय रास्ते में अंगद गिरी (23) की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले मुकदमा दर्ज कर वाहन की तलाश की जा रही है।

94 जोड़ों ने खाई साथ जीने-मरने की कसमें

- **बीडीओ व प्रमुख प्रतिनिधि ने जोड़ों को दिया आशीर्वाद**

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। समाज कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन कुड़वार विकास खंड के प्रांगण में किया गया। शादी समारोह में जनप्रतिनिधियों से लेकर विकासखंड के कर्मचारी ने सहभाग किया।

बुधवार को कुड़वार विकास खंड मुख्यालय के प्रांगण में समाज कल्याण विभाग द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह में जनपद के अखंड नगर ब्लॉक से 15, बल्दीराय ब्लाक से 24, दोस्तपुर ब्लाक से 06, जयसिंहपुर ब्लॉक से 13, कुड़वार ब्लॉक से 34, लंभुआ ब्लॉक से एक, मोतिगरपुर से 05 व नगर पालिका से दो जोड़ों का पंजीकरण हुआ था। जिसमें से 94 जोड़ों ने अपने परिवार के साथ पहुंचकर सात फेरे लेकर आजीवन एक दूसरे का साथ निभाने का की कसमें खाई। शादी समारोह में वैदिक रीति रिवाज से सभी जोड़ों से हवन इत्यादि कराकर सिंदूरदान करने के बाद जयमाला के साथ शादी कार्यक्रम संपन्न किया गया। सभी नव विवाहित जोड़ों को बीडीओ नीलिमा गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र प्रताप व जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह द्वारा शादी का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। सभी जोड़ों को दान में बिछिया, पायल, बैग सहित शादी के कपड़े, लंच पैकेट आदि की व्यवस्था समाज कल्याण विभाग द्वारा की गई थी।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मौजूद नवविवाहित जोड़े। अमृत विचार

स्मैक व असलहे के साथ बदमाश बंदी

सुलतानपुर, अमृत विचार। कोतवाली देहात पुलिस ने बुधवार की सुबह 9 बजे गोमती किनारे बभनगवा गांव की मल्हौटी रोड से शातिर अपराधी व थाने में हत्या मे नामजद अभियुक्त रजत सिंह उर्फ राका निवासी ग्राम जासापारा थाना गोसाईगंज जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार करने में सफल रही है। आरोपी के पास से 115 ग्राम स्मैक/हिरोइन व एक अवैध तमंचा व 2 कारतूस भी मिला है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के राका के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट व 3/25 आर्म्स एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के जरिए जेल भेज दिया। कोतवाली देहात निरीक्षक ने बताया कि आरोपी शातिर अपराधी है जिसकी पुलिस को तलाश थी।

मुठभेड़ में अपराधी की मौत की जांच करेंगे एसडीएम लम्भुआ

सुलतानपुर

अमृत विचार। एक लाख इनामिया अपराधी विनोद कुमार उपाध्याय की पुलिस मुठभेड़ में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जिसकी मजिस्ट्रेटियल जॉच उपजिलाधिकारी लम्भुआ दीपक वर्मा द्वारा की जा रही है। घटना के सम्बंध में कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

पांच जनवरी की अल सुबह अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा एक लाख के इनामिया अपराधी विनोद कुमार उपाध्याय की एसटीएफ से हुई सशस्त्र मुठभेड़ कोतवाली देहात में हुई थी। जिसमें अपराधी गोली लगने से घायल हो गया था। घायल अवस्था में ही सुबह उसे जिला अस्पताल लाया गया था। जहां उसकी उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। एसडीमए लम्भुआ ने सूचना जारी कर बताया है कि उक्त घटना की मजिस्ट्रियल जांच मेरे द्वारा की जा रही है।

इस सम्बन्ध में जो भी व्यक्ति/अधिकारी/कर्मचारी कोई भी साक्ष्य देना चाहे या अपना परीक्षण कराना चाहे। वह एक मार्च तक किसी भी कार्य दिवस में सुबह दस बजे से शाम तीन बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर बयान, साक्ष्य या अभिलेख प्रस्तुत कर सकता है।

तैयारी पूरी हर सेंटर पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट करेंगे निगरानी, मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से ऑनलाइन तो छह सचल दल करेंगे छापेमारी

यूपी बोर्ड : आज 122 केंद्रों पर परीक्षा देंगे 80,497 छात्र

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा गुरुवार से जिले के 122 केंद्रों पर शुरू हो रही है। पहले दिन अनिवार्य विषय हिंदी में कुल 80,497 विद्यार्थी बैठेंगे। सभी केंद्रों पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में होने वाली बोर्ड परीक्षा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के दावे के किए जा रहे हैं। शहर के जीआईसी में बनाए गए आनलाइन मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से जहां परीक्षा के दौरान पल-पल नजर रखा जाएगा, वहीं छह सचल दल भ्रमणशील रहते हुए लगातार केंद्रों पर छापेमारी करेंगे।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा गुरुवार से शुरू होकर नौ मार्च तक चलेगी। परीक्षा को नकल विहीन व शुचितापूर्ण संपन्न कराने के लिए महकमा ने कमर कस ली है। दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा में पहले दिन गुरुवार को सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक हाईस्कूल की हिंदी, प्रारंभिक हिंदी व इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान का पेपर होगा।

द्वितीय पाली में 2 से 5:15 बजे तक इंटरमीडिएट की हिंदी, सामान्य हिंदी और हाईस्कूल की वाणिज्य विषय की परीक्षा होगी। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में कुल 122 परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है।

केंद्र व्यवस्थापकों ने की कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक

यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर बुधवार को सभी परीक्षा केंद्रों पर अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व सह केंद्र व्यवस्थापकों के साथ कक्ष निरीक्षक शामिल हुए। पहली बार हाईस्कूल की परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी। इसके भरने व जमा करने समेत अन्य जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा कक्षों में डेस्क स्लिप चस्पा करने समेत कार्य किए गए। कई केंद्रों पर बच्चे पहुंचकर अपना सेंटर देखा।

शहर के जीआईसी में बोर्ड परीक्षा के लिए डेस्क पर स्लिप चस्पा करता कर्मचारी।

6 सचल दस्ते रखेंगे नजर

नकल विहीन व सुचितापूर्ण बोर्ड परीक्षा कराने के लिए जिले में 122 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। हर केंद्र पर स्ट्रांग रूम बन गए है और डबल लॉक वाली अलमारी की व्यवस्था है। केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरे और वायस रिकार्डर क्रियाशील रखने की हिदायत दी गई है। वहीं, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने जिला स्तरीय छह सचल दल बनाया है। इनमें पहले दल का नेतृत्व डीआईओएस रविशंकर खुद करेंगे। वहीं, शहर के राजकीय इंटर कॉलेज को संकलन केंद्र बनाया गया है।

इन नंबरों पर की जा सकती है शिकायत

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए किसी भी तरह की समस्या के निदान के लिए डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी बनाए गए डीआईओएस रविशंकर के नंबर 9454457329, परीक्षा प्रभारी जीतेंद्र कुमार दूबे के नंबर 9454758550, विजय प्रकाश मौर्य प्रधानाचार्य जीआईसी केनौरा के नंबर 6394938699 और शेषमणि वर्मा प्रधानाचार्य, राजकीय हाईस्कूल महमूदपुर जंगल के नंबर 9415960080 पर बोर्ड परीक्षा से संबंधित किसी तरह की समस्या की शिकायत कर निदान पाया जा सकता है।

सार-संक्षेप

अधर्म बढ़ने पर ईश्वर लेते हैं अवतार : पाण्डेय

रानीगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार : विष्णुपुर गांव शिव सांई धाम पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास कृष्ण कुमार पांडेय ने कहा कि जब जब पृथ्वी पर अधर्म, पाप, दुराचार का प्रभाव बढ़ता है तब तब धरा का संकट हरने के लिए साक्षात नारायण अवतार लेते हैं। द्वापर युग में जब कंस का पाप चरम पर पहुंचा और चारों ओर दुराचार, अनीति, अधर्म का प्रसार होने लगा तब भगवान विष्णु श्री कृष्ण के रूप में माता देवकी के गर्भ से अवतरित हुए। मुख्य यजमान सुशीला देवी पत्नी स्व .अयोध्या प्रसाद मिश्र, यजमान विमला देवी एवं सरजू प्रसाद मिश्र,हृदय नारायण मिश्र प्रबंधक सांई बालिका इंटर कालेज विष्णुपुर कला,अवध नारायण मिश्र चेयरमैन मार्सल ग्रुप मुंबई, प्रधान सुशील मिश्र, प्रधान सुधाकर दत्त,संदीप मिश्र,प्रदीप मिश्र,प्रमोद मिश्र,अनुव्रत शुक्ल, प्रधान श्याम बिहारी उपाध्याय, पूर्व प्रमुख वेद प्रकाश सिंह,महेश मिश्र एडवोकेट, श्री राम कथा व्यास राजन उपाध्याय कमला नंदन महाराज,पंकज उपाध्याय एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

विभिन्न मांगों को लेकर शुआट्स में अनशन शुरू

नैनी प्रयागराज। अमृत विचार : शुआट्स में माहौल गरमाता जा रहा है। बुधवार को विभिन्न मांगों को लेकर अनशन शुरू कर दिया गया है। वहीं कर्मचारियों की ओर से एक बार फिर कार्यवाहक कुलपति प्रो . बी मेहरा से मुलाकात कर निदेशक प्रशासन के पद पर डॉ रमाकांत दुबे की नियुक्ति पर विरोध जताया गया। कर्मचारियों का कहना है कि जब हमारे विश्वविद्यालय के समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी ने जांच कमेटी बैठाई है और उसका रिपोर्ट आने वाला है तो इस जांच के बीच हमारे ऑफिसिएटिंग वॉइस चांसलर ने कैसे एक नियुक्ति कर दी। अनशन का मुख्य उद्देश्य हमारे चांसलर साहब आए और हमारी समस्याओं का निष्पादन करें। अब हम चाहते हैं कि चांसलर साहब के नेतृत्व में सीनेट बोर्ड की मीटिंग हो और परमानेंट वाइस चांसलर बनाया जाए। दूसरी तरफ डीएम साहब से जल्द से जल्द जांच कमेटी की अनुशंसा भेजने का निवेदन करेंगे। डॉ अजय कुमार सिंह और डॉ आरएन शुक्ला अपनी मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे हैं। बता दें कि बकाया वेतन को लेकर काफी दिनों से शुआट्स सोसायटी के शिक्षक और कर्मचारी आंदोलन कर रहे। प्रति दिन कुलसचिव कार्यालय के बाहर धरना ।दिया जा रहा है। अब आंदोलन ने नया मोड़ ले लिया है।

परीक्षा से पहले फंदे पर लटकता मिला गायब छात्र का शव

लालगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार : अनेहरा रामपुरबावली लालगंज निवासी राजकुमार प्रजापति का पुत्र 17 वर्षीय अंकित प्रजापति लीलापुर थाना के मुल्तानीपुर में अपने नाना राम कृपाल प्रजापति के यहां रहता था। वह इंटर का छात्र था। वह 19 फरवरी को सुबह घर से निकला था, इसके बाद घर वापस नहीं लौटा। मामा बाबूलाल की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी। इधर परिवार के लोग भी खोजबीन में जुटे थे। इसी बीच बुधवार सुबह करीब सात बजे पड़ोस के गांव संडवा दुबान स्थित ओझा का बाग में एक पेड़ से किशोर का शव फंदे से लटकता मिला। जानकारी होने पर परिवार के लोग भाग कर वहां पहुंचे। शव की शिनाख्त गायब अंकित के रुप में होने पर परिजन बेहाल हो गए। एसओ नीरज यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जांच की जा रही है।

लखनऊ इंटरसिटी को सांसद केशरी देवी ने दिखाई हरी झंडी

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार : संगम नगरी से लखनऊ जाने वाले यात्रियों को अब असुविधा नहीं होगी। इसके लिए एक नई शुरुआत बुधवार को शुरु की गई है। संगम से लखनऊ जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव अब लालगोपालगंज रेलवे स्टेशन पर भी शुरु करंव की तैयारी की जा रही है। बुधवार को फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल ने लालगोपालगंज में आयोजित एक कार्यक्रम में इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवना किया। लालगोपाल गंज के रहने वाले लोगों को लखनऊ जाने के लिए काफी परेशान होना पड़ता था। या तो वो बस से जाते थे या फिर प्रयागराज आकर लखनऊ के लिए ट्रेन पकड़ते थे। जिसको देखते हुए संगम से लखनऊ जाने के लिए लालगोपाल गंज में इस ट्रेन का ठहराव शुरु किया गया है। जिससे लालगोपालगंज से लखनऊ जाने वाले यात्रियों को अब परेशानियों का सामना न करना पड़े। बुधवार से ट्रेन का लालगोपालगंज में दोनों ओर से ठहराव शुरु करा दिया गया। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की तरफ से इसकी समय सारणी सूची जारी कर दी गई है। अब यह इंटरसिटी लखनऊ से प्रयागराज संगम सुबह 10 .23 बजे से 10 .24 बजे यानी एक मिनट के लिए लालगोपालगंज में इसका ठहराव दिया गया है। प्रयागराज से लखनऊ जाने के लिए ट्रेन को शाम 4 .12 बजे से 4 .13 बजे तक लालगोपालगंज में रोकने का समय जारी किया गया है। सांसद केशरी देवी ने बताया कि लालगोपालगंज में ट्रेन के ठहराव की मांग स्थानीय लोग काफी समय से कर रहे थे। जिसके लिए प्रयास किया जा रहा था। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद यह शुरुआत की गई है।

दीवार गिरी, चपेट में आई महिला की मौत

नैनी प्रयागराज। अमृत विचार : करछना थाना क्षेत्र के अमिलो गांव का मजरा मरचहा का डेरा में कच्ची दीवार गिर गई। उसकी चपेट में आकर एक विवाहिता की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक आशीष विश्वकर्मा की पत्नी पुष्पा 32 बुधवार दोपहर घर के अंदर कमरे में काम कर रही थी। उसी दौरान अचानक घर के पीछे की कच्ची और जर्जर दीवार गिर गई। पुष्पा मलबे में नीचे दब गई। शोर शराबा पर आसपास के लोग जुटे और गंभीर हालत में महिला को बाहर निकला गया। आनन-फानन में उसे भीरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे एसआरएन के लिए रेफर कर दिया। एसआरएन पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशीष विश्वकर्मा नैनी में प्राइवेट काम करता है। घटना के समय मौके पर मौजूद नहीं था। उसके 12 वर्षीय पुत्री ज्योति तथा अनुज 9 व अंकुश छह हैं। मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

मैं उस क्षेत्र से हूं जहां 5 दशक गांधी परिवार का राज रहा

स्मृति ईरानी ने सांसद खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम में विजेताओं को किया पुरस्कृत

संवाददाता, प्रयागराज/ कौशांबी

अमृत विचार : कौशांबी की बेटियों को सांसद खेल महाकुम्भ से नई उड़ान का अवसर मिल रहा है। बालिका खेल स्पर्धा महाकुम्भ में बड़ी संख्या में हमारी बेटियां हिस्सा ले रहीं हैं। यह बातें बुधवार कौशांबी में खेल स्पर्धा कार्यक्रम में पहुंची केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहीं।

कौशांबी जिले के दौरे पर आईं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बुधवार को सांसद बालिका खेल स्पर्धा में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने खेल स्पर्धा कार्यक्रम में विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महाकुम्भ से कौशांबी की बेटियों को नई उड़ान का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सांसद बालिका खेल स्पर्धा महाकुम्भ में बड़ी संख्या में हमारी बेटियां हिस्सा ले रहीं हैं। मुझे विश्वास है कि कौशांबी की यह बेटियां ऐसे ही राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगी। उन्होंने कहा कि मैं उस क्षेत्र से हूं जहां लगभग पांच दशक तक गांधी परिवार का राज रहा है। इन पांच दशकों में कभी अमेठी का विकास नही हुआ है। आज मैं बहुत फक्र के साथ कहती हूं कि अमेठी में 1.8 लाख परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री ने देश की महिलाओं के दर्द को समझा है। देश के करोड़ परिवारों को उज्ज्वला योजना के अंतर्गत घरेलू गैस कनेक्शन, शौचालय और पक्की छत देने का काम किया है। वहीं उन्होंने सपा-कांग्रेस के गठबंधन पर सवाल किए जाने पर चुप्पी साधे रहीं।

भाजपा नेताओं ने केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का किया स्वागत

संवाददाता, कुण्डा प्रतापगढ़ अमृत विचार : केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का बुधवार को नवाबगंज चौराहे पर कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। कौशांबी विकास पारिषद द्वारा आयोजित सांसद बालिका खेल स्पर्धा महाकुंभ के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कौशांबी जाते समय केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी नवाबगंज चौराहे पर दोपहर 2 .40 बजे पहुंची। कौशांबी सांसद विनोद सोनकर ने कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया। पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, सिन्धुजा मिश्रा सेनानी, मनोज, सुमन साहू, सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र, अखिलेश, मनोज,राजन, पवन, मानिकपुर चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल, हीरागंज चेयरमैन प्रतिनिधि उदय शंकर आदि मौजूद रहे।

स्मृति ईरानी ने वायनाड़ सांसद पर किया पलटवार

राहुल के मन में उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए विष भरा है

संवाददाता, संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार : अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर बुधवार को एक बार फिर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उनसे हम माफी की अपेक्षा नहीं करते हैं, माफी वो मांगता है जिसमें शर्म हो। रायबरेली-परशदेपुर से प्रतापगढ़ जाते समय स्मृति ईरानी ने कहा किस भ्रम की स्थिति में राहुल गांधी घूम रहे है ये मैं नहीं जानती लेकिन, उन्हें कोई अधिकार नहीं कि काशी, काशीवासियों और यूपी के नौजवानों का अपमान करे। उन्होंने कहा कि कल मैंने सोशल मीडिया पर भी अपनी बात रखी है कि उत्तर प्रदेश की युवा पीढ़ी मेहनती है। राहुल गांधी के मन में उत्तर प्रदेश के लिए विषभरा है, ये उनकी ही टिप्पणी से पता चलता है। उन्होंने इसके बाद कहा कि इस प्रदेश का युवा लगातार तरक्की कर रहा है। प्रदेश भी विकास के पथ पर अग्रसर है। डबल इजंन की सरकार में प्रदेश ने कई कीर्तिमान बनाए हैं। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तारीफ के काबिल है। बता दें कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा था कि मैं जब वाराणसी गया तो वहां मैंने देखा कि, युवा रात को शराब पिए सड़क पर लेटे हुए हैं और बाजा बज रहा हैं। उत्तर प्रदेश का भविष्य रात को शराब पीकर नाच रहा है।

स्मृति की कार से छात्रा घायल, इलाज कराया

संवाददाता, लालगंज : स्मृति ईरानी बुधवार सुबह करीब 11 : 30 बजे रायबरेली जिले के परशदेपुर स्थित मटियारा चौराहा पर आयोजित जनसभा कार्यक्रम में जा रही थी। इधर उदयपुर थाना के चकिया राजापुर निवासी रामलाल यादव की पुत्री सुमन यादव साइकिल से सांगीपुर राजकीय महाविद्यालय में पढ़ने जा रही थी। मंगापुर बाजार के पास मंत्री की कार से साइकिल में साइड से टक्कर लग गई। जिससे छात्रा मामूली रूप से घायल हो गई और साइकिल छतिग्रस्त हो गई। मंत्री स्मृति ईरानी ने कार रुकवाया और छात्रा से कुशलता पूछी। इसके बाद उसे अपने साथ स्कूल ले गई। स्कूल प्रशासन से कहा कि इलाज के लिए व साइकिल बनवाने के लिए पैसा दे रही हैं। छात्रा का इलाज करवाकर घर भेजवा दीजिए। छात्रा का कहना है कि उसे मामूली चोट आई, वह ठीक है।

डीएलएड प्रशिक्षणार्थियों ने साझा किए अनुभव, दी गई विदाई

संवाददाता, प्रतापगढ़ अमृत विचार : पीबीपीजी कालेज सिटी में डीएलएड प्रशिक्षुओं को बुधवार को समारोह पूर्वक विदाई दी गई। मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। ज्ञानेंद्र कुमार सिंह को मिस्टर फेयरवेल एवं भावना यादव को मिस फेयरवेल चुना गया। प्राचार्य प्रो . अमित कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को नियमानुसार प्रशिक्षण से संबंधित सभी गतिविधियों को पूरा करने के लिए सराहना की। शुभकामनाएं देते कहा कि सभी गतिविधियों को पूरा करते हुए प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रशिक्षु निश्चित रूप से एक योग्य शिक्षक के रूप में अपनी पहचान बनाएंगे। विदाई समारोह के दौरान कई प्रशिक्षणार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहां योग्य व अनुभवी प्रशिक्षकों व समन्वयक के सानिध्य में उन्हें बहुत कुछ सीखने समझने का अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा गीत-संगीत व शिक्षक के रूप में अपने अनुभवों की जीवंत प्रस्तुति दी गई। डीएलएड विभागाध्यक्ष अजीत सिंह ने विदा हो रहे प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दी। प्रो .ब्रह्मानंद प्रताप सिंह, डॉ . भूपाल सिंह, सुमित कुमार सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। संचालन निधि चौरसिया व सविता विश्वकर्मा ने किया। सहदेव सिंह, केके शर्मा,अवनीश कुमार सिंह, प्रिया सिंह आदि मौजूद रहे।

यूपी बोर्ड : 199 केंद्रों पर परीक्षा आज से, कंट्रोल रूम से होगी निगरानी

एक लाख 10 हजार 889 परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए हैं 199 परीक्षा केंद्र

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। डीआईओएस कार्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से सभी 199 परीक्षा केंद्रों को जोड़ दिया गया है। कापी, पेपर सभी केंद्रों पर भेज दिया गया है। हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं। पहली पाली की सुबह 08:30 बजे से 11:45 बजे तक होगी। दूसरी पाली की दोपहर दो से शाम 05:15 बजे तक होगी।

इस बार जिले के 1,10,889 छात्र-छात्राएं हाईकूल व इंटर की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इनके लिए बनाए गए सभी केंद्रों पर आंतरिक एवं वाह्य केंद्र बना दिए गए हैं। जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गई है। बोर्ड परीक्षा के दौरान जनपद मुख्यालय के कंट्रोल रूम के अलावा परिषद मुख्यालय व लखनऊ के कंट्रोल रूम से भी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी जाएगी। बुधवार को कंट्रोल रूम प्रभारी डा. राजेंद्र कुमार के निर्देशन में शिक्षक अनिल कुमार निलय समेत शिक्षक तैयारियों में जुटे रहे।

07 संवेदनशील केंद्र

56815 परीक्षार्थी पहले दिन पहली पाली में हाईस्कूल हिंदी की देंगे परीक्षा

बोर्ड परीक्षा पर एक नजर

- 199 केंद्र व्यवस्थापक
- 199 स्टैटिक मजिस्ट्रेट
- 199 वाह्य केंद्र व्यवस्थापक
- 4500 कक्ष निरीक्षक की मांग
- 05 जोनल मजिस्ट्रेट
- 57114 हाईस्कूल के परीक्षार्थी
- 25 सेक्टर मजिस्ट्रेट
- 53775 इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी

> उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर सबहिंतैयारी पूर्ण कर ली गई है। कंट्रोल रूम से सभी परीक्षा केंद्रों को जोड़ दिया गया है। प्रश्नपत्रों को स्ट्रांगरूम में डबल लाक की आलमारी में रखवाया गया है। संवेदनशील केंद्रों पर विशेष नजर रहेगी। हर हाल में परीक्षा नकल विहीन कराई जाएगी। **-सरदार सिंह, डीआईओएस,प्रतापगढ़**

महाकुंभ 2025: शीर्ष समिति की बैठक में 395 करोड़ की 21 परियोजनाओं को अब मिला अनुमोदन

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार : महाकुम्भ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए बुधवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में बनी शीर्ष समिति की सप्तम बैठक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई। जिसमें लगभग 395 करोड़ की 21 परियोजनाओं को अनुमोदन मिला। इसमें प्रयागराज विकास प्राधिकरण की 05, नगर निगम की 02, उप्र राज्य सेतु निगम की 01, उप्र पावर कारपोरेशन लिमिटेड की 02, लोनिवि की 4 और प्रयागराज मेला प्राधिकरण की 02 परियोजनायें सम्मिलित हैं। उप्र राज्य सेतु निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों के अन्तर्गत बेगम बाजार से भगवतपुर मार्ग तक एयरपोर्ट के समीप अर्द्धनिर्मित 02 लेन उपरिगामी सेतु को पूर्ण कराने के लिए सभी आवश्यक अनुमोदन मिल गए हैं। अब शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा । नगर निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों के अन्तर्गत शहर के स्टेक होल्डर्स से की गयी मीटिंग के पश्चात 91 वार्डों की 199 परियोजनायें प्रस्तुत की गयी थीं, जिनमें से सभी को अनुमोदन मिल गया। सभी 91 वार्डों की चिन्हित कच्ची सड़कों के अपग्रेडेशन इण्टरलाकिंग/सीसी द्वारा सड़क का सुधार कार्य और पक्की नालियों एवं ब्रिक नालियों का निर्माण कराया जाएगा। जिले के सात घाटों के उच्चीकरण एवं सौन्दर्यीकरण के कार्यों को भी अनुमोदन मिला। शास्त्री ब्रिज तथा फोर्ट की दीवार पर फसाद लाइटिंग भी कराई जाएगी। प्रयागराज मेला प्राधिकरण एक 12 महीने का फैलोशिप प्रोग्राम भी होगा। जिसके अंतर्गत देश के प्रमुख संस्थानों से सैनिटेशन, मोबिलिटी, क्राउड मैनेजमेंट, सिक्योरिटी एंड सर्विलेंस, कम्युनिकेशन सर्विसेज, टेंपरेरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, लेआउट प्लानिंग जैसे अन्य कार्यों हेतु क्वालिटी इनपुट्स एवं इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट के दृष्टिगत 55 लोगों को आबद्ध किया जाएगा।

प्रत्येक वार्डों में कच्ची सड़कों पर बनेगी इंटरलाकिंग

वर्ग पहेली-350

बाएं से दाएं

3 . 1 . भवन, इमारत आदि बनाने से पहले उसकी नींव में पहला पत्थर, ईंट इत्यादि रखे जाने की क्रिया, शिलान्यास 2 . शिला की स्थापना 3 . आरंभ, संस्थापना।

4 . 1 . सभा 2 . बैठने का कमरा 3 . चौपाल 4 . अधिवेशन 5 . उठने और बैठने की कसरत, उठक-बैठक।

6 . टोंटीदार लोटा, गडुआ।

7 . 1 . देवता आदि के सामने रखा जाने वाला खाद्य पदार्थ, नैवेद्य 2 . उपयोग में लाना, भोगने का भाव, उपभोग 3 . संभोग, मैथुन 4 . लाभ 5 . सुख-दुख आदि का अनुभव करते हुए उन्हें अपने मन और शरीर पर सहन या प्राप्त करना 6 . संपत्ति 7 . शासन 8 . भोज, दावत।

8 . 1 . चूसने की क्रिया या भाव 2 . बच्चों को दूध पिलाने की शीशी 3 . वह खिलौना जिसे बच्चे मुंह में लेकर चूसते हैं।

ऊपर से नीचे

1 . जंग (युद्ध) आरंभ करने की घोषणा।

2 . वह पुस्तक जिसकी जिल्द मोटे कागज़ या कार्ड बोर्ड की हो।

5 . शनि की पत्नी का नाम।, लड़ने वाली, झगड़ालू।



वर्ग पहेली - 349 का हल

1 बें	च	■	2 घ	■	■
■	■	3 तु	ड़	वा	4 ना
5 छ	ठी	■	घ	■	ली
ल	■	■	ड़ा	■	क
6 का	रा	गृ	ह	■	■
री	■	■	7 ट	कु	ली
■	8 ज	ड़ी	■	■	■

छात्रों ने किया प्रदर्शन, कहा-जो सरकार वीक-उसका पेपर लीक

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार : समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी और पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में अब हवा लगने लगी है। रविवार को पेपर लीक होने के बाद से अलग-अलग गुटों के छात्र संगठन के माध्यम से प्रदर्शन और हंगामा कर रहे है। मंगलवार की रात के बाद बुधवार की सुबह फिर छात्रों ने आयोग गेट के पास पहुंचकर जमकर हंगामा किया। सड़क जाम करते हुए सरकार के विरोध में नारे बाजी की हंगामे की सूचना पहुंची सिविल लाइंस थाने की फोर्स ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह दोबारा परीक्षा कराने की मांग पर अड़े रहे। छात्रों का कहना है कि जो सरकार वीक, उसका पेपर लीक। समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले में कई दिनों से छात्रों का प्रदर्शन और हंगामा अनवरत जारी है। बुधवार को सुबह से ही लोक सेवा आयोग गेट पर छात्रों का गुट इकट्ठा होकर प्रदर्शन और हंगामा करना शुरु कर दिया।

पेपर लीक मामला

छात्रों ने कहा जो सरकार वीक, उसका पेपर लीक। प्रतियोगी छात्र विराट यादव ने कहा कि उन्हे सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। उनकी मांगो को अभी नही मना गया है। छात्र दिन रात मेहनत कर पढ़ाई करते है। उनकी पढ़ाई बर्बाद हो रही है। वहीं इविवि के छात्र सुनील कुमार ने कहा ये सरकार की मिली भगत है। सरकार छात्रों की मांग को नही मान रही है। हम अपना आंदोलन बंद नही करेंगे। अगर परीक्षा को दोबारा नही कराया गया तो हम छात्र विधान सभा का भी घेराव करेंगे। न हम लाठी से डरते है और न ही मुकदमो से डरते है।

एसटीएफ और आंतरिक कमेटी की जांच बढ़ी आगे

आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक होने के विवाद के बाद अब इस मामले की जांच एसटीएफ कर रही है। वहीं, लोक सेवा आयोग के द्वारा गठित की गई आंतरिक जांच समिति ने अभ्यर्थियों के साक्ष्य के आधार पर अपनी जांच तेज कर दी है। हालांकि अभी इस मामले मे कोई भी सही निर्णय सामने नही आ सका है।

सुडोकू-67

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		6		8			1	
5			1		6		4	
9					7			2
		8	3					6
		2				9		
4			6		5	7		
			9		2			5
	7							3
	6			1		2		

सुडोकू - 66 का हल

5	6	1	9	8	3	7	2	4
4	2	8	6	5	7	3	1	9
9	7	3	4	1	2	5	6	8
1	9	5	3	2	8	6	4	7
3	4	2	7	9	6	8	5	1
6	8	7	5	4	1	9	3	2
2	1	9	8	3	5	4	7	6
7	3	4	2	6	9	1	8	5
8	5	6	1	7	4	2	9	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-त्रयोदशी 13 .21 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- दक्षिण। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुष्य 16 .43 तक तत्पश्चात आश्लेषा।

मेष — आज अफवाहों के आधार पर राय न बनाएं। करियर में उतार-चढ़ाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। लोग आपकी बातों का विरोध करेंगे। कारोबार में बदलाव का विचार कर सकते हैं। सोच-विचार कर के ही कोई निर्णय लें।

वृष — आज अपनी व्यवहार-कुशलता से अटके हुए कार्य निपटा लेंगे। पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। नए प्रेम प्रसंग पल्लवित हो सकते हैं। कारोबार में उतार-चढ़ाव होने की सम्भावना है। घर के माहौल से काफी प्रसन्न रहेंगे।

मिथुन — आज घर में किसी निर्माण कार्य की रूपरेखा बन सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों से पहले माता-पिता की सलाह अवश्य लें। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन शुभ रहने वाला है। परिवार का माहौल अच्छा और सन्तोषजनक रहेगा।

कर्क — आज परिवार के लोगों के मध्य सद्भाव बढ़ेगा। जीवनसाथी के रवैये से काफी प्रसन्न रहेंगे। मनोरंजन में काफी रुचि लेंगे। काफी ऊर्जावान रहने वाले हैं। रुके हुए कार्य सहजता से पूरे होंगे। जॉब में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

सिंह — आज संपत्ति से जुड़े विवाद उपज सकते हैं। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। रोजगार को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। व्यापार में बड़ा निवेश करने से बचें। बीमारियों में धन खर्च होगा। यात्रा सफल रहेगी।

कन्या — आज शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे। आपकी आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। परिवार का माहौल काफी अच्छा रहेगा। उच्चाधिकारी से आपकी काफी प्रशंसा होगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है।

तुला — आज नौकरी और व्यवसाय में अच्छे नतीजे मिलेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। यात्रा सुगम और बाधारहित रहेगी। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक — आज भाग्य आपका साथ देगा। नौकरी में आपका प्रभाव बढ़ेगा। धार्मिक विचारों से प्रभावित रहेंगे। बुजुर्गों के आशीर्वाद से अभिभूत रहेंगे। काम को लेकर भागदौड़ रहेगी। पुराने प्रयास लाभ देंगे। व्यस्तता पूर्ण दिन बीतेगा।

धनु — आज रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी शानदार रहने वाला है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। मन में बेवजह की चिंता हो सकती है। कुसंगति से दूर रहें वरना आपको हानि हो सकती है। वाहन चलाने में सावधानी रखें।

मकर — आज आपको समाज में काफी सम्मान मिलेगा। मानसिक तनाव कम होगा। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। जीवनसाथी से गिले-शिकवे को दूर करने के लिए दिन अनुकूल है। व्यापार को लेकर कुछ विशेष योजना बना सकते हैं।

कुंभ — आज काम पर आपका ध्यान बढ़ेगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। आपकी स्थिति काफी मजबूत रहेगी। पुराने रोग समाप्त होंगे। व्यापार में लाभ का प्रबल योग है।

मीन — आज जल्दबाजी करने से काम बिगड़ सकता है। बिजनेस पार्टनर्स से साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। प्रेमी जन के प्रति आकर्षित रहेंगे। संतान की उन्नति होने से प्रफुल्लित रहेंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। संपर्क लाभकारी साबित होंगे।

आज की फिल्में

- **परदेसी बाबू** — सुबह : 10 .00 (B4U MOVIES)
- **सीता और गीता** — रात : 07 .00 (B4U MOVIES)
- **बेफिक्रे** — सुबह : 09 .00 (SONY SMAX)
- **स्ट्रीट डांसर थ्री डी** — रात : 07 .00 (SONY SMAX)
- **इट** — सुबह : 11 .29 (SONY PIX)
- **स्पाइडर मैन-2** — रात : 08 .45 (SONY PIX)
- **एक : द पावर ऑफ वन** — सुबह : 10 .30 (ZEE CINEMA)
- **टॉयलेट - एक प्रेम कथा** — रात : 07 .30 (ZEE CINEMA)
- **खूबसूरत** — दोपहर : 12 .09 (colors CINEPLEX)
- **मद्रास कैफे** — रात : 10 .28 (colors CINEPLEX)

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अरेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी-जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

संता-ये लड़की बहुत सुंदर है।
बंता-मैं तो इसका नाम भी जानता हूं
संता- क्या नाम है? मैं उसे फेसबुक पर खोजूंगा।
बंता-यह बैंक में काम करती है इसके काउंटर पर इसका नाम अकाउंटेंट लिखा है।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,623.09	22,055.05
नुकसान	434.31	141.90
प्रतिशत में	0.59	0.64

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, गुरुवार, 22 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 980 फ्लैग 1100 डीएमओ 865 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

एफएसडीसी की 28वीं बैठक को सीतारमण ने किया संबोधित

ऐप से अनधिकृत कर्ज वितरण पर लगाम लगाएं वित्तीय नियामक

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समेत वित्तीय क्षेत्र के नियामकों से ऑनलाइन ऐप के जरिअ अनधिकृत कर्ज वितरण के प्रसार पर लगाम लगाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने को कहा। सीतारमण ने यहां 'वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद' (एफएसडीसी) की 28वीं बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने वित्तीय नियामकों से घरेलू और वैश्विक व्यापक वित्तीय स्थिति को देखते हुए उभरते वित्तीय स्थिरता जोखिमों का पता लगाने के लिए निरंतर निगरानी बनाए रखने और सक्रिय रहने के लिए भी कहा। बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एफएसडीसी ने व्यापक वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों के बारे में चर्चा की। बयान के मुताबिक, गांधीनगर के गिफ्ट सिटी स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) को दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों में से एक बनाने और घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए विदेशी पूंजी एवं वित्तीय सेवाओं को सुविधाजनक बनाने की रणनीतिक भूमिका में इसे समर्थन देने के लिए चल रहे अंतर-नियामकीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

एफएसडीसी ने एफएसडीसी के फैसलों और केंद्रीय बजट में की गई घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इन मुद्दों में केवाईसी का एकसमान मानदंड तय करना, वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी रिकॉर्ड की अंतर-उपयोगिता और केवाईसी प्रक्रिया का सरलीकरण और डिजिटलीकरण शामिल है।

महिला किसानों की आजीविका बनेगी प्राकृतिक खेती

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की कृषि सखी 54 जिलों में महिला किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ेंगी। जो कम लागत पर गुणवत्तायुक्त फसल के साथ उनकी आजीविका बढ़ाने में मददगार बनेंगी।

फसल की तैयारी करना, बीज व मृदा परीक्षण करना, जैविक खाद नीम ऑयल बनाना, फसल का बचाव करना आदि तौर-तरीके सिखाएंगी और बुआई से कटाई तक का उन्नत खेती का प्रशिक्षण देंगी। इससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा और महिला किसानों की आय बढ़ेगी। कृषि मंत्रालय की इस योजना में सखियों को हैदराबाद के राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान द्वारा जिलों पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण देकर प्रमाणित किया जाएगा।

बढ़ेगी आय

- **हैदराबाद का राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान सखियों को देगा प्रशिक्षण**
- **54 जिलों में 9368 आजीविका सखी महिला किसानों को सिखाएंगी खेती के गुर**

अब पशु व कृषि सखी बनी आजीविका सखी: पहले पशु व कृषि सखी अलग-अलग होती थीं। दोनों को समायोजित करके आजीविका सखी नाम दिया गया है। इन्हें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अपने स्तर से प्रशिक्षित करता था। लेकिन, और बेहतरी के लिए अब कृषि विभाग विशेष प्रशिक्षण दिलाएगा। यह प्राकृतिक खेती के साथ पशु पालन की दिशा में भी काम करेंगी। क्योंकि ज्यादातर किसान पशु पालन करते हैं। प्रदेश में करीब 3300 आजीविका सखी हैं। मिशन 54 जिलों के लिए 9368 आजीविका सखी को एक सप्ताह में चयनित करेगा।

ये होंगे मुख्य कार्य

- मृदा प्रबंधन की जानकारी देना
- स्वास्थ्य व केसीसी कार्ड बनवाना
- एकीकृत पोषण प्रबंधन पर जागरूक करना
- कृषि यंत्रीकरण व बीज उत्पादन कराना
- मौसम व रोग-कीट से फसलों का बचाव।

केंद्र की योजना में ये जिले: बरेली, लखनऊ, शाहजहांपुर, सहारनपुर, बिजनौर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, महोबा, आगरा, अलीगढ़, अंबेडकर नगर, औरैया, आजमगढ़, बागपत, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोरखपुर, झांसी, मैनपुरी, मथुरा, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, संभल, संत रविदास नगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी।

> देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे
>
> **-दीपा रंजन,** मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,050
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,900
गिन्नी (प्रति नग)	47,600-47,800
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,000
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,700
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,900
सोना जेवरात गिन्नी	63,400
चांदी पक्की	723 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	73,000।

भारत में 2024 में कर्मचारियों का वेतन 9.5 प्रतिशत बढ़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- **नैसकॉम-एऑन पीएलसी के सर्वेक्षण में लगाया अनुमान**

भारत में इस साल कर्मचारियों के वेतन में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। यह 2023 की वास्तविक वेतनवृद्धि 9.7 प्रतिशत से थोड़ा कम है।एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन पीएलसी के वार्षिक वेतनवृद्धि व कारोबार सर्वेक्षण 2023-24 भारत के अनुसार, वैश्विक महामारी के बाद 2022 में उच्च वेतनवृद्धि के बाद भारत में वेतन वृद्धि एक अंक यानी 10 प्रतिशत से कम पर स्थिर हो गई है। सर्वेक्षण में करीब 45 उद्योगों की 1,414 कंपनियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। भारत में एऑन में प्रतिभा समाधान के साझेदार एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी रूपांक चौधरी ने कहा कि भारत के संगठित क्षेत्र में वेतन में अनुमानित वृद्धि उभरते आर्थिक परिदृश्य के सामने एक रणनीतिक समायोजन का संकेत देती है। उन्होंने कहा-बुनियादी ढांचे और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों की वृद्धि मजबूत है। यह कुछ क्षेत्रों में लक्षित निवेश की आवश्यकता का संकेत देता है।

जीडीपी वृद्धि कम होकर छह प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सितंबर तिमाही के 7.6 प्रतिशत की तुलना में नरम पड़कर छह प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इक्रा रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से वृद्धि दर में यह सुस्ती आने की आशंका है। इसके साथ ही इक्रा ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) वृद्धि छह प्रतिशत तक कम होने का अनुमान है।

भारत को हर साल 9-10 % की वृद्धि की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- **जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत बोले**

जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने बुधवार को कहा कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए इसे तीव्र गति से बढ़ने की जरूरत है।

कांत ने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन की तरफ से यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत को अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले तीन दशक तक सालाना नौ-10 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। अब जापान, ब्रिटेन एवं जर्मनी सभी देशों के मंदी के दौर में चले जाने पर हमें इस काम को और अधिक तेजी से कर पाने में सक्षम होना चाहिए।'' फिलहाल भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार मौजूदा मूल्य के आधार पर 31 मार्च, 2024 तक लगभग 3.6 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान है। नीति आयोग के पूर्व प्रमुख कांत ने कहा, ''भारत को तीव्र गति से बढ़ने और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए महत्वाकांक्षी होना महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा कि भारत उस समय से काफी आगे बढ़ चुका है जब उसे बहीखाते की समस्याओं का सामना करना पड़ा था। कांत ने कहा कि पश्चिमी देशों में सारे नवाचार गूगल, फेसबुक, अमेजन और एप्पल जैसी कंपनियों से आए। इसके उलट भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की ताकत को दर्शाया है।

राष्ट्रीय

किसान की मौत के बाद हरियाणा पर भड़के मान

कहा-पोस्टमॉर्टम के बाद मामला दर्ज किया जाएगा और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि वह पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक युवा किसान की मौत से दुखी हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मान ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''पोस्टमॉर्टम के बाद मामला दर्ज किया जाएगा। किसान की मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

संगरूर-जींद सीमा पर खनौरी में बुधवार को पुलिस और किसानों के बीच हुई झड़प के दौरान शुभकरण सिंह (21) नामक एक किसान की मौत हो गई। पंजाब-हरियाणा सीमा पर शुभकरण सिंह की मौत के साथ ही कुछ अन्य घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब प्रदर्शनकारियों ने अपना 'दिल्ली चलो' आंदोलन फिर से शुरू किया और हरियाणा पुलिस ने शंभू तथा खनौरी सीमा पर अवरोधक तोड़ने के प्रयासों को विफल करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुभकरण की मौत पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, पंजाब के नौजवान शुभकरण की मौत बेहद दुखदाई है। क्या इसी दिन के लिए हमने आजादी की लड़ाई लड़ी थी कि एक दिन अपने ही देश में हमारे द्वारा चुनी हुई सरकारें हमारे ही बेटों को अंग्रेजों की तरह शहीद कर देंगी? उन्होंने कहा-हम पूरी तरह से शुभकरण के साथ हैं और उनके कातिलों को कड़ी सजा दिलवाएंगे। मान ने कहा कि कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। हालांकि उन्होंने खनौरी की घटना के संदर्भ में हरियाणा पुलिस पर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि किसान अपनी मांगों को लेकर राजधानी क्यों नहीं जा सकते। कहा-हरियाणा ने उन्हें क्यों रोका? वे शांतिपूर्ण तरीके से हरियाणा की सीमाओं पर पहुंचे, अगर हरियाणा सरकार ने उन्हें नहीं रोका होता, तो वे राष्ट्रीय राजधानी की ओर जा सकते थे, जहां वे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करते।

इतिहास एक दिन किसानों की हत्या का हिसाब जरूर मांगेगा

नई दिल्ली। अध्यक्ष राहुल गांधी ने खनौरी बॉर्डर पर गोलीबारी में एक किसान की मौत की घटना पर बुधवार को दुख जताया और दावा किया कि इतिहास एक दिन भाजपा से किसानों की हत्या का हिसाब जरूर मांगेगा। वहीं, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के 10 साल किसानों के लिए "पीठ पर लात और पेट पर लात" की तरह रहे हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "खनौरी बॉर्डर पर युवा किसान शुभकरण सिंह की फायरिंग में मौत की खबर हृदयविदारक है, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। पिछली बार 700 से अधिक किसानों का बलिदान लेकर ही माना था मोदी का अहंकार, अब वो फिर से उनकी जान का दुश्मन बन गया है।

दिल्ली में आग से बचने के लिए महिला चौथी मंजिल से कूदी, मौत

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के द्वारका में बुधवार को एक आवासीय इमारत में लगी आग से बचने के लिए उसकी चौथी मंजिल से कूदने पर 83 साल की एक महिला की मौत हो गई और एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान जासुरी देवी के रूप में हुई है और घायल महिला की पहचान 30 वर्षीय पूजा पंत के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि एक आवासीय इमारत में आग लगने की सूचना मिली और दलों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-बचाव कार्य के लिए मामले की जानकारी अग्निशमन अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें द्वारका के सेक्टर 10 इलाके में पैसिफिक अपार्टमेंट स्थित एक फ्लैट में आग लगी थी, तभी यह घटना हुई।

खाने के पैकेट में लंदन भेजा जा रहा था मादक पदार्थ

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

मफेड्रोन जब्ती मामला

- **शीर्ष अधिकारी ने बताया कूरियर फर्म के माध्यम से की जा रही थी तस्करी**

पुणे पुलिस द्वारा मेफेड्रोन की अब तक की सबसे बड़ी जब्ती मामले की जांच से पता चला है कि इस मादक पदार्थ को खाने के पैकेट में छिपाकर दिल्ली की एक कूरियर फर्म के माध्यम से लंदन में तस्करी की जाती थी। एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि पुलिस ने अब तक पुणे और दिल्ली के कुछ स्थानों से लगभग 1,700 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया है। इस सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके संबंधों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, ''जारी तलाशी अभियान में, हमारी टीम ने पुणे में 720 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया है, जिसमें से लगभग 600 किलोग्राम शहर के बाहरी इलाके में पुणे-सोलापुर रोड पर कुरकुंभ एमआईडीसी क्षेत्र में स्थित एक उत्पादन इकाई से बरामद किया गया।'' कुमार ने कहा, ''दिल्ली में जारी अभियान में अब तक 970 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद किया जा चुका है। जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थ की कीमत 3,000 करोड़ रुपये से 3,500 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है।''

उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुई बरामदगी में एक कूरियर फर्म का नाम सामने आया है। दिल्ली और पुणे पुलिस ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय राजधानी के कोटला मुबारकपुर और हौज खास इलाकों में छापेमारी की। कुमार ने कहा, ''हमें पता चला है कि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ पैकेट में छिपाकर कुछ प्रतिबंधित पदार्थ दिल्ली स्थित एक कूरियर कंपनी के माध्यम से लंदन भेजा गया था।'' उन्होंने कहा कि इस कूरियर कंपनी के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। कुमार ने कहा कि मेफेड्रोन का उत्पादन कुरकुंभ एमआईडीसी स्थित इकाई में किया जा रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली और पुणे के अभियान के अलावा, एक और कार्रवाई महाराष्ट्र के सांगली में की जा रही है जहां कुछ मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''अब तक, हमने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है और उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। मामले के सिलसिले में पुणे पुलिस की कई टीम को देश के विभिन्न हिस्सों में भेजा गया है।'' इस बीच, मामले के दो मुख्य आरोपियों - भीमाजी सबाले (उत्पादन इकाई का मालिक) और युवराज भुजबल (केमिकल इंजीनियर) को एक स्थानीय अदालत ने 29 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

एक नजर

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग आंशिक रूप से खोला गया

जम्मू। रामबन जिले में एक के बाद एक भूस्खलन की वजह से पिछले दो दिनों से बंद 270 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार अपराह्न यातायात एक तरफ से बहाल कर दिया गया। यातायात विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भूस्खलन और पहाड़ियों से पत्थर गिरने के बाद सोमवार सुबह राजमार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था।

बिहार में सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत

लखीसराय। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के लखीसराय जिले में एक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में मोदी ने कहा, ''बिहार के लखीसराय में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे

जयपुर, एजेंसी

- **भजनलाल शर्मा ने जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया फैसला**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे और लाल बत्ती पर भी रूकेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह फैसला अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान बार-बार लगने वाले ट्रैफिक जाम से आमजन को राहत दिलाने और जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया है।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान आम आदमी और गंभीर रोगियों को होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने बुधवार को यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को राजस्थान के पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू को इस फैसले के संबंध में निर्देश दिये। हालांकि, मुख्यमंत्री को प्रदान किया गया सुरक्षा घेरा यथावत जारी रहेगा। पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू ने बताया-मुख्यमंत्री को प्रदान की गई सुरक्षा कवर में कोई बदलाव नहीं होगा। अति विशिष्ट व्यक्ति की आवाजाही के दौरान नयी व्यवस्था का निर्णय आम लोगों और मरीजों को होने वाली यातायात समस्याओं के मद्देनजर लिया गया है।

लाल बत्ती पर रुकेगा मुख्यमंत्री का काफिला: राजस्थान में अब मुख्यमंत्री का काफिला भी आमजन की तरह यातायात की लालबत्ती पर रुकेगा। राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने यह संवेदनशील निर्णय लिया है और वह अब आम राहगीर की तरह यातायात में चलेंगे। शहर में उनके काफिले के निकलते समय आमजन को होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री ने लाल बत्ती पर अपना काफिला रुकवाने का फैसला किया है। श्री शर्मा ने पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू से कहा था कि उनके काफिले की वजह से यातायात रोक दिए जाने से आम लोगों को परेशानी होती है।

गरीब कैदियों को जमानत के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित

नई दिल्ली,एजेंसी

- **गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को जारी किया पत्र**

गृह मंत्रालय ने उन गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो अपनी जमानत राशि का भुगतान करने में नाकाम रहने की वजह से जेल में बंद हैं। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को लिखे एक पत्र में कहा कि केंद्र सरकार से राज्य मुख्यालयों तक धन के निर्बाध प्रवाह के लिए प्रत्येक राज्य को एक समर्पित खाता खोलना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को धन वितरित किया जा सके।

पत्र के मुताबिक-गृह मंत्रालय ने वार्षिक 20 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है, जिसका इस्तेमाल राज्य और केंद्रशासित प्रदेश गरीब कैदियों को जेल से रिहाई के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के रूप में कर सकते हैं।'' पत्र में बताया गया कि योजना के उचित कार्यान्वयन और धन के निर्बाध प्रवाह के लिए राज्यों को इस संबंध में कई कदम उठाने के लिए कहा गया है।

मणिपुर के चुराचांदपुर में इंटरनेट सेवा निलंबन आदेश 26 तक बढ़ाया गया

इंफाल। मणिपुर सरकार ने चुराचांदपुर जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं का निलंबन आदेश पांच दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। एक पुलिसकर्मी के निलंबन के बाद इलाके में हिंसा भड़क गई थी और मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मुख्य सचिव विनीत जोशी द्वारा जारी गृह विभाग के एक आदेश में कहा गया है, राज्य सरकार ने चुराचांदपुर जिले में मौजूदा कानून- व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद जिले के पूरे राजस्व क्षेत्र में वीपीएन के माध्यम से दी जाने वाली इंटरनेट सेवाओं का निलंबन जारी रखने का फैसला किया है।

जम्मू-कश्मीर में दम घुटने से दो भाइयों की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा जिले के एक मदरसे में ठंड से बचाव के लिए कमरे में जलाए गए अलाव के धुंए से दम घुटने से दो भाइयों मौत का मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह घटना बांदीपोरा जिले के अस्तेंगो इलाके के फैज-उल-आलूम मदरसा में कल रात उस समय हुई जब एक रसोईया अपने दो बच्चों के साथ रात को सोने से पहले ठंड से बचाव के लिये कमरे में कोयले की अंगीठी जलाए हुए था। बाद में तीनों सो गये और कमरा धुएं से भर गया। इसमें रसोइया बेहोश पाया गया और दोनों बच्चे मृत पाये गए।

अत्याचार के मामले में ममता ने पूर्ववर्ती सरकार को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

संदेशखालि मामला

- **पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और टीएमसी नेताओं की आलोचना**

भाजपा ने बुधवार को दावा किया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने पश्चिम बंगाल के लोगों पर अत्याचार के मामले में पूर्ववर्ती वामपंथी दलों की सरकार को पीछे छोड़ दिया है और लोकसभा चुनाव में जनता राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को करारा जवाब देगी। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न का मुद्दा उठाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की आलोचना की और इस मामले पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाए।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में प्रसाद ने कहा, ''संदेशखालि मुद्दा बहुत गंभीर होता जा रहा है। महिलाओं पर हमला, उनके साथ अमपानजनक व्यवहार और उनका यौन शोषण हमारे समाज और लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है।'' भाजपा नेता ने राज्य में इस तरह की घटनाओं का बचाव करने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और उनकी एवं अन्य विपक्षी पार्टियों की अंतरात्मा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ''जब ममता बनर्जी माकपा के अत्याचारों के खिलाफ (अतीत में) संघर्ष करती थीं और इसके खिलाफ अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठती थीं तब हम सभी उनके प्रशंसक बन गए थे और उनके संघर्ष की सराहना किए करते थे। ज्यादती और पुलिस दमन के मामले में मौजूदा सरकार ने तत्कालीन माकपा शासन को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है। उनकी अंतरात्मा कहां है?

प्रसाद ने कहा, ''ममता जी आपको जवाब देना होगा। ममता जी आपको इसकी कीमत चुकानी होगी। जनता आपको राजनीतिक जवाब देगी। कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर सुंदरबन की सीमाओं पर स्थित संदेशखालि इलाके में स्थानीय महिलाओं द्वारा फरार तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां और उनके समर्थकों पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रसाद ने संदेशखालि मुद्दे पर नहीं बोलने के लिए कांग्रेस, आप, वाम दलों और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की निंदा की और कहा कि उनकी चुप्पी उनके 'पाखंड और स्पष्ट दोहरे मापदंडों' का सबूत है।

जायसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में

इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से 15वें स्थान पहुंचे

दुबई, एजेंसी

युवा भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में पहुंच गये। वह अभी बल्लेबाजी रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज हैं। जायसवाल लगातार दो टेस्ट में दोहरे शतक जड़ने वाले सात क्रिकेटरों की जमात में शामिल हो गए।

जायसवाल इस तरह विनोद कांबली और विराट कोहली के बाद लगातार दो टेस्ट शतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय हैं। जायसवाल ने विशाखापत्तनम में



दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 209 रन जड़े। फिर राजकोट में दूसरी पारी में नाबाद 214 रन की पारी खेलकर उन्होंने भारत को इंग्लैंड पर 434 रन की बड़ी जीत दिलाई, जिससे घरेलू टीम ने श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि राजकोट में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे रविंद्र जडेजा भी पहली पारी में 112 रन की शतकीय पारी की बदौलत बल्लेबाजी रैंकिंग में 41वें से 34वें स्थान पर पहुंच गए। जडेजा ने मैच में 7 विकेट झटके थे, जिससे वह गेंदबाजी रैंकिंग में 3 पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गये। राजकोट में 500 टेस्ट विकेट के क्लब में शामिल हुए अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन एक पायदान ऊपर चढ़कर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गये।

जडेजा और अश्विन टेस्ट आल राउंडर रैंकिंग में पहले दो स्थानों पर कायम हैं। जडेजा ने आल राउंडर सूची में 416 से 469 की करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग से अपना स्थान मजबूत किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने राजकोट में पहली पारी में 131 रन बनाए थे। शुभमन गिल (91) 3 पायदान के लाभ से 35वें स्थान पर पहुंच गए। सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने रैंकिंग में 75वें और 100वें स्थान से प्रवेश किया। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं लेकिन वह सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड बेन डकेट पहली पारी में 153 रन की मदद से 12 पायदान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के केन वेलियमसन ने बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ा था जिससे वह सात टेस्ट में सातवें सैकड़े से अरविंद डा सिल्वा, मोहम्मद युसूफ और क्लाइड वालकॉट के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों की जमात में शामिल हो गये।

खराब फॉर्म में चल रहे बेयरस्टो को बाहर करने की कुक ने दी सलाह

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने भारत के खिलाफ रांची टेस्ट से विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को टीम से बाहर रखने की सलाह दी जो अभी तक श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। बेयरस्टो का भारत के खिलाफ श्रृंखला में प्रदर्शन काफी खराब रहा है। वह छह पारियों में शून्य, चार, 25, 26, 37 और 10 का स्कोर ही बना सके हैं, वहीं उनका औसत भी 17.00 रहा है। कुक ने

कहा, मैं खिलाड़ी के हित के लिए उसे बल्लेबाजी लाइन अप से बाहर करने की बात कह रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि अभी तक भारत का दौरा उसके लिए मुश्किल रहा है। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह फिर कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेगा, लेकिन अच्छा है कि ऐसे किसी खिलाड़ी को उतारा जाये जो अभी तक इस श्रृंखला में नहीं खेला हो। कुक ने बेयरस्टो की जगह डैन लारेंस को शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब आप रन नहीं जुटा रहे हो तो कुछ गेंदबाज आपके खिलाफ दबाव बनाकर लय बना लेते हैं इसलिए मैं डैन लारेंस को मौका दूंगा, लेकिन एक अन्य पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को लगता है कि इंग्लैंड टीम प्रबंधन बेयरस्टो का समर्थन करना जारी रखेगा। एथरटन ने कहा कि बेयरस्टो इस श्रृंखला के लिए अहम रहा है इसलिए मुझे नहीं लगता कि इस अहम मौके पर उसे छोड़ देंगे।

खेल डायरी

शीर्ष 100 से बाहर हुए सुमित नागल

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल 16 अंक गंवाने के कारण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए हैं। नागल एटीपी की नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीन पायदान नीचे 101वें स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल इसी सप्ताह नागल ने एक क्वालीफायर के रूप में चेन्नई चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण 41 अंक हासिल किए थे। नागल को इन अंकों का बचाव करना था लेकिन वह पिछले सप्ताह बेंगलुरु ओपन में केवल 25 अंक ही हासिल कर पाए। नागल ने इस साल चेन्नई ओपन का खिताब जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले भारत के कुछ खिलाड़ियों में अपना नाम लिखाया था। नागल अभी पुणे चैलेंजर में खेल रहे हैं। एकल में भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन हैं जो 42 पायदान की लंबी चलांग लगाकर 420वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके बाद शशि कुमार मुकुंद (457), एसडी प्रज्वल देव (595) और दिग्विजय प्रताप सिंह (623) का नंबर आता है। रोहन बोपन्ना युगल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं।

टखने की चोट से रियो ओपन से हटे अल्कराज़

रियो डी जनेरियो। दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज टखने की चोट के कारण रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं। पहले सेट में जब स्कोर 1-1 से बराबरी पर था तब अल्कराज को कोर्ट छोड़ना पड़ा। इससे ब्राजील के थियागो मोंटेइरो दूसरे दौर में पहुंच गए। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला हमवतन फेलिप मेलिगेनी अल्वेस से होगा। पहले गेम के शुरू में ही अल्कराज का टखना मुड़ गया लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मोंटेइरो की सर्विस तोड़ी। ब्राजील के खिलाड़ी ने हालांकि अगले गेम में हिसाब बराबर कर दिया। इसके बाद अल्कराज़ ने मोंटेइरो से हाथ मिलाया और कोर्ट से बाहर चले गए।

अमेरिका महिला फुटबॉल टीम 5-0 से जीती

कार्सन (अमेरिका)। ओलिविया मोल्ट्री के किए गए दो गोल की मदद से अमेरिका की महिला फुटबाल टीम ने शुरूआती कोंकाकाफ (उतरी, मध्य अमेरिका और कैरेबियाई देशों के फुटबॉल संघ का परिसंघ) महिला गोल्ड कप टूर्नामेंट के मैच में डोमिनिक गणराज्य को 5-0 से शिकस्त दी। ओलिविया (18 वर्ष) ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपना तीसरा मैच खेलते हुए मंगलवार की रात सातवें मिनट में और 58वें मिनट में दो गोल किए। अमेरिका के लिए अन्य तीन गोल लिन विलियम्स ने 30वें, जेना निग्सवोंगर ने 86वें और एलेक्स मोर्गन ने 90+2वें मिनट में किए। टूर्नामेंट में चार चार टीम के तीन ग्रुप हैं।

डब्ल्यूटीटी टीम चैंपियनशिपः भारतीय टीमें प्री क्वार्टरफाइनल में

बुसान (दक्षिण कोरिया)। हरमीत देसाई के निर्णायक पांचवां मैच जीतने से भारतीय पुरुष टीम बुधवार को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी जबकि महिला टीम ने 3-0 की आसान जीत से विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अंतिम 16 चरण में प्रवेश किया। पुरुष टीम को कजाखस्तान को 3-2 से हराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी लेकिन महिला टीम ने इटली को आसानी से 3-0 से शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष टीम अब मजबूत दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी जबकि महिला टीम का सामना बुधवार को चीनी ताइपे से होगा। हरमीत पहले मैच में किरिल गेरासिमेंको से 2-3 से हार गए जिसके बाद सीनियर साथी और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शरत कमल ने अलान कुरमांगालियेव से दो गेम पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से हराकर भारत को बराबरी पर ला दिया। जी साथियान ने फिर 3-1 की आसान जीत से भारत को 2-1 से आगे कर दिया। शरत कमल हालांकि अपना दूसरा एकल मैच में किरिल से 1-3 से हार गये। निर्णायक मैच में हरमीत ने संयम बनाये रखा और 3-1 की जीत से पुरुष टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंचा दिया। महिला वर्ग में श्रीजा अकुला ने निकोलेटा स्टेफानोवा को 3-0 से, मनिका बत्रा ने जियोर्जिया पिकोलीन को 3-0 से और अयहिका मुखर्जी ने गाइया मोनाफार्डिनी को 3-1 से हरा दिया जिससे टीम ने अंतिम 16 में प्रवेश किया।

तेज गेंदबाजों ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में अंतर पैदा किया: गिल

4 स्पिनरों ने 3 टेस्ट में 36 तो तेज गेंदबाजों ने 22 विकेट लिए

रांची, एजेंसी

शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि भले ही पिचें भारतीय तेज गेंदबाजों के पूरी तरह से पक्ष में नहीं रही हों लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट झटकने की उनकी काबिलियत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में काफी अंतर पैदा किया।

आर अश्विन (11 विकेट), रविंद्र जडेजा (12), कुलदीप यादव (8) और अक्षर पटेल (5) इन सभी 4 स्पिनरों ने मिलकर तीन टेस्ट में 36 विकेट चटकाए हैं लेकिन भारतीय तेज गेंदबाज अभी तक 22 विकेट हासिल कर पाउहैं। गिल ने कहा कि तेज गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार अच्छी गेंदबाजी कर टीम को आगे बनाए रखा। गिल ने शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले आयोजित मीडिया बातचीत के दौरान कहा कि हम भारत में जहां खेलें, विकेट स्पिनरों को थोड़ा मदद करते हैं। एश (अश्विन) भाई और जड्डू (जडेजा) भाई वैसे भी विकेट ले ही

लेंगे लेकिन हमारे तेज गेंदबाजों ने गेंदबाजी की है, उससे इस श्रृंखला में अंतर पैदा हुआ है। भारत हालांकि रांची टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के बिना होगा क्योंकि इस मुख्य तेज गेंदबाज को कार्यभार प्रबंधन के अंतर्गत आराम दिया गया है। उन्होंने अभी तक तीन टेस्ट में 17 विकेट झटके हैं और भारतीय गेंदबाजों में शीर्ष पर चल रहे हैं। लेकिन गिल ने कहा कि अन्य तेज गेंदबाजों को पास भी इन हालात का काफी अनुभव है जिससे वे प्रभाव डाल सकते हैं जिसके लिए उन्होंने मोहम्मद सिराज का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में चार विकेट झटके थे।

गिल ने कहा कि जैसा कि मैंने विराट भाई के बारे में कहा है, अगर 'बूम' भाई जैसा गेंदबाज नहीं खेल रहा है तो किसी भी टीम को उसकी कमी खलेगी, विशेषकर तब जब वह हमारे तेज गेंदबाजी आक्रमण का अगुआ हो। लेकिन अगर आप देखें तो सिराज ने पिछले मैच में अहम मौके पर 4 विकेट लिए थे।

उन्होंने कहा कि इसलिए मुझे लगता है कि सभी तेज गेंदबाजों के पास भारतीय परिस्थितियों का काफी अनुभव है, विशेषकर रिवर्स स्विंग गेंदबाजी का। गिल ने कहा कि कोहली और बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति युवा खिलाड़ियों के लिए बड़े मंच पर अपनी काबिलियत साबित करने का बेहतरीन मौका है। उन्होंने सरफराज खान का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जमाए। गिल ने कहा कि विराट भाई तीन टेस्ट से हमारे साथ नहीं हैं, उनकी अनुपस्थिति से असर पड़ता है। मुझे लगता है कि सरफराज ने अच्छा खेल दिखाया। इसलिये मुझे लगता है कि खिलाड़ी मिले मौकों का अच्छा फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों को विराट या बुमराह के नहीं होने से मौका मिला।

यशस्वी जायसवाल ऐसे ही खिलाड़ियों में से एक हैं जिसने मिले मौके का पूरा फायदा उठाया। जायसवाल पारी का आगाज करते हुए अब तक 546 रन बना चुके हैं जिसमें लगातार दो दोहरे शतक शामिल हैं।

उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने से मुझे निराशा हुईः गिल

शुभमन गिल के सामने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले कुछ चुनौतियां थी, जिनमें फॉर्म में वापसी करना भी शामिल था क्योंकि अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाने से वह निराश थे। गिल के लिए तीसरे नंबर पर उतरना नया अनुभव था। उन्होंने इस नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अभी तक 5 मैच की श्रृंखला के पहले 3 मैच में 252 रन बनाए हैं, जिसमें विशाखापत्तनम में खेली गई 104 रन की पारी और राजकोट में बनाए गए 91 रन भी शामिल हैं।

रांची की पिच पर मुकाबला बराबरी का होगा: पोप

रांची, एजेंसी

- हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में 'स्पोर्टिंग पिच'

इंग्लैंड के उप कप्तान ओली पोप ने बुधवार को कहा कि चौथे टेस्ट में 'टर्न' लेती पिच से उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि मुकाबले में शुरू से ही स्पिनरों को मदद मिलने से मुकाबला बराबरी का हो जाएगा। हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में सभी टेस्ट में 'स्पोर्टिंग पिच' (जिसमें स्पिनरों और तेज गेंदबाजों तथा बल्लेबाजों को मदद मिले) थीं जो मुख्य रूप से स्पिनरों के लिए मुफीद नहीं थी बल्कि इसमें सभी के लिए कुछ न कुछ मौजूद था।

पोप ने कहा, अगर यह पहली गेंद से स्पिन होती है तो इससे टॉस की भूमिका महत्वहीन हो जायेगी। इससे मैदान पर बराबरी की टक्कर होगी। कई दफा शुरू में विकेट सपाट होता है लेकिन फिर यह खराब होने लगता है। हमने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहला टेस्ट जीता। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पिछले दो टेस्ट जीते। अगर आप थोड़े सपाट विकेट पर पहले बल्लेबाजी करते हैं तो इससे नतीजा तय नहीं होता लेकिन इससे आपको फायदा मिलता है। हैदराबाद में इंग्लैंड के नायकों में एक पोप को लगता है कि जिस विकेट पर अच्छा टर्न मिलेगा, इससे उन्हें विकेट झटकने के विकल्प मिल जाएगे। उन्होंने कहा, हम जैसी उम्मीद लगाए हैं, अगर यह थोड़ा इसी तरह बर्ताव करेगा तो हमारा मैच में पलड़ा भारी होगा। हमारे पास कुछ युवा स्पिनर हैं, उन्होंने अच्छी पिचों पर अच्छी गेंदबाजी की है। इससे निश्चित रूप से हमें विकेट झटकने के मौके मिलेंगे।

उन्होंने सपाट पिच पर अच्छा काम किया है। पोप ने भारतीय स्पिनरों के असर को कम करने के लिए स्वीप शॉट का सहारा लिया था और 196 रन की पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा हमने महसूस किया कि जडेजा, अश्विन और कुलदीप स्पिन लेती पिचों पर किस तरह का खतरा पैदा कर सकते हैं। पोप ने कहा, हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें दबाव में बनाये रखना होगा जैसा हमने हैदराबाद में दूसरी पारी में किया था। अगर पिच वैसे स्पिन करती है तो टेस्ट से पहले हमारा काफी मनोबल बढ़ा होगा।

रांची टेस्ट मैच के दौरान फिर से धोनी से मिलना चाहते हैं जुरेल

रांची, एजेंसी

युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के दौरान फिर से करिश्माई पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से मिलने की तमन्ना रखते हैं। राजकोट में भारत की पहली पारी में 46 रन बनाकर शानदार पदार्पण करने वाले जुरेल 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में अपने पहले वर्ष के दौरान केवल एक बार धोनी से मिले हैं। लेकिन यह विकेटकीपर फिर

से धोनी से मिलकर उनसे ज्यादा से ज्यादा चीजें सीखना चाहता है। जुरेल ने कहा कि माही भाई से मिलना मेरा सपना है। पिछली बार मैं आईपीएल में उनसे मिला था लेकिन मैं भारतीय जर्सी में उनसे मिलना चाहता हूं। जब भी मैंने उनसे बात की है, मुझे कुछ चीजें सीखने को ही मिली हैं जिससे मुझे मेरे क्रिकेट में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि मैं रांची में माही भाई से मिलने और उनसे बात करने की कोशिश करूंगा। जुरेल ने कहा कि मैं खड़े होकर उन्हें देख रहा था कि क्या धोनी मेरे सामने खड़े हैं।

भारतीय महिला टीम ने एस्तोनिया को हराया

अलान्या (तुर्की), एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम ने स्ट्राइकर मनीषा कल्याण के दो गोल के दम पर बुधवार को तुर्की महिला कप में एस्तोनिया को कड़े मुकाबले में 4-3 से शिकस्त दी जो उसकी किसी यूरोपीय देश के खिलाफ पहली जीत है। चाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम ने इतिहास रच दिया क्योंकि भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने कभी भी यूएफा परिसंघ की टीम के खिलाफ आधिकारिक मुकाबले में जीत दर्ज नहीं की थी।

पहले हाफ के बाद दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर चल रही थीं। मनीषा ने 17वें और 81वें मिनट में दो गोल दागे जबकि इंदुमति काथिरेसन (62वें मिनट) और प्यारी खाका

(79वें मिनट) ने भारत के लिए अन्य गोल दागे। एस्तोनिया की ओर से लिसेटे तामिक ने 32वें मिनट, व्लाडा कुबासोवा ने 88वें मिनट और मारी लिस लिलेमाए ने 90वें मिनट में गोल किये। मैच में भारतीय टीम की शुरूआत काफी अच्छी रही जिसने मनीषा के गोल से बढ़त हासिल की। एस्तोनिया ने हालांकि तामिक के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। लेकिन इंदुमति, खाका और मनीषा ने स्कोर 4-1 कर दिया जिससे लग रहा था कि भारतीय टीम बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी। लेकिन मैच के अंतिम छोर में व्लाडा ने 88वें मिनट में और मैरी ने 90वें मिनट में गोल दाग दिये। पर भारतीय डिफेंस ने मैच के दौरान शानदार प्रदर्शन किया और भारत ने यादगार जीत दर्ज की। भारत ने जवाबी हमले से एस्तोनिया पर हमले करने के इरादे से शुरूआत की जिसके लिए उसने अपनी तेज विंगर का इस्तेमाल किया और प्रतिद्वंद्वी टीम को बॉक्स के करीब जाने दिया।

फ़िल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा के निर्माता-निर्देशक अजय सिन्हा की भोजपुरी फिल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज हो गई है। अजय ने कहा कि हमने एक शानदार फिल्म बनाई थी, जो दर्शकों को पसंद आ रही है। सेंसर बोर्ड ने फिल्म से कई सीन कटवाए, बावजूद रिलीज के बाद इसका कोई असर फिल्म पर नहीं दिख रहा है। लोग फिल्म को पसंद कर रहे हैं। यह हमारे लिए शानदार खबर है और हम दर्शकों को धन्यवाद देते हैं कि आपको हमारी फिल्म पसंद आ रही है। मैं दर्शकों से ये ही आग्रह करूंगा कि जिन्होंने फिल्म देख ली है, वो आगे भी अपने दोस्तों और परिजनों को फिल्म देखने के लिए प्रेरित करें। इस फिल्म में कहानी और संवाद के साथ गीत संगीत भी आपके मन को मंत्रमुग्ध करने वाले हैं और साथ ही एक सार्थक संदेश भी है, जो युवा पीढ़ियों के लिए आवश्यक है।

आर्टिकल 360 के लिए यामी सीख रहीं हथियार चलाना

अभिनेत्री यामी गौतम आर्टिकल 360 में एक खुफिया अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म में अपने प्रदर्शन को काफी तैयारी कर रही हैं। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अपनी कला के प्रति समर्पण के लिए मशहूर यामी गौतम अपनी आगामी एक्शन-पॉलिटिकल थ्रिलर, आर्टिकल 360 के साथ पूरी तरह से नई रोशनी में अपना कौशल दिखाने के लिए तैयार हो रही हैं। अपने परिवर्तनकारी प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने गहन तैयारी शुरू कर दी है। अपने चरित्र में प्रामाणिकता और गहराई लाने की खोज में यामी गौतम ने सैन्य सलाहकार लेफ्टिनेंट कर्नल केशवेंद्र सिंह (सेवानिवृत्त) और हथियार प्रशिक्षण प्रशिक्षक, भूषण वर्तक (एनएसजी) के साथ कई हफ्तों तक 1.5 से 2 घंटे का कठोर प्रशिक्षण सत्र समर्पित किया, जिससे उन्हें निखारा जा सके। बॉम्बे और दिल्ली दोनों में अभ्यास हॉल में शारीरिक और युद्ध कौशल। उन्होंने राइफल शूटिंग, युद्ध तकनीकों की बारीकियों को गहराई से समझा, यह सुनिश्चित किया कि हर पंच, किक और चाल स्क्रीन पर प्रामाणिकता और सटीकता के साथ गूंजती है।

लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी

मुंबई, एजेंसी। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स से गोल्डी यादव और लवली काजल का नया होली गीत 'गलिया प रंगवा लगईता' रिलीज किया गया है। गाने में लवली काजल होली के त्योहार में मदमस्त होकर नाच रही हैं। वही अपनी सहेलियों से अपने पिया के बारे में चर्चा कर रही हैं। गाने में लवली काजल कहती है कि सरधा ई बाटे कि हमरा हो हाथे, दूध में से पुआ तू त खइता, होलिया में पिया मोर अइता, आके होलिया में रंगवा लगइता। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी प्रस्तुत होली गीत गलिया प रंगवा लगईता को गोल्डी यादव ने गाया है। वही इसमें लवली काजल ने परफॉर्म किया है। इस गाने के गीतकार मुकेश मिश्रा हैं। गाने का संगीत विक्की बॉक्स ने दिया है। गाने का निर्माण निर्माता रत्नाकर कुमार ने किया है। इसके निर्देशक सुनील बाबा हैं। कोरियोग्राफ गोल्डी, सनी, एडिटर आलोक यादव, डीआई रोहित सिंह, मिक्स मास्टर अंकित अहीर ने किया है। गाने के राइट्स वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के पास हैं।

नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। मैड्ज मूवी प्रस्तुत, वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी हैं। इसका ट्रेलर इंटर 10 रंगीला पर रिलीज हुआ है। निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं और निर्देशक काली प्रसाद सिंह हैं।

शाहरूख को जवान के लिए मिला 'दादा साहब फाल्के अवॉर्ड'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का 'दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड' दिया गया। नयनतारा को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (निगेटिव रोल) - बॉबी देओल (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक्स कैटेगरी में) विकी कौशल (सैम बहादुर के लिए) दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड से सम्मानित किए गए। शाहरुख खान ने कहा कि कई सालों से मुझे बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड नहीं मिला था। मुझे लगने लगा था कि अब यह अवॉर्ड मुझे नहीं मिलेगा। मैं इस अवॉर्ड को पाकर बहुत खुश हूं, मुझे अवॉर्ड पाकर हमेशा ही अच्छा लगता है। ट्रॉफीज मुझे आकर्षित करती हैं। मैंने लोगों का मनोरंजन करने की कोशिश की है। अब मुझे लगता है कि मेरी मेहनत रंग लाई है। मैं जवान देखने वाले दर्शकों का भी शुक्रिया करता हूं।

विक्की ने दादा साहब फाल्के अवार्ड भारतीय सेना को किया समर्पित

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता विक्की कौशल ने दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड सेना को समर्पित किया है। विक्की कौशल ने फिल्म 'सैम बहादुर' में अपने किरदार के लिए बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) का पुरस्कार पाया है। विक्की कौशल इस अवॉर्ड को लेने के लिए खुद नहीं जा सके, ऐसे में उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है। वीडियो में विक्की ने कहा, सैम बहादुर में मेरे काम के लिए मुझे बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) के अवार्ड से सम्मानित करने के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार की जूरी को धन्यवाद। क्षमा करें, कुछ कारणों से मुझे मुंबई से बाहर यात्रा करनी पड़ी, मैं कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पा रहा हूं, लेकिन धन्यवाद; यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह बड़ा सम्मान है, और मैं निर्देशक मेघना गुलजार, निर्माता रोनी स्क्रूवाला और 'सैम बहादुर' की टीम (जिसमें सभी तकनीशियन, लेखक और मेरे सह-अभिनेता हैं) के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनके समर्थन ने मुझे सक्षम बनाया, जिनकी वजह से मैं बेस्ट दे पाया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

बंधन

बॉलीवुड कपल रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी एक-दूसरे के हो गए हैं। जैकी और रकुल दुल्हा-दुल्हन बने प्यारे लग रहे हैं। कपल ने इंस्टाग्राम पर खुद वेडिंग फोटोज शेयर की है।

एक नजर

ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां प्रबंधक की मौत, जांच

लंदन। ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां के 36 वर्षीय एक प्रबंधक की साइकिल से घर जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। ब्रिटेन की पुलिस इस मामले की जांच हत्या के दृष्टिकोण से कर रही है। पुलिस इस सिलसिले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। विग्नेश पट्टाभिरमण 14 फरवरी को दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के रीडिंग इलाके में भारतीय रेस्तरां में अपने कार्यस्थल से साइकिल से घर वापस आ रहे थे कि तभी रास्ते में कैडुगन प्लेस जंक्शन पर एक वाहन से उनकी टक्कर हो गई। टेम्स वैली पुलिस ने कहा कि विग्नेश को रॉयल बर्कशायर अस्पताल ले जाया गया वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टेम्स वैली पुलिस की प्रमुख अपराध इकाई के वरिष्ठ जांच अधिकारी स्टुअर्ट ब्रैंगविन ने कहा, हमारी संवेदनाएं श्री रमण के परिवार के साथ हैं। अधिकारियों द्वारा उनके परिवार के साथ विशेष रूप से सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम उनकी मौत की परिस्थितियों की जांच कर रहे हैं और अब इस सिलसिले में गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

इजरायली मिसाइल ने दमिश्क को बनाया निशाना

यरूशलेम। इजरायली सेना ने बुधवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक आवासीय इमारत पर मिसाइल हमले किए। राज्य मीडिया और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' ने कहा कि इजरायली सेना ने काफर सौसा में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया लेकिन कोई विस्तृत विवरण नहीं दिया। इस बीच सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि इजरायली हमले में चाम सिटी सेंटर शॉपिंग मॉल के पास एक आवासीय अपार्टमेंट और काफर सौसा में एक ईरानी स्कूल को निशाना बनाया गया।

सीमा विवादः भारतीय पक्ष ने डेपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला

भारत-चीन ने सैन्य वार्ता की, समाधान का संकेत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में साढ़े तीन साल से अधिक पुराने सीमा विवाद को हल करने के लिए नए दौर की उच्चस्तरीय सैन्य वार्ता की, जिसमें दोनों पक्ष जमीन पर "शांति और स्थिरता" बनाए रखने पर सहमत हुए लेकिन गतिरोध के समाधान का कोई संकेत नहीं दिखा। भारत-चीन कोर कमांडर स्तर की 21वें दौर की वार्ता 19 फरवरी को चुशूल-मोल्डो सीमा बैठक बिंदु पर आयोजित की गई।

घटनाक्रम से परिचित लोगों ने कहा कि भारतीय पक्ष ने डेपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला, लेकिन बातचीत में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष समाधान के आगे के तरीकों पर उचित सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। इसने कहा कि दोनों पक्षों ने मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण" माहौल में हुई वार्ता में मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्ष उचित सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से आगे के रास्ते पर संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। उन्होंने अंतरिम रूप से सीमावर्ती

- **20वें दौर की सैन्य वार्ता 9 और 10 अक्टूबर को हुई थी**

क्षेत्रों में जमीन पर शांति बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई। इससे पहले, 20वें दौर की सैन्य वार्ता 9 और 10 अक्टूबर को हुई थी। वार्ता के उस दौर के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा था कि दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ शेष मुद्दों के शीघ्र और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए स्पष्ट, खुले और रचनात्मक तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया। पिछले महीने थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा था कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति "स्थिर", लेकिन "संवेदनशील" है। उन्होंने कहा था कि किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए भारतीय सैनिकों की अत्यधिक उच्च स्तर की अभियानगत तैयारी बरकरार है। जनरल पांडे ने यह भी कहा था कि भारत और चीन दोनों 2020 के मध्य में मौजूद रही "यथास्थिति" पर लौटने के उद्देश्य से सैन्य और राजनयिक स्तरों पर बातचीत जारी रखे हुए हैं।

लद्दाख सीमा पर गतिरोध भी हुआ था पैदा

वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लेह मुख्यालय वाली 14वीं कोर के कमांडर ने किया जबकि चीनी दल का नेतृत्व दक्षिण शिनजियांग सैन्य जिले के कमांडर ने किया। भारत कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हो गया था। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी तल्खी आ गई थी। यह दो दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे बड़ा सैन्य संघर्ष था।

इंदौर के युवा पेशेवर ने थाईलैंड की महिला से रचाई शादी

इंदौर। जिले के जिलाधिकारी कार्यालय ने दो अलग-अलग संस्कृतियों के जोड़े की शादी पर सरकारी मोहर लगा दी है। शहर के एक युवा पेशेवर ने थाईलैंड की एक महिला के साथ अपनी शादी को इस कार्यालय में पंजीकृत कराया है। प्रशासन के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) रोशन राय ने बताया कि इंदौर के प्रतीक दीक्षित ने थाईलैंड की सुपात्रा से मंगलवार को विशेष विवाह अधिनियम के तहत अपनी शादी पंजीकृत कराई और इस जोड़े के नाम इसका प्रमाणपत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि वर या वधू में से कोई भी एक व्यक्ति भारतीय नागरिक हो, तो जोड़े की शादी को देश के विशेष विवाह अधिनियम के तहत पंजीकृत किया जा सकता है। दूल्हे प्रतीक दीक्षित ने बताया, सुपात्रा पहले मेरे साथ एक बैंक में काम करती थीं। मैं अपनी पहली नौकरी के दौरान उनसे पुणे में मिला था। उन्होंने बताया कि सुपात्रा की मां, दीदी और बहनोई उनकी शादी में शामिल होने थाईलैंड से इंदौर आए। दुल्हन सुपात्रा ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, मैं अपनी शादी से निश्चित तौर पर उत्साहित हूं, पर अभी मीडिया के कैमरों से मुझे थोड़ी घबराहट भी हो रही है।

पाकिस्तान में शहबाज फिर बनेंगे पीएम आसिफ जरदारी दूसरी बार होंगे राष्ट्रपति

पीपीपी और पीएमएल-एन के बीच नई गठबंधन सरकार पर सहमति बनी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच सरकार गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने यह जानकारी दी।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने मंगलवार देर रात घोषणा की कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे। बिलावल ने संवाददाताओं से कहा, पीपीपी और पीएमएल-एन के पास पर्याप्त संख्या बल है और हम सरकार बनाने की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) केंद्र में सरकार बनाने के लिए संसद में बहुमत हासिल नहीं कर सके।



- **पीपुल्स पार्टी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने की घोषणा**

इस दौरान शहबाज शरीफ ने कहा कि पीपीपी के साथ सरकार बनाने के लिए उनकी पार्टी पीएमएल-एन के पास अब आवश्यक संख्या बल है। साथ ही उन्होंने वार्ता के सकारात्मक निष्कर्ष के लिए दोनों दलों के नेतृत्व को धन्यवाद दिया। इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री खान की पार्टी पीटीआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीपीपी और पीएमएल-एन गठबंधन पर निशाना साधा है। जियो न्यूज ने बताया कि पीएमएल-एन के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों दलों की समन्वयक समिति के मंगलवार को समझौते पर सहमत होने के बाद एक और कार्यकाल के लिए नामित होंगे। पीपीपी के पूर्व अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए नामित होंगे।

नए सिरे से चुनाव कराने की याचिका खारिज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित अनियमितताओं को लेकर नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध करने वाली एक याचिका को लोकप्रियता हासिल करने का हथकंडा बताते हुए खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने अदालत के समक्ष पेश न होने को लेकर पूर्व सैन्य अधिकारी व याचिकाकर्ता पर जुर्माना भी लगाया। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर अली खान ने पिछले सप्ताह उच्चतम न्यायालय से निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए न्यायपालिका की निगरानी में 30 दिन के भीतर नए चुनाव कराने का आदेश देने का अनुरोध किया था। उन्होंने इस मामले के निस्तारण तक नई सरकार के गठन पर रोक लगाने का आदेश देने का भी अनुरोध किया था। हालांकि, याचिकाकर्ता लगातार दो बार सुनवाई के दौरान पेश नहीं हुआ। इसके बाद पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा, न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली की पीठ ने याचिका का निस्तारण कर दिया और याचिकाकर्ता पर 5,00,000 पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया।

पाकिस्तान में आम चुनाव में गड़बड़ी के आरोपों की व्यापक तरीके से जांच होनी चाहिए : अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका ने कहा है कि पाकिस्तान में हाल में संपन्न आम चुनावों में हस्तक्षेप या गड़बड़ी के आरोपों की देश के कानूनों और प्रक्रियाओं के तहत पारदर्शी तरीके से व्यापक जांच की जानी चाहिए। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। मिलर चुनाव में धांधली के संबंध में रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे। वरिष्ठ पाकिस्तानी नौकरशाह ने 17 फरवरी को आरोप लगाया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश आठ फरवरी को हुए चुनावों में "गड़बड़ी" में शामिल थे। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संसद में सबसे बड़े समूह के रूप में उभरने और सामने आए जनादेश के बारे में पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में मिलर ने कहा, मैं पाकिस्तान के आंतरिक मामले में नहीं पड़ना चाहता। उन्होंने कहा कि वह यह मामला पाकिस्तान पर छोड़ देंगे लेकिन हम चाहते हैं कि गड़बड़ी के किसी भी दावे या अनियमितताओं के आरोपों की पूरी जांच हो।

रायसीना डायलॉग 2024

नई दिल्ली में कार्यक्रम के दौरान ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

ब्रिक्स के आवेदन पर जल्द विचार की उम्मीद में पाकिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी : पाकिस्तान को विश्व की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं के संगठन 'ब्रिक्स' में शामिल होने के अपने आवेदन पर जल्द ही विचार होने की उम्मीद है। पाकिस्तान की सीनेट की रक्षा समिति के अध्यक्ष मुशाहिद हुसैन सैयद ने स्पूतनिक से कहा कि उनके देश को 'ब्रिक्स' में शामिल होने के अपने आवेदन पर जल्द ही विचार होने की उम्मीद है और पाकिस्तान की उपस्थिति से ब्लॉक और मजबूत होगा।

उत्तरी गाजा में अराजकता के कारण खाद्य पदार्थ की आपूर्ति रोकी गई

रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी

विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने मंगलवार को कहा कि इजराइल-फलस्तीन युद्ध के कारण पूरे क्षेत्र में बढ़ती अराजकता के बीच उसने उत्तरी गाजा में खाद्य पदार्थ की अपूर्ति रोक दी है, जिससे भुखमरी की आशंका बढ़ गयी है।

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) द्वारा किए गए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है कि उत्तरी गाजा में छह में से एक बच्चा अत्यंत कुपोषित है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार पिछले दो हफ्तों में बढ़ते युद्ध के कारण ट्रकों का प्रवेश आधा हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों और राहत-बचाव कर्मियों ने कहा कि इजराइल की बमबारी और जमीनी हमलों के बीच ट्रकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उसकी नाकामी के कारण ट्रकों का आगमन और खाद्य पदार्थ का वितरण बाधित हुआ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा न मुहैया कराने के कारण भुखमरी का सामना कर रहे फलस्तीनी अक्सर खाद्य पदार्थ से लदे इन ट्रकों पर टूट पड़ते हैं।

नीट-यूजीः पांच मई को 14 विदेशी शहरों में होगी मेडिकल प्रवेश परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

मेडिकल के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) पांच मई को 14 विदेशी शहरों के परीक्षा केंद्रों पर भी आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को यह घोषणा की। यह कदम एनटीए को उम्मीदवारों से अनुरोध मिलने के बाद उठाया गया है, क्योंकि इस महीने की शुरुआत में परीक्षा के संबंध में जारी सूचना बुलेटिन में परीक्षा देने के लिए भारत के बाहर केंद्रों का कोई उल्लेख नहीं था।

एनटीए की वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा) साधना पाराशर ने कहा, यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा 12 देशों के 14 विदेशी शहरों में भी आयोजित की जाएगी।

- **नीट-यूजी परीक्षा पूरे भारत में 554 केंद्रों पर आयोजित होगी**

जिन 14 विदेशी शहरों में परीक्षा आयोजित की जाएगी, उनमें दुबई, अबू धाबी, शारजाह (यूएई), कुवैत शहर (कुवैत), बैंकॉक (थाईलैंड), कोलंबो (श्रीलंका), दोहा (कतर), काठमांडू (नेपाल), कुआलालंपुर (मलेशिया), लागोस (नाइजीरिया), मनामा (बहरीन), मस्कट (ओमान), रियाद (सऊदी अरब) और सिंगापुर शामिल हैं।

नीट-यूजी परीक्षा पूरे भारत में 554 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पाराशर ने कहा, जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही भारत में केंद्रों का चयन कर लिया है और विदेशी केंद्रों के विकल्प के बिना शुल्क का भुगतान कर दिया है, लेकिन वे भारत के बाहर के केंद्रों पर परीक्षा देना चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण खिड़की पर सेवा समाप्त होने के बाद केंद्र और देश की पसंद में बदलाव करने का अवसर मिलेगा। नीट-यूजी आयुर्विज्ञान तथा शल्य-चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस), दंत चिकित्सा स्नातक (बीडीएस), आयुर्वेद, औषधि एंव शल्य चिकित्सा स्नातक (बीएएमएस), सिद्ध औषधि एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (बीएसएमएस) और यूनानी औषधि एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (बीयूएमएस) समेत अन्य मेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि नौ मार्च है जबकि परीक्षा का परिणाम 14 जून को घोषित किया जाएगा।

भारतीय रेस्तरां प्रबंधक पर सात साल का प्रतिबंध

लंदन। पूर्वी इंग्लैंड में एक भारतीय रेस्तरां के प्रबंधक पर बांग्लादेश से तीन श्रमिकों की अवैध भर्ती करने के लिए कंपनी के निदेशक के रूप में सात साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इकबाल हुसैन (51) ने हर्टफोर्डशायर के स्टैनस्टेड एबॉट्स क्षेत्र में स्थित टेस्ट ऑफ राज' में श्रमिकों को काम पर रखा था। 2020 में आव्रजन प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा रेस्तरां पर छापा मारने के बाद यह जानकारी सामने आई। ब्रिटेन की परिसमापन सेवा ने हुसैन पर 2031 तक व्यवसाय चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आवश्यक जांच सुनिश्चित करने में इकबाल हुसैन की विफलता के परिणामस्वरूप आव्रजन, शरण और राष्ट्रीयता अधिनियम 2006 के उल्लंघन में तीन अवैध श्रमिकों को रोजगार मिला।

जागरूकता अभियान

मेरठ : उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी मतदान जागरूकता अभियान के तहत हाथों में तख्तियां लिए हुए।

ट्रंप की संभावित उपराष्ट्रपति की सूची में रामास्वामी का नाम

वाशिंगटन। जैव प्रौद्योगिकी उद्यमी से राजनीतिक नेता बने भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी उन नामों में शामिल हैं, जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनावों के लिए अपने संभावित साथी यानी उपराष्ट्रपित के रूप में विचार कर रहे हैं। पोलिटिको डाट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, फॉक्स न्यूज 'टाउन हॉल' कार्यक्रम के दौरान मेजबान ने ट्रंप से उपराष्ट्रपति पद लिए उनकी पसंद के छह संभावित विकल्पों के बारे में पूछा। इस पर ट्रंप ने दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस, हवाई की पूर्व सांसद तुलसी गेबार्ड, विवेक रामास्वामी, फ्लोरिडा के प्रतिनिधि बायरन डोनाल्ड्स और साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम नाम लिया।

हिमाचल में बर्फबारी, 387 मार्गों पर आवाजाही बंद

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय और पर्वतीय इलाकों पर एक बार फिर से बर्फबारी और बारिश होने के बाद बुधवार को लोगों ने कंपकंपाती ठंड का अनुभव किया और न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। राज्य आपात प्रतिक्रिया केंद्र ने बताया कि चार राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 387 मार्गों पर बर्फबारी की वजह से वाहनों की आवाजाही बंद हो गयी और बिजली के 895 ट्रांसफार्मर ठप पड़ गये।

लाहौल और स्पीति में सबसे ज्यादा 288 मार्गों पर आवाजाही बाधित हुई। वहीं चंबा और कुल्लू में क्रमशः 77 और 12 मार्गों पर वाहन नदारद दिखे। कोकसर और अटल टनल के इलाकों में 45 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई, वहीं सिस्सू और कोठी में 30 सेंटीमीटर तक बर्फबारी दर्ज

- **बिजली के 895 ट्रांसफार्मर भी ठप पड़े**

की गई। केलांग, कुसुमसेरी और भारमौर में क्रमशः 18 सेंटीमीटर, 15.3 सेंटीमीटर और आठ सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गयी। केंद्र के मुताबिक, मनाली में सबसे अधिक 29 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मनाली के बाद सलूनी, तिस्सा और चंबा में क्रमशः 25.3, 20 और 16 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं सियोबाग और बैजनाथ में क्रमशः 11 और आठ मिलीमीटर बारिश हुई। पूरे क्षेत्र में न्यूनतम तापमान कुछ डिग्री तक गिर गया और कई स्थानों पर तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। आपात केंद्र के मुताबिक, कुसुमसेरी इलाका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान शून्य से 7.1 डिग्री नीचे तक गिर गया।

खोजबीन | प्लूटो से बाहर हो सकती है इसकी कक्षा, अमेरिकी संस्था पैन-स्टारआरएस तलाश में जुटी

9वें ग्रह के छिपे होने के संकेत आए सामने

कार्यालय संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचारः हमारे सौर मंडल के 9 वां ग्रह प्लैनेट एक्स के छिपे होने के संकेत मिले है। यह ग्रह प्लूटो की कक्षा के बाहर छिपा हो सकता है। बहरहाल अमेरिकी संस्था पैन-स्टारआरएस के जरिए इस ग्रह की तलाश में जुटी हुई है।

लंबा समय बीत चुका है, लेकिन प्लैनेट 9 का रहस्य बना हुआ है। वैज्ञानिकों इसका अस्तित्व होने का दावा कर बहुत पहले कर चुके हैं। भारतीय पुराणों के अनुसार भी हमारे सौर मंडल में 9 ग्रह होने की बात कही गई है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस ग्रह के कारण सौर मंडल में इसकी हलचल होने यानी गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव का पता चलता रहा है। मगर, अभी तक इसे देखा नहीं जा सका है। हाल ही में द

- **कैलटेक खगोल विज्ञान के प्रो माइक ब्राउन इस ग्रह की तलाश में जुटे हुए हैं**
- **अध्ययन में इस ग्रह को मायावी ग्रह माना गया है**

एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में ताजा शोध प्रकाशित हुआ है। जिसमें इस ग्रह को अध्ययन में मायावी ग्रह माना गया है और अभी तक के अध्ययन में इसके संभावित रूप से सौर मंडल के बाहरी क्षेत्र बौने ग्रह प्लूटो की कक्षा से परे परिक्रमा करने की बात कही गई है।

यह शोध प्लैनेट नाइन के संभावित स्थानों को चयनित करता है और इसके गठन के साथ विकासवादी प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। इस कारण इस शोध को अहम माना जा रहा है।

कैलटेक खगोल विज्ञान के प्रो माइक ब्राउन इस ग्रह की तलाश में जुटे हुए हैं। उनका कहना है कि पैन-स्टारआरएस के जरिए पैनोरमिक सर्वे टेलीस्कोप से इसके आगे की तलाश की जाएगी। अब तक गणना के अनुसार सौर मंडल के लगभग 78 प्रतिशत संभावित स्थानों को हटा दिया गया है और अब सिर्फ 28 फीसद भाग में ही तलाश की जाएगी।

प्लैनेट 9 के द्रव्यमान का अनुमान भी लगा लिया

इस ग्रह के द्रव्यमान का अनुमान वैज्ञानिक लगा चुके हैं। पृथ्वी से इसका द्रव्यमान अधिक है और मायावी जैसा व्यवहार कर रहा है। जिस कारण इसका पता लगाने में मुश्किल हो रही है। बहरहाल इसे बड़ी खोज माना जा रहा है। यदि सफलता मिली तो सौर मंडल के कुछ और रहस्य उजागर होंगे।

घर पर प्रसव का प्रयास महिला और शिशु की मौत

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

करक्कमंडपम में मंगलवार शाम किराये के एक घर में एक्यूपंक्चर उपचार के माध्यम से प्रसव कराने की कोशिश में 36-वर्षीया एक महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। जैसे ही चौंकाने वाली यह घटना सामने आई, महिला के पति नयाज को सुबह नेमोम पुलिस ने हिरासत में ले लिया। नयाज पूनथुरा का रहनेवाला है और साउंड सिस्टम से संबंधित काम करता है। पुलिस ने इस घटना में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, महिला शेमीरा बीवी चौथी बार मां बनने वाली थी और उसने गर्भावस्था की नौ महीनों की अवधि में कभी चिकित्सक से परामर्श नहीं लिया

- **महिला शेमीरा बीवी चौथी बार बनने वाली थी मां**

था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दंपती ने कथित तौर पर एक डॉक्टर के बजाय एक एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ की मदद ली जो उनके किराये के घर पर अक्सर आता रहता था। महिला को मंगलवार को कुछ समस्या पैदा हो गयी थी और आखिरकार शाम को उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला और उसके नवजात को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही महिला और नवजात शिशु की मौत की खबर फैली, स्थानीय पार्षद, आशा कार्यकर्ता और पड़ोसी नयाज के खिलाफ मुखर हुए और आरोप लगाया कि वह (नयाज) अपनी पत्नी को न तो चिकित्सक से परामर्श लेने देता था, न ही उचित इलाज कराने की अनुमति देता था।